ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● वैशाख कृष्ण पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2080 ● रविवार, 09 अप्रैल 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-67 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

रवीना टंडन ने 'पद्मश्री' जीतने पर सवाल...
पेज 12 पर






# राष्ट्रपति मुर्मू ने सुखोई में भरी उड़ान

### वायु सेना स्टेशन लौटने से पहले राष्ट्रपति ने हिमालय के ऊपर ब्रह्मपुत्र और तेजपुर घाटी को कवर करते हुए लगभग 30 मिनट तक भरी उड़ान

**एजेंसी। गुवाहाटी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से ऐतिहासिक उड़ान भरी। वह इस तरह की उड़ान भरने वाली दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में असम की तीन दिवसीय यात्रा पर गईं राष्ट्रपति ने वायु सेना स्टेशन लौटने से पहले हिमालय के ऊपर ब्रह्मपुत्र और तेजपुर घाटी को कवर करते हुए लगभग 30 मिनट तक उड़ान भरी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि विमान को 106 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन नवीन कुमार ने उड़ाया। विमान ने समुद्र तल से करीब 2 किलोमीटर की ऊंचाई पर और करीब 800 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरी। बाद में राष्ट्रपति ने आगंतुक पुस्तिका में एक संक्षिप्त नोट लिखकर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

उन्होंने लिखाः भारतीय वायु सेना के शक्तिशाली सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरना मेरे लिए एक प्राणपोषक अनुभव था। यह गर्व की बात है कि भारत की रक्षा क्षमताओं में भूमि, वायु व समुद्र की सभी सीमाओं को कवर करने के लिए अत्यधिक विस्तार हुआ है। मैं इस सॉर्टी के आयोजन के लिए भारतीय वायु सेना और वायु सेना स्टेशन तेजपुर की पूरी टीम को बधाई देती हूं। राष्ट्रपति को विमान और भारतीय वायु सेनाकी परिचालन क्षमताओं के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने भारतीय वायुसेना की परिचालन तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया।

#### लड़ाकू विमान में उड़ान भरने वाली चौथी राष्ट्रपति

**द्रौपदी** मुर्मू पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम, कोविंद और प्रतिभा पाटिल के बाद किसी लड़ाकू विमान में उड़ान भरने वाली चौथी भारतीय राष्ट्रपति हैं। हालांकि, उनके पूर्ववर्तियों ने पुणे वायुसेना अड्डे से उड़ान भरी थी। राष्ट्रपति अपना तीन दिवसीय असम दौरा पूरा कर दोपहर करीब साढ़े 12 बजे तेजपुर से रवाना हो गईं। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को गुवाहाटी में गजराज महोत्सव-2023 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रकृति और मानवता के बीच पवित्र रिश्ता होता है।

## NEWS इन ब्रीफ

### राज्यपाल राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल ने नई दिल्ली स्थित उप-राष्ट्रपति निवासमें उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट की।

### रिजिजू की कार को ट्रक ने मारी टक्कर बाल-बाल बचे

**जम्मू।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू बाल-बाल बच गए। जम्मू-कश्मीर में उनकी कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई और किरन रिजिजू पूरी तरह ठीक हैं। यह हादसा रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हुआ, जब केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का काफिला गुजर रहा था। इसी दौरान पास से जा रहे एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आनन-फानन में सुरक्षाकर्मियों ने केंद्रीय मंत्री को कार से उतारकर दूसरी गाड़ी में बैठाया।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी आज आएंगे रांची

**रांची।** भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी रविवार को सेवा विमान से नई दिल्ली से रांची 10 बजे तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आएंगे। वे प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ आंदोलन में शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. प्रदीप वर्मा ने दी। डॉ. वर्मा ने बताया कि वाजपेयी हवाई अड्डा से प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। जहां वे प्रदेश के नेताओं से कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रभारी का यह दौरा झारखंड सरकार के खिलाफ आगामी 11 अप्रैल को आयोजित प्रोजेक्ट भवन सचिवालय घेराव को लेकर है। वाजपेयी तीन दिनों तक झारखंड के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।




# नक्सलियों का तांडव

## लेवी न मिलने से नाराज उग्रवादियों ने लोहरदगा, बोकारो और रामगढ़ में कई मशीनें फूंकीं, करोड़ों का नुकसान

### लोहरदगा में पोकलेन और डीजी जेनरेटर को किया आग के हवाले

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत मकांदू स्थित बालाजी स्टोन माइंस और पुंडरीक नाथ शाहदेव नामक क्रशर में शुक्रवार की रात पीएलएफआई नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया है। नक्सलियों ने माइंस में लगे एक टाटा हिटाची पोकलेन और त्रिपुरारी लाल के क्रशर में एक 250 केवीए का डीजी जेनरेटर को फूंक दिया। आगजनी की घटना में लगभग डेढ़ करोड़ का नुकसान हुआ है। वहीं, दहशत फैलाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने मौके पर दो शक्तिशाली बम विस्फोट भी किया। घटना की पुष्टि कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने की है। घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार व डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने घटना की विस्तृत जानकारी ली और नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। कुडू थाना में मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद से आसपास के इलाकों में दहशत है।

सूत्रों की माने तो घटना के पीछे लेवी का मामला है। लेवी नहीं मिलने से नाराज नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना के वक्त मौके पर मौजूद बालाजी कंपनी के मुंशी सुनील सिंह ने बताया कि मध्य रात्रि हथियारों से लैस लगभग आधा दर्जन नक्सली पहुंचे और काम बंद करने को कहा। वहीं, पोकलेन चालक धर्मेंद्र यादव ने बताया कि वह पोकलेन में सो रहा था तभी सात-आठ की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने उसे गाड़ी से नीचे उतरने को कहा। फिर पोकलेन में आग लगा दी। इसके बाद सभी क्रशर पर पहुंचे और वहां डीजी में आग लगा दी, जिससे डीजी भी पूरी तरह जलाकर खाक हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक पांडेय, कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह दल-बल के साथ मकांदू पहुंचे और घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने कहा कि घटना के पीछे पीएलएफआई संगठन का हाथ है। लेवी वसूली को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### इधर, बोकारो और रामगढ़ में उग्रवादियों ने मचाया उत्पात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लेवी न मिलने से खफा नक्सलियों ने शुक्रवार रात 10 से 11 बजे के बीच निर्माण कार्य में लगे 12 वाहन फूंक दिए। पुलिस सूत्रों के अनुसार बोकारो और रामगढ़ जिले में माने बिरसेन के दस्ते ने इस घटना को अंजाम दिया। यह दस्ता इनामी नक्सली मिथिलेश महतो के सरेंडर के बाद क्षेत्र में दहशत फैला रहा है। पुलिस ने पुष्टि की है कि बोकारो जिले के महुआटांड थाना क्षेत्र में एक जेसीबी, चार ट्रैक्टर और रामगढ़ में दो जेसीबी और तीन ट्रैक्टर नक्सलियों ने आग के हवाले किए हैं। महुआटांड थाना क्षेत्र में पाइप लाइन का काम चल रहा है। यह करीब आधा दर्जन नक्सलियों ने यह वारदात की। रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के पारसाडीह में बीएम कंपनी पुल बना रही है। यहां करीब एक दर्जन नक्सली पहुंचे और वाहन फूंक दिए। जेसीबी ड्राइवर रवि कुमार सिंह ने भी इस बात की पुष्टि की है।

बोकारो के एसपी चंदन झा ने शनिवार को माना कि नक्सलियों ने वाहन फूंके हैं। जेसीबी पूरी तरह खाक हो गई। घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कहा जा सकता है कि घटना में नक्सलियों का हाथ है या अपराधियों का। यह सभी गाड़ियां पीडीएस डीलर लीला साव की हैं। बताया गया है कि कैरी में 22 करोड़ रुपये की लागत से हर घर जल पहुंचाने के उद्देश्य से पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इस कार्य में लगी जेसीबी और ट्रैक्टर मालिक लीला साव के घर के सामने खड़े थे। रात को हथियारबंद नक्सली पहुंचे और वाहनों के आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने आइयार-महुआटांड़ सड़क निर्माण कार्य के मुंशी को बंधक बनाकर बैठा लिया था। वह लीला साव को ढूंढ रहे थे।

#### शुरू से ही उग्रवादियों के निशाने पर रहा है मकांदु का पत्थर व्यवसाय

**कुडू** प्रखंड के मकांदु इलाके में वर्ष 2010 के आसपास एक स्टोन क्रशर चालू हुआ और इसी के साथ यहां पत्थर मंडी की नींव पड़ी। इसके बाद धड़ाधड़ स्टोन क्रशर लगने का सिलसिला चल पड़ा। विकास व निर्माण कार्यों में तेजी के कारण गिट्टी की मांग बढ़ने पर इस कारोबार को पंख लग गए और देखते ही देखते यह इलाका पत्थर खनन का केंद्र बन गया। वर्तमान में यहां आधा दर्जन स्टोन क्रशर चल रहे हैं। एक ओर जहां मजदूरों को काम मिला तो अपराधियों की भी बल्ले-बल्ले हो गयी। जब और जिसे मौका मिला अपनी धमक दिखाकर उगाही करने पहुंचते रहे। इसकी शुरुआत वर्ष 2019 में हुई जब यहां संचालित क्रशर प्लांट 'बालाजी स्टोन ट्रेडिंग वर्क लिमिटेड' में 17 नवम्बर की रात नक्सली संगठन पीएलएफआई ने धावा बोलकर मजदूरों को पीटा, फायरिंग की और लेवी के बिना काम करने पर अंजाम भुगतने के चेतावनी भरे पर्चे छोड़ चलते बने। फिर यहां संचालित अनीसुर्रहमान के क्रशर पर 9 अगस्त 2020 रविवार की रात धावा बोलकर मुंशी एवं अन्य कर्मियों के साथ मारपीट की तथा 5 लाख की रंगदारी की मांग की गयी।




*हैदराबाद : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शनिवार, 08 अप्रैल, 2023 को हैदराबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह के दौरान तेलंगाना के राज्यपाल तमिलिसाई साउंडराजन की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी द्वारा एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।*

## रांची बंद का दिखा मिलाजुला असर, कई जगह सड़क जाम

### बिरसा चौक पर बंद समर्थकों ने की आगजनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय सरना समिति और झारखंड पाहन महासंघ सहित अन्य आदिवासी संगठनों की ओर से सरना झंडा जलाने के विरोध में शनिवार को बुलाए गए रांची बंद का मिला-जुला असर देखने को मिला। सुबह में बंद समर्थकों ने टायर जलाकर सड़क को कुछ देर के लिए अवरुद्ध कर दिया। बिरसा चौक और डिबडीह में बंद समर्थकों ने सड़क जाम और आगजनी की। बंद के दौरान अल्बर्ट एक्का चौक, करमटोली चौक, बिरसा चौक, हिनू चौक सहित कई जगहों पर दुकानें बंद रहीं। हालांकि, प्रशासन की मुस्तैदी के बाद लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया गया। दूसरी ओर कोकर, लालपुर, बरियातू, बूटी मोड़, डेली मार्केट, अंजुमन प्लाजा सहित अन्य इलाकों की दुकानें पूरी तरह से खुली रहीं। वाहनों की आवाजाही सामान्य दिनों की तुलना में थोड़ी कम हुई। सुबह में दो-तीन घंटे तक बंद का असर देखने को मिला। इसके बाद वाहनों का परिचालन सामान्य दिनों की तरह होने लगा।

### राजधानी रांची के पांच इंस्पेक्टरों का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने रांची जिले में पदस्थापित पांच इंस्पेक्टरों का तबादला किया है। इससे संबंधित अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी गयी है। लक्ष्मीकांत को डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं, मधुसूदन मोदक को डेली मार्केट का थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। आभास कुमार को कांके का थाना प्रभारी, ममता कुमारी को चुटिया और इम्तियाज अहसन को जगन्नाथपुर का थाना प्रभारी बनाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी पुलिस पदाधिकारी अविलंब योगदान देकर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।

**खास बातचीत** — डीएपी के नेता गुलाम नबी आजाद ने एक चैनल से कहा

# राहुल के कारण तीन दर्जन लोगों ने छोड़ी कांग्रेस

### आजाद बोले : राहुल गांधी हर वक्त खुद ही पैदा करते हैं कंट्रोवर्सी

### एक ही एजेंडे पर नौ-नौ साल रहते हैं, हिंदुस्तान में और बड़ी समस्याएं हैं लेकिन उनके बारे में चर्चाएं नहीं करते



**एजेंसी। नई दिल्ली**

डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव आजाद पार्टी के नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि उन्होंने राहुल गांधी की वजह से कांग्रेस पार्टी छोड़ी। आजाद ने कहा कि उन्होंने ही नहीं, बल्कि तीन दर्जन लोगों ने राहुल की वजह से कांग्रेस छोड़ी। सबको मालूम है कि सिर्फ मैं नहीं, तकरीबन तीन दर्जन के करीब यंग, ओल्ड, उसमें 90 फीसदी तो यंग ही हैं लीडर्स कांग्रेस के जो उन्होंने कांग्रेस छोड़ी है उनकी (राहुल गांधी) वजह से। एक निजी टीवी चैनल से खास बातचीत में आजाद ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने और उनका मकान वापस लिए जाने में हुई कथित जल्दबाजी के सवाल पर कहा कि जल्दबाजी तो हुई है। इसमें कोई शक नहीं कि राहुल गांधी हर वक्त खुद ही कंट्रोवर्सी पैदा करते हैं। हर जगह। बाहर जाएं तो कंट्रोवर्सी, यहां रहें तो कंट्रोवर्सी। यह उनका कसूर है। एक ही एजेंडे पर नौ-नौ साल रहते हैं। हिंदुस्तान में और बड़ी समस्याएं हैं। उनके बारे में चर्चाएं नहीं करते।

आजाद ने कहा कि यह एक साइड है लेकिन दूसरी साइड है कि बीजेपी ने भी बड़ी जल्दी की डिसमेंबर करने में, मकान लेने में। इसके लिए प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। मैंने अगर कुछ बताया है तो वो टिप ऑफ द आइसबर्ग है राहुल गांधी के बारे में और दूसरा जो है.. पूरा आइसबर्ग कभी बताऊंगा नहीं।

#### 'मैं चाहता हूं वह स्वस्थ रहें, राजनीति में सफल राजनेता रहें'

**राहुल** गांधी से नफरत क्यों है आपको, यह पूछे जाने पर डीएपी नेता ने कहाः बात नफरत की नहीं है। मैंने हजार बार बताया है कि मैं चाहता हूं वह स्वस्थ रहें, राजनीति में सफल राजनेता रहें। उसमें तो चुना ही था हमने, मैं भी उसमें था नेता चुनने के लिए, लेकिन अगर दुनिया सुनेगी कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया तो दंग रह जाएगी। आजाद ने हालांकि इस्तीफे की कहानी सुनाने से मना किया। उन्होंने कहा कि कुछ चीजें, कुछ सलीका, कुछ कल्चर, कुछ बातें अंदर की होती है वो नहीं कहनी चाहिए, वो इंसान का करेक्टर दर्शाती हैं। उन्होंने कहाः मैंने अगर कुछ बताया है तो वो 'टिप ऑफ द आइसबर्ग' है राहुल गांधी के बारे में और पूरा आइसबर्ग कभी बताऊंगा नहीं। आजाद ने कहा कि वह वही बताएंगे जो उन्होंने किताब में लिखा है। उन्होंने कहा कि अगर किताब में लिखा है और फिर न बताऊं तो मुजरिम हूं। उन्होंने कहा कि किताब सोच-समझकर लिखी है और जो नहीं कहना है वो सोच-समझकर नहीं कहा है।

## अवैध खनन मामले में एफआईआर दर्ज

### ईडी की जांच के बाद साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थाना में डीएमओ ने दर्ज कराई एफआईआर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में अवैध खनन को लेकर हुए खुलासे के बाद साहिबगंज जिले के जिरवाबाड़ी थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि बीते पांच अप्रैल को ईडी और जिला प्रशासन की ओर से जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मारीकुट्टी, डेम्बा, सिमरिया, धुर्वे, चुआ, जोकमारी, लालमाटी, भुरकुंडा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अवैध उत्खनन किया हुआ पाया गया। साथ ही उसी क्षेत्र पर ड्रील होल कर बारुद को होल में डाला हुआ भी देखा गया। इससे साफ प्रतीत होता है कि अभी भी इलाके में अवैध खनन किया जा रहा है। एफआईआर में कहा गया है कि इस क्षेत्र पर पूर्व में विष्णु कुमार यादव उर्फ छोटू यादव के द्वारा अवैध खनन किया गया है। इस स्थल पर किसी प्रकार का कोई खनन पट्टा या अनुज्ञप्ति निर्गत नहीं है। इससे यह स्पष्ट है कि यह पूर्ण रूप से अवैध क्षेत्र है। इस कृत से सरकारी राजस्व की चोरी हो रही है एवं राष्ट्रीय सम्पति का क्षरण भी हो रहा है। इससे पूर्व ईडी की टीम पांच अप्रैल को साहिबगंज में उन क्षेत्रों का औचक निरीक्षण करने पहुंची, जिन इलाकों को अवैध खनन क्षेत्र चिह्नित कर एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

# घायलों को नहीं पहुंचाया गया अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची में सड़क दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर में एक भी घायल को अस्पताल पहुंचाया नहीं गया है। इस वजह से घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल सका है। ऐसा हुआ है जिला प्रशासन, अस्पताल प्रबंधन और रांची पुलिस की लापरवाही की वजह से सरकार की ओर से सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने के एवज में पांच हजार रुपए इनाम देने का प्रावधान किया गया है। सरकार की ओर से योजना तो लागू कर दी गई है, मगर इस योजना के प्रति लोगों को जागरूक ही नहीं किया गया न तो जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता अभियान चलायी गई और न ही पुलिस की तरफ से। आलम यह है कि लोग घायलों को अस्पताल तो पहुंचाते हैं, लेकिन अस्पताल के रजिस्टर में अपना नाम व पता अंकित नहीं करते हैं। जिसकी वजह से उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। रांची जिला प्रशासन के आंकड़े बताते है कि योजना लागू होने के बाद से एक भी व्यक्ति ने घायल को अस्पताल नहीं पहुंचाया है।

**अब तक तय नहीं कि इनाम की राशि देगा कौन**

गूड सेमेरिटन पॉलिसी का लाभ जिला परिवहन कार्यालय से दिया जाता है। लेकिन डीटीओ की ओर से अब तक एकाउंट भी नहीं खोला गया है। डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने बताया कि सरकार की ओर से योजना के मद में 25 हजार रुपए दिए गए हैं। मगर तय नहीं हो पाया है कि परिवहन विभाग इनाम की राशि देगा या फिर जिला परिवहन कार्यालय। इस कारण अब तक योजना को अमली जामा नहीं पहुंचाया जा सका है। इस संबंध में विभाग से पत्राचार भी किया गया है। डीटीओ ने बताया कि रांची में इस पॉलिसी का लाभ लेने वाले एक भी व्यक्ति की अनुसंशा नहीं की गई है।

### गवाही के लिए एक हजार देने का है प्रावधान

गूड सेमेरिटन को गवाही के लिए अगर पुलिस कोर्ट बुलाती है तो उसे प्रति गवाही एक हजार रुपए देने का प्रावधान किया गया है। अगर दो व्यक्ति है तो दोनों को एक-एक हजार रुपए देना है। राशि का भुगतान नहीं करने पर संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया है।

गूड समरिटन को ऐसा करना होगा गोल्डन ऑवर में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को रजिस्टर में अपना नाम अंकित करना होगा। साथ ही पूरा पता और मोबाइल नंबर भी लिखना होगा। यह भी अंकित करना होगा कि वह किस स्थान से घायल को लेकर अस्पताल पहुंचा है।

**सरकार का ये है प्रावधान**

- सरकारी कर्मी और जन प्रतिनिधियों पर भी सड़क दुर्घटना में घायल को मदद करने की जिम्मेवारी
- दुर्घटना के एक घंटे यानी गोल्डेन आवर में घायल को अस्पताल पहुंचाने पर दो हजार रुपये
- दो व्यक्ति अगर किसी घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाते हैं तो दोनों को दो- हजार देने की योजना
- दो से अधिक लोग किसी घायल को अस्पताल पहुंचाते हैं तो पांच हजार रुपये सरकार देगी, उक्त राशि सभी के बीच समान रूप से वितरित किया जाएगा
- दुर्घटना से संबंधित जानकारी लेने की स्थित में पुलिस को हर पूछताछ के लिए नेक नागरिक के बैंक एकाउंट में डालना होगा एक हजार रुपये
- पुलिस द्वारा गूड सेमेरिटन को अपनी पहचान बताने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा

गूड सेमेरिटन को मरीज को अस्पताल में पहुंचाने के बाद अनावश्यक रोका नहीं जाएगा

- सवाल-जवाब के क्रम में पुलिस द्वारा संज्ञान नहीं लिया जाएगा।

### लोक संगीत कार्यक्रम का आयोजन

**बेड़ो।** लोक संस्कृति हमारी पहचान और अनमोल विरासत है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। यह बातें पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहीं। वे कुंजवन छोटा नागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण केंद्र चुटिया रांची के तत्वावधान में बेड़ो प्रखंड स्थित कुकुरा गढ़ के मटियानी टोली गांव में शनिवार को अखरा बचाऊ, झारखंड सजाऊ,भारत बढ़ाऊ के उद्देश्य व संकल्प को लेकर आयोजित पांच दिनी झारखंड लोक संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।समारोह का उद्घाटन सामूहिक रूप से पद्मश्री मुकुंद नायक,नागपुरी कवि सह कलाकार क्षितिश कुमार रॉय और दर्जनों समाज सेवियों ने अखरा खूंटा के पास परंपरागत ढंग से पूजा अर्चना करते हुए समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में पद्मश्री मुकुंद नायक ने नागपुरी लोक संगीत एवं नाच गान की विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया।

# सामुदायिक अस्पताल में लगा गंदगी का अंबार




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ। अस्पताल में बने शौचालय काफी गंदा एवं बदतर है। शौचालय में बना पैन का गन्दा पानी उपर ही तैर रहा है। सारा गन्दा ऊपर ही आ गया है। ऐसे मे मरीज जाए तो कहाँ जाए। मजबूरन बाहर के तरफ रात के अंधेरे मे जाते है। शौचालय देख के ऐसा लगता है कि महीनों से इसकी साफ सफाई नहीं किया गया है। जिसके कारण आसपास के वार्ड में काफी दुर्गंध फैल रहा है। इस संबंध में डॉ प्रियंका कुमारी से पूछने पर उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए बताया की साफ तो अक्सर किया जाता है लेकिन मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण गंदा हो जाता है। दूसरी ओर साफ सफाई पर सरकार द्वारा काफी खर्च दिखाया जा रहा है। इस अस्पताल का शौचालय टंकी वर्षों से सफाई नहीं किया गया है जिसका परिणाम मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। रोजाना कुछ ना कुछ खामियां इस अस्पताल में देखने को मिलती है पर अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी जितेंद्र महली इस खामियां को नजर अंदाज कर देते हैं।

### फायरिंग मामले में एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के न्यू आनंद नगर रोड नंबर एक में शनिवार को फायरिंग हुई। हालांकि फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ है। बताया जाता है कि नगर निगम के पार्षद चुनाव से पूर्व वर्चस्व की लड़ाई में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। वार्ड पार्षद ओम प्रकाश और विक्रम सिंह उर्फ सोनू नाम के व्यक्ति के बीच हुए विवाद के बाद कई राउंड फायरिंग हुई है। बताया जा रहा है कि विक्रम सिंह उर्फ सोनू ने वार्ड पार्षद के भाई के साथ कुछ लोगों के साथ मिलकर मारपीट की। इसी दौरान विक्रम सिंह उर्फ सोनू के साथ आये आठ-दस साथियों में से एक युवक ने फायरिंग की। पुलिस ने घटनास्थल से पांच खोखा बरामद किया है। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामले में विक्रम सिंह उर्फ सोनू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर घटना की सूचना मिलते ही सिटी एसपी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। उन्होंने बताया कि फायरिंग करने वाले की पहचान कर ली गयी है।

# तीन, झारखंड बटालियन के कैडेट ने चलाया पुनीत सागर अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राम लखन सिंह यादव कॉलजे कोकर के 70 एनसीसी फस्ट और सेकंड ईयर के कैडेट के सहयोग से रांची स्थित करमटोली तलाब में स्वच्छ और सुंदर पानी के संदेश देते हुये पुनीत सागर अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी एनसीसी कैडेट के तलाब के आस पास और तलाब में गिरे हुऐ कचरे का साफ किया और गंदा पानी के निकले के प्रयास किया गय । यह अभियान देशव्यापी रूप से चलाया गया जिसमें एन। सी। सी कैडेट पुरी भुमिका रही। थ्री झारखंड बटालियन के नेतृत्व में यह पुरी अभियान को सफलतापूर्वक किया गया । जामा किया गया कचरे को एक किनारे रखा गया सभी एन। सी।सी कैडेट ने स्वच्छ और सुंदर भारत बनाने का संकल्प भी लिया पुनीत सागर अभियान




मे थ्री झारखंड बटालियन के सुबेदार मेजर संजय कुमार , बटालियन हवादार मेजर श्याम थाप, राम लखन सिंह यादव कॉलजे केठउउ प्रभारी डॉ भावना कुमारी, और अन्य कैडेट की उपस्थिति रही ।एन।सी।सी कैडेट के सहयोग से देश भर में तरह तरह से अभियान निरन्तर रूप से चलाया जाता है जिसने उनके कौशल विकास क्षमता बढ़े और एक कैडेट सैदव देश और समाज के के लिऐ सदैव तत्पर रहते है। समाजसेवी में अपनी सदैव भुमिका निभते है एनसीसी कैडेट इस के देखते हुआ। आज पुनीत सागर अभियान चलाया गया।

### झारखंड में कोरोना के छह नए संक्रमित

**रांची।** राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले सात दिनों से लगातार अलग-अलग जिलों में कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 667 सैंपल की जांच में शनिवार को छह कोरोना पॉजिटिव केस मिले हैं। राज्य में कोरोना के 58 केस एक्टिव वर्तमान में हैं। डॉ मणिभूषण सिन्हा ने कहा कि कोरोना के बढ़ते खतरे की जानकारी होने के बावजूद मरीज और उनके स्वजन मास्क लगाने या शारीरिक दूरी का पालन करने को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचने का उपाय है सतर्कता, मास्क लगाना, शारीरिक दूरी का पालन, सेनेटाइजर लगाना है। कोरोना संक्रमण बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए रविवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सभी जिलों के डीसी और सिविल सर्जन के साथ वर्चुअल बैठक करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री की बैठक के बाद राज्य भर के सरकारी अस्पतालों में दो दिनों का मॉक ड्रिल किया जाएगा।

# 1 से 13 तक स्वच्छता दिवस मनाया जायेगा

**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**
अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा दिवस मनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार भारत सरकार के द्वारा बुढ़मू में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा दिवस मनाया जाता है,




इस अवसर पर सीएससी बुढ़मू के प्रभारी डॉ पूनम कुमारी की देखरेख में एवं प्रभारी के निर्देशानुशार कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। इस दौरान सीएचसी बुढ़मू के स्वास्थ्य टीम एवं पीरामल स्वास्थ्य से जिला प्रतिनिधि विवेक कुमार एवं श्री सम्यक आनंद, गांधी फेलो ने पूरे कार्यक्रम का समन्वय किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता एवं साफ सफाई को लेकर स्कूल, समुदाय, अस्पताल, बच्चो और लोगो के बीच में जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान सीएचसी बुढ़मू के स्वास्थ्य टीम एवं पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा रांची जिला के प्रखण्ड बुढ़मू में कस्तूरबा गांधी विद्यालय में बच्चों के बीच स्वास्थ्य चेकअप रूटिंग में हिमोग्लोबिन , वेट,बीपी जांच इत्यादि, पीरामल स्वास्थ्य टीम ने स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित किया। पखवाड़े के दौरान जिला के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में स्वच्छता जागरुकता से संबंधित बच्चो के बीच कला प्रतियोगिता एवं स्वच्छता शपथ ली गई। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# ठगी करने वाले चार साइबर अपराधी पुलिस के शिकंजे में




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड सीआईडी की साइबर क्राइम ब्रांच ने एक साथ चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है ।सबसे हैरानी की बात तो यह है कि जिन चार साइबर अपराधियो को गिरफ्तार किया गया है उनमें से दो पुलिस वाले के बेटे हैं। सायबर अपराधियो का यह गिरोह सेक्सटॉर्शन - प्रोनोग्राफी सहित कई माध्यम से ठगी को अंजाम देते थे ।गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से भारी मात्रा में मोबाइल ,सिम ,एटीएम कार्ड और स्वाइप मशीन बरामद किए गए हैं।

**चार राज्यों की पुलिस को थी तलाश :** सीआईडी की सायबर क्राइम ब्रांच ने पहली बार एक ऐसे सायबर गिरोह को पकड़ा है जो सेक्सटॉर्शन और प्रोनोग्राफी के जरिये लोगो ब्लैकमेल कर उनसे ठगी किया करते थे ।सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया इस गिरोह के द्वारा न सिर्फ झारखण्ड बल्कि हरियाणा ,केरल और महाराष्ट्र के लोगो के साथ भी ठगी की गई थी ।चारो राज्यो की पुलिस इन्हें तलाश रही थी। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में मोहन साहू ,गोपाल सिंह अमर प्रताप सिंह और सपन कुमार सिन्हा है शामिल है। गिरफ्तार गोपाल सिंह और अमर प्रताप सिंह दोनो ही रिटायर्ड पुलिस पदाधिकारी के बेटे है ।गिरफ्तार साइबर अपराधियो के पास से 11 मोबाइल, 25 सिम कार्ड ,14 चेक बुक और पासबुक ,19 एटीएम ,स्कैनर मशीन ,स्वैप मशीन सहित 21 हजार 550 रुपया नगद बरामद हुआ है।

### रौनियार समाज को एकजुट होने की जरूरत : राजेंद्र

**बेड़ो।** रौनियार समाज को एकजुट होने की जरूरत है बगैर एकता व एकजुटता के समाज के बिखराव पुणे का खतरा होता है। राजनीतिक रूप से हम लोग पिछड़े हुए हैं उक्त बातें बेड़ो प्रखंड में रांची जिला रौनियार वैश्य ग्रामीण मंडल के बेड़ो में मिलन समारोह के दौरान अपने अध्यक्षीय भाषण में बेड़ो प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र रौनियार ने कही। महादानी मैदान के रंगमंच पर रांची जिला के बेड़ो सहित विभिन्न प्रखंडों के रौनियार जाति के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए मंथन किया गया। बेड़ो इकाई के अध्यक्ष महोदय राजेंद्र रौनियार की अध्यक्षता तथा संचालन मोतीलाल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के हेमंत गुप्ता टंडवा के विकास कुमार गुप्ता तथा बेड़ो के थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

# रोजा रखने से हिम्मत मिलती है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मजहब इस्लाम का हर आदेश किसी न किसी हिकमत व फलसफे पर आधारित होता है, लिहाजा जहां पर इस्लाम ने अपने अनुयायों पर बहुत से अनिवार्यता को लागू किया है, वहीं पर उनकी शारीरीक व अध्यात्मिक इलाज के लिए रोजे की फरजियत का हुकम दिया है। जब रोजदार अपने रब के हुकम से हलाल चिजों से रोजा खोलने इजाजत देता है तो वह दूसरे स्थान पर कभी भी हराम चिजों से रोजा खेलने की इजाजत नहीं दी गयी। एक मुस्लमान जब रमजान के महीने में भूखा प्यासा रह कर अपने खालिक के आदेशों का पालन करने के लिए हमेशा कायम व कटिबद्ध रहता है, यही अभ्यास और ट्रेनिंग की वजह से अल्लाह अपने बंदे के दिलों में तकवा यानी परहेजगारी जैसी विशेषता उत्पन्न कर देता है। इंसान के इस अमल के तर्ज पर जब घोड़ों के सवारी का आम रिवाज था उस वक्त अहले-अरब अपने घोड़ों को मेहनती और फुर्तिले बनाने के लिए अक्सर भुखा प्यसा रखते थे, जिसकी वजह से भूख प्यास की शिद्दत व तकलीफ (कष्ट) को झेलने और बर्दाश्त करने के आदि हो जाते थे। रोजह नफ्स की सरकशी को तोड़ने के नेहायत ही मोदस्सिर (कारगर ) प्यार है। आम तौर पर इंसान नफ्सानी ख्वाहिशात का असीर (गूलाम) हो कर दिल में उभरनेवाले बुराईयों के दल-दल में फंस जाता है। रोजे के विभन्न तिब्बी (रोगों का उपचार) फवायद भी हासिल होते हैं, अल्लाह तबारक व ताला का अपने बंदों पर बहुत सारे इनामात व अहसानात है। अल्लाह ताला का एक बड़ा फजल व करम ये है कि उसने हमारे जिन इबादतों को उम्मत के लिए लाजमी करार दिया है यह इंसानी सेहत व तंदूरूस्ती के लिए टॉनिक की हैसियत रखते हैं और ये इबादतें इंसानी शरीर के विभन्न बिमारियों के खात्मे का नेहायत ही अचुक माध्यम है। खुद डॉकटरों व वैद्यों ने इसके भिन्न तिब्बी फायदे बताये हैं, विश्व स्वास्थ्य संगठन के माहिर डॉ० जोजफ और आधुनिक बिमारी के शोधकर्ता ने ये साबित किया है कि रोजे की वजह से आदमी गुर्दे की बीमारी पैरों में होने वाले सुजन, जोड़ों के पुराने दर्दों और शरीर में बढ़ते कोलेस्ट्रॉल से महफुज रखता है।

### हजार रातों से अफजल है शबे कद्र की रात



**रांची।** रमजान उल मुबारक महीने का लगभग आधा हिस्सा गुजर चुका है। हम मुसलमानों को चाहिए कि इस गुजरे हुए हिस्से की जिस तरह से कद्र करनी चाहिए हमने नहीं किया। लेकिन अब लगभग आधे बचे हुए हिस्से को हम सबको कद्र करनी चाहिए। हम सबको रोजा, नमाज, तरावीह, जकात, कुरान की तिलावत, सदका, जिस तरह से कुरान पाक मैं हुक्म है करने का उस तरह से करनी चाहिए। और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी और दुआ करनी चाहिए अल्लाह पाक इस रमजान के बचे हुए हिस्से को कद्र करने वाला बनाएं। हम अल्लाह पाक के तरफ मुड़े। इस माहे मुबारक में एतेकाफ की भी बड़ी अहमियत है। साथ ही शबे कद्र की रात आने वाली है। जिसके बारे में पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद ने फरमाया शबे कद्र की यह रात हजार रातों से अफजल है। शबे कद्र की रात 21, 23, 25, 27, 29 को है। अल्लाह पाक हम सबको रमजान और शबे कद्र की रात की कद्र करने वाला बनाएं।

**मौलाना अब्दुल कय्यूम कासमी**
**महासचिव जमीयत उलेमा जिला रांची, झारखंड**

## सेवा कार्य मारवाड़ी महिला सम्मेलन की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# ठोस सेवा कार्यों से ही संगठन होगा मजबूत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सत्र 2022 -24 में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की द्वितीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक रांची में संपन्न हुई जिसमें 12 प्रदेशों की प्रदेश अध्यक्षाएं, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षाएं एवं सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए। रांची शाखा की अध्यक्ष नैना मोर ने सभी का स्वागत किया एवं स्वागत समिति की चेयर पर्सन अलका सरावगी ने मंच संचालन किया। बैठक का प्रारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीरा बथवाल एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षाओं के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मधु सर्राफ के शंखनाद के साथ बाल कलाकारों ने गणेश वंदना की एवं गायत्री मंत्र का उच्चारण समवेत स्वर में सभी ने किया। रांची शाखा की बहनों के द्वारा स्थानीय छऊ नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह



लिया। प्रदेश अध्यक्षाओं में मध्यप्रदेश से माया सिंघल, महाराष्ट्र से शारदा मेहरिया, राजस्थान से नमिता खंडेलवाल, दिल्ली से सुमन मित्तल, झारखंड से मंजू खंडेलवाल, बिहार से निशि अग्रवाल, आंध्र प्रदेश से शालू अग्रवाल, उड़ीसा से चंदा देवी संतुका, पश्चिम बंगाल से बबीता बगड़िया, छत्तीसगढ़ से सरोज सोनालिया, असम से नमिता जालान ने अपने अपने प्रदेशों में किए जा रहे कामों की विस्तृत जानकारी दी। इस बैठक में उपस्थित पूर्व अध्यक्षाओं प्रेमा अंसारी, लता अग्रवाल, अरुणा जैन एवं मीना गुप्ता ने बहनों के द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल ने अबतक किए गए अति उल्लेखनीय कार्यों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि पिछले रक्षाबंधन के अवसर पर सम्मेलन की शाखाओं के द्वारा कुल 2,57,000 राखियां सरहद पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए भेजी गईं और जिन शाखाओं के आसपास कैंटोनमेंट था वहां उन्होंने स्वयं जाकर जवानों को राखियां बांधीं। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर विभिन्न शाखाओं ने अपने अपने यहां किन्नरों के सम्मान एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किए ताकि समाज में उनके प्रति करुणा एवं सहानुभूति का भाव जगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने समाज में कन्याओं की जरूरत एवं मांग को बढ़ाने के लिए सभी शाखाओं को नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न अस्पतालों एवं नर्सिंग होम में जाकर नवजात कन्या शिशुओं की माताओं को उपहार देकर कन्या पूजन का एक ठोस कार्यक्रम दिया जिसमें लगभग 17,000 माताओं को प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय अंगदान- देहदान प्रकल्प की प्रमुख सुशीला फरमानिया के सतत मार्गदर्शन में पूरे देश में विभिन्न शाखाओं के द्वारा 135 व्यक्तियों के द्वारा नेत्रदान, 12 के द्वारा देहदान , 3 के द्वारा अंगदान कराया गया और साथ ही 5032 यूनिट रक्त ब्लड बैंकों में दिया गया।

**12 प्रदेशों की प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए**

**शाखाओं के द्वारा कुल 2,57,000 राखियां सरहद पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए भेजी गईं**

### रांची अस्पताल गया था परिवार,चोरों ने घर के कीमती सामान ले उड़े

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के करंज टोली गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने आशीष महतो के घर से बर्तन, कपड़े, जेवर व नगदी लेकर फरार हो गए। घटना की रात आशीष अपनी पत्नी नेहा पुत्र आर्य व आरव सहित पूरे परिवार के साथ शुक्रवार को इलाज के लिए जीवन ज्योति नर्सिंग होम रांची गए हुए थे। वहीं चोरों ने घात लगाकर के बंद घर को अपना निशाना बनाया। इसी दौरान मौका पाकर चोर उनके घर में प्रवेश कर गए और घर की अलमारी में रखे सोने, चांदी के जेवरातों के अलावा नगद पचास हजार रुपए लेकर फरार हो गए।साथ ही पीतल व कांसा के बर्तन, कपड़ा जिसमें जिंस,साड़ी व बच्चों कपड़ा चोर चोरी कर ले गए। आशीष ने बताया कि शनिवार की सुबह में उनके घर के बगल के लोगों ने उन्हें फोन पर सूचना दिया कि घर दरवाजा खुला पड़ा हुआ है।

### आदिवासी संगठनों ने कांके में सड़क जाम की

**कांके।** सरना झंडा जलाने के खिलाफ शनिवार को कांके सरना समिति और राष्ट्रीय आदिवासी सत्य सरना डहर के दर्जनों महिला-पुरुष सड़कों पर उतर कर विरोध-प्रदर्शन किया। बंद समर्थक अमर तिर्की के नेतृत्व में सुबह से बाइक जुलूस निकालकर बोड़ेया चौक, कांके ब्लॉक चौक, अरसंडे की सभी दुकानों को बंद कराया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 669 दिनांक 27.03.2023 एवं पत्रांक 702 दिनांक 31.03.2023 द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/GUMLA/47/2022-23 जिसका पी0आर0 नं0 क्रमशः PR No. 293749 Rural Development (2022-23)_D एवं 294110 (Rural Development) 22-23 (D) है, के कंडिका 7 में आंशिक संसोधन करते हुए निविदा खोलने का स्थान कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला पढ़ा जाय।

अन्य कंडिकाएँ यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0वि0वि0 प्रमण्डल, गुमला

PR 294657 (Rural Development)23-24*D

### कविता रानी सिंह की प्रथम कहानी संग्रह रिश्ते का लोकार्पण संपन्न

# कहानी 'रिश्ते' का हुआ विमोचन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज शब्दकार मंच के तत्वावधान में रांची के लालपुर चौक स्थित होटल सिटी पैलेस में लेखिका कविता रानी सिंह की प्रथम कहानी संग्रह रिश्ते का लोकार्पण संपन्न हुआ। विमोचन समारोह में अध्यक्ष के रूप में डॉ अशोक प्रियदर्शी ने नए कहानीकारों के संदर्भ में बहुत ही शिक्षाप्रद बातें कहते हुए तरह-तरह के प्रसंगों का वर्णन किया एवं उन्हें दिशा दिखाई। विशिष्ट अतिथि एवं देश के प्रसिद्ध कथाकार पंकज मित्र ने भी उपरोक्त कथा संग्रह के बहाने कथा/ कहानी के व्यापक फलक का सांगोपांग वर्णन करते हुए विविध कथानकों पर व्यापक चर्चा की और पूरे संग्रह की बहुत ही अच्छी व सारगर्भित समीक्षा की। सबने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त किया कि कथाकारों का कुनबा बढ़ रहा है और स्त्री कथाकार जिस भांति अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही



है और उसकी संवेदनशीलता से रचना संसार अत्यन्त समृद्ध हो रहा है। प्रसिद्ध कथाकार अनीता रश्मि ने उक्त संग्रह पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कथा संग्रह की सारी कहानियां प्रेम से पगी हुई कहानियां है और यह की हम चाहते तो प्रेम हैं, लेकिन हम प्रेम से प्रेम नहीं करते, नफरत से प्रेम करते हैं। उन्होंने लफंगे कहानी को एक बड़ी कहानी बताया और बेला वाटिका को लोककथा का रूप लेती हुई एक अच्छी कहानी की संज्ञा दी। इसे उन्होंने अविश्वसनीय स्थिति के बावजूद एक अच्छे स्तर की प्रेम कथा बताया। डॉक्टर सुरिंदर कौर नीलम ने इन्हें नारी विमर्श की कहानी, नारी के जूझने की कहानी और उन्होंने बताया कि नारी किसी परिस्थिति में जल्दी हारती नहीं है। वह परिस्थितियों से जूझती है, संघर्ष करती है, लड़ती है और अंत में जीतती भी है और ऐसी ही नारी शक्ति की कहानियां कविता रानी सिंह की हैं। सारिका भूषण ने बताया कि किस प्रकार समाज में भागी हुई लड़की को भागी हुई कहा जाता है। लेकिन इस समाज में कभी भी भागे हुए लड़के की संज्ञा किसी को देखने को नहीं मिलती। उन्होंने भी कहानी संग्रह पर सारगर्भित वक्तव्य रखा। वीना श्रीवास्तव ने भी उपरोक्त संग्रह के विभिन्न पक्षों पर बात करते हुए कथा के व्यापक स्वरूप की चर्चा करते हुए संग्रह के कुछ हिस्सों का पाठ किया और उस पर बातें की। कविता रानी ने अपनी कहानियों के विभिन्न पहलुओं को दशार्ते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने कथा रचना की शुरूआत की और उन्होंने कहा कि इस दिशा में सभी वरिष्ठ कथाकारों का योगदान उनके लिए अनमोल है और किस प्रकार वे अपने वरिष्ठ लोगों को दिशा देती हैं। राजीव थेपड़ा ने कार्यक्रम का शानदार संचालन किया।

## सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर भाजपा एकजुट

**रांची।** हेमंत सरकार के खिलाफ प्रखंड और जिला स्तरीय प्रदर्शन के बाद प्रदेश भाजपा 11 अप्रैल को प्रदेश भर के हजारों कार्यकताओं के साथ प्रोजेक्ट भवन सचिवालय का घेराव करेगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर संसद के चालू सत्र के बीच नई दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर राज्य से जुड़े पार्टी के सभी सांसदों की बैठक भी हुई, जिसमें प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी शामिल हुए। दिल्ली से लौटते ही सभी नेता अपने-अपने क्षेत्र में तैयारियों में जुट गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने सिंहभूम और रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न जिलों में मंडल स्तर तक की बैठक को सम्बोधित करते हुए आगामी 11 अप्रैल को रांची प्रोजेक्ट भवन सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। प्रकाश ने कहा कि भाजपा राज्य के जनभावनाओं की अभिव्यक्ति है।

# फुटबॉल सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए खिलाड़ियों का हुआ ट्रायल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) के लिए बालक एवम बालिका वर्ग के 16 वर्ष से 22 वर्ष तक के सुयोग्य खिलाड़ियों के चयन के लिए शनिवार को गुमला के संत संतइग्नासियुस हाई स्कूल में आयोजित ट्रायल के पहले दिन बालक एवम बालिका वर्ग में चयन में भाग ले रहे झारखंड के खिलाड़ी जिनकी आयु 1 अप्रैल 2023 तक 16 से 22 वर्ष तक थी, आधार कार्ड, मैट्रिक उतीर्ण प्रमाण पत्र,मान्यता प्राप्त अंतराष्ट्रीय,राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय, आल इंडिया यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित खेलों में भागेदारी एवम मेडलिस्ट का प्रमाण पत्र के आधार पर रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमें पहले दिन 200 से अधिक खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट एवम स्किल टेस्ट लिया गया। बैट्री टेस्ट अन्तर्गत ऊंचाई, वजन, 30 मीटर, 10 मीटर गुणा 6 सटल रनिंग, बॉल थ्रो,800



मीटर, वर्टिकल जंप समेत कई तरह के टेस्ट लिए गए। वहीं 9 अप्रैल को भी गुमला में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। गुमला के बाद 12-13 अप्रैल - एसोसियेशन फुटबॉल ग्राउंड-चाईबासा, 15-16 अप्रैल - फुटबॉल स्टेडियम दुधानी-दुमका, 19-20 अप्रैल-रामा साहू हाई स्कूल- गढ़वा, 24-25 अप्रैल - कर्जन स्टेडियम-हजारीबाग में ट्रायल होंगे। प्रक्रिया 28 एवम 29 अपैल को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी, रांची में किया जायेगा। अंतिम रूप से चयनित( बालक/बालिका ) खिलाड़ियों को राज्य सरकार निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर चयन समिति के देवेन्द्र कुमार सिंह, खेल परामर्शी सह प्रतियोगिता प्रबंधक, साझा, मो सलीम, आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र चाईबासा, अजय सुभाष तिर्की, आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, गिरिडीह, योगेश प्रसाद यादव, आवासीय प्रशिक्षण केंद्र, साहेबगंज, सतीश मिंज सहायक प्रशिक्षक आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र, गुमला उपस्थित रहे। वही चयन में हेम लता बुन, एथलेटिक्स प्रशिक्षक आलोक सिंह, हॉकी प्रशिक्षक पीटर किंडो समेत अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।

## लघु फिल्म महोत्सव जून में, पोस्टर का हुआ लोकार्पण

**रांची।** चित्रपट झारखंड का तीन दिवसीय लघु फिल्म महोत्सव 23 से 25 जून तक चलेगा। लघु फिल्म महोत्सव का आयोजन सरला बिरला यूनिवर्सिटी कैंपस में होगा। इसको लेकर खेलगांव में शनिवार को झारखंड फोटोग्राफर एसोसिएशन सेंट्रल की ओर से आयोजित चौथे फोटोग्राफिक एक्सपो के मुख्य मंच पर लघु फिल्म महोत्सव के पोस्टर का लोकार्पण हुआ। इस पोस्टर लोकार्पण कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश के नामचीन छायाकारों के अतिरिक्त ओडिशा, हरियाणा, दिल्ली, बिहार आदि प्रदेशों के भी फिल्म मेकर्स और छायाकार उपस्थित थे। चित्रपट झारखंड के डॉ सुशील अंकन ने बताया कि इस फिल्म फेस्टिवल का उद्देश्य झारखंड प्रदेश के फिल्म निमार्ताओं को एक दृष्टि प्रदान करना है। जिससे वे भारतीय मूल्यों को केंद्र में रख कर सार्थक फिल्में बनाएं और समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करें।

## माता जागरण आज तैयारियां हुई पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति द्वारा आयोजित माता जागरण की तैयारियां पूरी है। विशिष्ट अतिथियों, मुहल्लावासियों एवं गणमान्य लोगों के बीच आमंत्रण पत्र भी बांट दी गई हैं। जागरण स्थल के निकट साफ-सफाई का भी काम पूरा कर लिया गया है पंडाल की भी तैयारी हो चुकी है। मशहूर जागरण मंडली द्वारा रविवार को रात्रि 9:00 बजे से भव्य माता जागरण पेश की जाएगी। श्रद्धालुओं का कहना है कि माता का जारण होने से मन की शुद्धि होती है और हम सभी को काफी श्रद्धा मिलती है। माता का आशीर्वाद हमेशा बना रहता है और सुख शांति मिलती है। कहा जाता है कि श्रद्धा की भक्ति से मनुष्य के जीवन को काफी सुखमय बनाता है। हम सभी को आस्था में लीन होने की जरूरता है। महावीर मंदिर रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष विकास दुबे, उपाध्यक्ष संदीप झा, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, संरक्षक बजरंग वर्मा, अजय कसेरा, संयोजक सुमित कुमार सहित नंदकिशोर प्रसाद, किशोर दुबे, साकेत सिंह, आनंद सौरव आदि समिति के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है इस महोत्सव में उपस्थित होकर भव्य जागरण को सफल बनाएं।

## झारखंड में 203 किलोमीटर बनेगा वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेसवे

**रांची।** वाराणसी-कोलकाता वाया रांची सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे का झारखंड की सीमा में निर्माण के लिए एजेंसियों का चयन कर लिया गया है। करीब 610 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे झारखंड की सीमा में 203 किलोमीटर का होगा। इस हिस्से को छह खंड में विभाजित करके बनाया जाएगा। औपचारिकताओं को पूरा करते हुए जल्द काम शुरू कराने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण की गति को तेज रखने के लिए रामगढ़ में डेडिकेटेड कार्यालय भी स्थापित किया गया है। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच हाई स्पीड की नई कनेक्टिविटी मिलेगी। यात्रा का समय भी काफी कम हो जाएगा। झारखंड में इस एक्सप्रेस-वे के 203 किलोमीटर हिस्से को बनाने में करीब आठ हजार करोड़ रुपये की लागत आंकी गई है।

# बेहतर परीक्षाफल के लिए प्राचार्य ने परीक्षा के दिये टिप्स

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार अप्रैल 8,2023 को जीएमएस पंडरा रांची में विद्यालय से जैक बोर्ड अष्टम वर्गीय परीक्षा के लिये उत्प्रेषित 182 छात्र/ छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ पीटीएम आयोजित कर प्रधानाध्यापक अशोक प्रसाद सिंह द्वारा परीक्षा प्रवेश पत्र का वितरण किया गया। प्रातः आठ बजे से दिन के एक बजे तक अभिभावकों की उपस्थिति के क्रम में क्रमागत शृंखलाबद्ध तरीके से सात चरणों में उत्प्रेषित बच्चों एवं उनके अभिभावकों के साथ बैठक कर उन्हें परीक्षा में तकनीकी शुद्धता के



साथ सम्मिलित होने एवं बेहतर परीक्षाफल के टिप्स प्रधानाध्यापक के स्तर से दिये गये। परीक्षा पूर्व एवं परीक्षा दिवस की तैयारियों की समीक्षा की गई एवं अभिभावकों से बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए तनावमुक्त खुशनुमा उत्साही माहौल में परीक्षा हेतु उत्सुक बनाये रखने का अनुरोध किया गया। परीक्षा दिवस के अवसर पर अपने विद्यालय में सुबह सात बजे उपस्थित होकर एक साथ एक ही कोटि के वाहन से परीक्षा केंद्र जाने और वापस पुनः विद्यालय में एकत्रित होने के निर्णय और परीक्षा केंद्र पर बेहतर शिष्टाचार के साथ रिफ्रेशमेंट तथा शुद्ध पेयजल आदि की स्वयं की व्यवस्था तथा परीक्षा केंद्र प्रबंधन द्वारा एमडीएम से लाभान्वित होने आदि की विस्तृत चर्चा एवं पुनः सोमवार को विद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा पूर्व गुरुमन्त्र से सिंचित होने के साथ सभी को एडमिट कार्ड उपलब्ध कराये गये। आठ वर्षों के नियमित पढ़ाई के बाद पहली वार बोर्ड परीक्षा में भाग लेने की खुशी बच्चों में साफ झलक रही थी वहीं अभिभावकों में आत्मगौरव का प्रतिफल प्रदर्शित हो रहा था।

## रांची जिला से झामुमो पांच लाख सदस्य बनायेगा जेएमएम

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष मुशताक आलम की अध्यक्षता में रातु रोड में हुई। संचालन जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची जिला से इस सत्र में पांच लाख सदस्य बनाए जायेंगे। सभी वर्ग संगठन की जिला एवं महानगर के गठन के लिए अनुशंसा केन्द्रीय समिति को भेजा जाएगा। बैठक में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। सभी ने कहा कि टाईगर हमेशा जिंदा था, जिंदा है और जिन्दा रहेंगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जगरनाथ महतो युगों-युगों तक तमाम झारखंडियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। बैठक में झामुमो की केन्द्रीय सदस्य सह राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, पवन जेडिया, अन्तु तिर्की, संयुक्त सचिव विक्की यादव सहित अन्य नेता शामिल थे।

### 57वें श्री श्याम भंडारे की सेवा का हुआ आयोजन

# 3000 भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी जैसे ठाकुर जी भोग भजन पर हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। जहां श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा 57 वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया था। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया की अगुवाई में दाधीच परिवार भंडारे का भोग मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को अर्पित कर मनोहर कर रहा था। विधि विधान से भोग लगाकर विशाल भंडारे के प्रसाद में भोग प्रसाद मिश्रित करके महाप्रसाद बनाकर के मंदिर के आचार्य को महाप्रसाद खिलाया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में मंदिर में पूड़ी सब्जी गरमा गरम केसरिया जलेबी गठिया का प्रसाद बनाया गया था। यजमान परिवार शहर के जाने-माने आचार्य अनूप



दाधीच डिंपल दाधीच ने सुपुत्री अविका के अन्नप्राशन मुहूर्त के अवसर पर 57वें श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। अन्य भक्तों ने टॉफी और आइसक्रीम की सेवा निवेदित की । यजमान दाधीच परिवार ने श्री गणेश वंदना करके भंडारे का वितरण प्रारंभ किया। इस अवसर पर लगभग 3000 भक्तों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, चंडी प्रसाद डालमिया सहित 75 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने भंडारे वितरण में सहयोग किया।

**मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ**

श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 11 अप्रैल को साय 4:30 बजे से 45 वा श्री सुंदर कांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होगा। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने उक्त जानकारी देते हुए भक्तों को आमंत्रित किया है।




### सफलता 23 विद्यार्थियों को भर्ती में मिली सफलता

# वीसी ने सफल भविष्य की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) द्वारा घोषित आईबीपीएस- 2023 परीक्षाफल में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के कुल तेईस छात्र-छात्राओं को सफलता हाथ लगी है। इनमें से दस अभ्यर्थी कृषि स्नातक है और शेष तेरह अभ्यर्थी पीजी कोर्स में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं है। इस आईबीपीएस - 2023 की प्रीलिमनरी परीक्षा को संकाय के करीब 70 विद्यार्थियों ने क्वालीफाई किया था। इनमें से करीब 36 विद्यार्थियों ने आईबीपीएस -2023 की मुख्य परीक्षा सफल हुए थे और इंटरव्यू के पश्चात तेईस विद्यार्थियों का चयन विभिन्न बैंकों के पदाधिकारी पद पर हुआ है। प्रभारी (प्लेसमेंट सेल कृषि संकाय) डॉ एचसी लाल ने बताया कि तेईस



सफल अभ्यर्थियों में रांची कृषि महाविद्यालय, कांके के अठारह तथा रविन्द्र नाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय, देवघर के पांच विद्यार्थी शामिल है। इनमें से चार छात्रों का चयन प्रोबेशनरी पदाधिकारी (पीओ) और इक्कीस छात्रों का चयन कृषि क्षेत्र पदाधिकारी (एएफओ) के पद पर हुआ है। बताते चले कि पिछले वर्ष आईबीपीएस की परीक्षा में बीएयू के सोलह विद्यार्थियों का विभिन्न बैंकों के पदाधिकारी पद पर हुआ था। प्रोबेशनरी पदाधिकारी के पद पर अर्पित कुमार का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, नीतीश कुमार का इंडियन बैंक, साहित्या टी। का यूको बैंक और ऐश्वर्या का नाबार्ड बैंक में चयन हुआ है। वहीं कृषि क्षेत्र पदाधिकारी (एएफओ) के पद पर सिमरन सुम्ब्रुई, साक्षी मिश्रा, देवेंदर देवगम, मुकेश शर्मा, आदित्य राज एवं कार्तिकेय का यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में, मीनाक्षी कुमारी,

### चार छात्रों का पीओ और उन्नीस छात्रों का एएफओ पद पर हुआ चयन

प्रिया आनंद, सागर कुमार, पूजा दादयाल, पूर्णिमा झा एवं सुष्मिता कुमारी का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में, सोनाली मुर्मू एवं प्रवीण गाड़ी का इंडियन बैंक में, श्रेया सिंह का पंजाब नेशनल बैंक तथा सुभम, रचना कुमारी, अपूर्वा एवं मो। महताब का चयन अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों में हुआ है। बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने आईबीपीएस-2023 परीक्षा में विद्यार्थियों के सफल होने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने विभिन्न बैंकों के पीओ एवं एएफओ पद पर चयन के लिए छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

NEWS इन ब्रीफ

## बुढ़मू में अवैध बालू लदा हाइवा जब्त

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव के कोकड़े मोड से अवैध बालू लदा हाईवा को ठाकुरगाँव थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के द्वारा छापामारी कर जब्त कर अग्रतर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचित किया गया है। बताते चलें कि बुढ़मू प्रखंड में अवैध कोयला बालू का तस्करी काफी जोरों से चल रहा है, जिसपर ठाकुर गांव थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई की गई है। ठाकुरगांव थाना प्रभारी के कार्रवाई से बालू परिवहन कर रहे माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## महिला के शव की हुई पहचान, की गई थी हत्या

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के रेलवे जंगल से तीन दिन पहले मिले महिला के शव की पहचान कर ली है। मृतक जगनी देवी जगन्नाथपुर के भुसूर कोचा की रहने वाली थी। पुलिस के अनुसार जगनी शादी में खाना-बनाने का काम किया करती थी। उसके पति गेदू नायक भी इसी काम से जुड़े हुए हैं। बीते रविवार की रात जगनी अपनी एक सहेली व महादेव नामक युवक के साथ एक समारोह से लौटी और एक स्थान पर पार्टी मनायी। इसके बाद जगनी महादेव के साथ घर के लिए निकल गयी। पुलिस को आशंका है कि महादेव ने ही रविवा की रात जगनी की हत्या कर उसका शव बिरसा चौक के समीप रेलवे जंगल में फेंक दिया होगा। पुलिस ने उसे बुधवार को बरामद किया था।

## बाइक चोरी कर भागते हुए एक गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाने की पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम दिलकश गद्दी है और कांटाटोली मौलाना आजाद कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी सदर अस्पताल से एक बाइक चोरी कर भाग रहा था। इसी दौरान पुलिस को खबर मिली और आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

## बाइक चोर को मास्टर चाबी के साथ पकड़ा

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम इलताफ अंसारी है और वह नगड़ी के सपारोम का रहने वाला है। इसके बाद से पुलिस ने तीन मास्टर की के अलावा दो चोरी की बाइक भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपी शालीमार मार्केट से बीते शुक्रवार को एक व्यक्ति की बाइक चोरी कर रहा था। स्थानी लोगों ने आरोपी को दबोच लिया और धुर्वा पुलिस के हवाले कर दिया। कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बाइक चोरी के मामले में नगड़ी, जगन्नाथपुर आदि जगहों से तीन बार जेल जा चुका है। उसने पुलिस को यह भी बताया कि वह बाइक चोरी करने के बाद ग्रामीण इलाकों में बेच देता है। वह नंबर को भी बदल देता है। आरोपी ने अपने साथियों के नामों व पता की भी जानकारी दी है। पुलिस उनकी भी तलाश में जुट गई है।

# मरासिल्ली शिव मंदिर में तोड़फोड़, फेंका त्रिशूल, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
राजाउलातू के उनीडिह स्थित प्रसिद्ध शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ स्थित शिव मंदिर में देर रात असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर धार्मिक कर सौहार्द को बिगाड़ने के साथ-साथ मंदिर परिसर से चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा शनिवार को प्राथमिकी दर्ज कराई है। ट्रस्ट के दयानंद राय ने बताया कि शनिवार की सुबह सूचना मिली की मुख्य मंदिर, स्टोर रुम, बैठक रुम दो दान पेटी का ताला तोड़कर पैसे एवं पीतल कांसा के बर्तन चोरी कर लिया गया है। भगवान शिव का त्रिशूल, पंचमुखी हनुमान मंदिर के चारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर फेंक दिया गया है। ट्रस्ट के संरक्षक सह खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मरासिल्ली बाबा में सभी की आस्था जुड़ी है। घटना निंदनीय है। प्रशासन को आदेश दिया है कि असामाजिक तत्वों को जल्द चिन्हित कर कार्रवाई करें। दोबारा इस तरह की घटना ना हो सुनिश्चित करें। सदस्यों ने पुलिस से अविलंब कार्रवाई करते हुए दोषी को कार्रवाई करने की मांग की है। दोषियों अगर जल्द नहीं पकड़े जाते हैं तो इसके विरोध में नामकुम बन्द की घोषणा की जाएगी।

# मास्टरपाड़ा में सिलेंडर फटने से घर में लगी आग



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
धनबाद जिले के सदर थाना क्षेत्र के मास्टरपाड़ा के एक घर में 8 अप्रैल की देर शाम साढ़े सात बजे आग लग गई। मकान डोमन साव का बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने विस्फोट की आवाज सुनी है, जिससे कयास लगाया जा रहा है कि धमाका गैस सिलेंडर फटने से हुआ है। सूचना मिलने पर 15 मिनट के भीतर दमकल की गाड़ी पहुंच चुकी है। आग पर काबू पा लिया गया है। खबर लिखे जाने तक जान-माल के नुकसान का पता नहीं चल सका है। मास्टरपाड़ा में सघन आबादी होने की वजह से बचाव कार्य में परेशानी हो रही है। लोग डरे हुए भी हैं। कहा जा रहा है कि मकान में तीन-चार किरायेदार रह रहे हैं। उन्हीं लोगों के किसी घर में आग लगी है। फायर ब्रिगेड के अधिकारी काकहना है कि घर में आग पहले लगी। सिलेंडर आग से गर्म होने के बाद ही फटा होगा. हालांकि सच्चाई का पता लगाया जा रहा है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एमएलए कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

# समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना उद्देश्य




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन एमएलए कॉलेज लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साइकिल रैली के साथ किया गया। जिसको अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविंद कुमार लाल ने झंडा दिखला कर रवाना कराया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना ही इस रैली का उद्देश्य है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लोहरदगा तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस रैली के माध्यम से समाज में स्वस्थ रहने का अच्छा संदेश देने का कार्य किया है। साइकिल रैली एमएलए कॉलेज से निकलकर न्यू रोड, पावरगंज, अमला टोली, बड़ा तालाब, अपर बाजार, महावीर चौक, बरवा टोली चौक होते हुए पुनः एमएलए कॉलेज में पहुंचकर विचार गोष्ठी के रूप में संपन्न हुआ। साइकिल रैली का नेतृत्व स्वयं अनुमंडल पदाधिकारी कर रहे थे। विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ गणेश प्रसाद ने बतलाया कि स्थापना के 75 वें वर्ष में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बार विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सबके लिए स्वास्थ्य घोषित किया। इसके लिए शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज को भी स्वस्थ होना होगा। राज्य भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी भूमिका निभा रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व स्वास्थ्य संगठन भी स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूकता एवं सहायता प्रदान कर रहा है। सांसद प्रतिनिधि एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस पैट्रोन चंद्रशेखर प्रसाद ने कहा कि आप सभी स्वच्छता के दूत है, आपसे यह संदेश दूर-दूर तक जाएगा कि अपने खानपान में नियंत्रण, नियमित योग के द्वारा स्वस्थ रहा जा सकता है। डॉ राजेश ने छात्राओं को दांतो की सफाई एवं स्वच्छता के महत्व को बतलाया। सिटी मैनेजर विजय कुमार ने बतलाया कि लोहरदगा नगर परिषद आप सभी के सहयोग से नगर को स्वच्छ बनाने के लिए तत्पर है, कोरोना काल में भी जब लोग एक दूसरे के निकट आने से भी बच रहे थे सफाई कर्मी आत्मविश्वास के साथ लोगों के स्वच्छता का ख्याल रख रहे थे। इसी का परिणाम रहा कि लोहरदगा में अन्य जिलों की अपेक्षा कम मृत्यु दर रही है।

## पश्चिम सिंहभूम में पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**पश्चिम सिंहभूम।** आनंदपुर थाना क्षेत्र से पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से दो अवैध लोडेड देशी कट्टा एवं एक अवैध लोडेड देशी सिक्सर और पीएलएफआई पर्चा आदि बरामद किए गए हैं। उग्रवादियों में अमित तोपनो बीयेस लखवा और सन्तु लखवा उर्फ संतोष लखवा शामिल हैं। तीनों सभी आनंदपुर थाना क्षेत्र के बेड़ातुलुण्डा गांव निवासी हैं। बताया जाता है कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के तीन उग्रवादी मोटरसाइकिल में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, मनोहरपुर अजीत कुमार कुजूर के मार्ग दर्शन में पुलिस निरीक्षक फागु होरो मनोहरपुर अंचल के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर आनन्दपुर थाना गेट के बाहर सघन वाहन जांच प्रारम्भ किया गया।

## बीडीओ ने किया पुस्तकालय का निरीक्षण

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड परिसर के बहुउद्देशीय भवन में जिला प्रशासन के निर्देश में संचालित पुस्तकालय का प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने औचक निरीक्षण करते हुए संचालित करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार बता दे की पुस्तकालय का उद्घाटन बिगत 21 मार्च को उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किया गया था। तब से प्रखंड क्षेत्र के स्नातक एव इंटर पास विधार्थियो ने सुबह 10 बजे से 5 बजे तक अध्ययन का कार्य कर रहें है। पुस्तकालय में विधार्थियो को आराम से बिना शोर शराबा का शांतिपूर्वक पढ़ाई करने का अवसर मिलता है। वही बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा की पुस्तकालय में पढ़ने के लिए प्रशासन की ओर से सभी तरह की पुस्तकों का व्यवस्था किया गया है। छात्र छात्राएँ अनुशासन में रहकर पढ़ाई करें। प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय कमेटि से बैठक कर निर्णय लिया जायेगा की प्रखंड कार्यालय का सरकारी छूटी के दिन पुस्तकालय खोला जाय की नही। उन्होंने कहा की पुस्तकालय की देखने के लिऐ प्रति दिन अलग अलग बीआरपी को लगाया गया है। बच्चो को निर्देश देते हुए कहा की अपने सहपाठियों को भी पढ़ाई के लिये पुस्तकालय में पंजीयन कराये और इच्छुक हो कर किताब से रिश्ता रखें जिसे आप सभी कामयाब बन सकेंगे। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा,पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## मारपीट के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला ग्राम में आइसक्रीम बेचने के दौरान किसी बात को लेकर आइसक्रीम वाले से दोनो युवक का कहा सुनी हुआ और विवाद बढ़ गया। उसी दौरान आइसक्रीम वाले के साथ स्थानीय दोनो युवक मार पीट करने लगे जिसकी सूचना सेन्हा थाना को देर शाम देते हुए वर्तमान सेरेंगहातू निवासी मोहादिन अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र समीम अंसारी द्वारा दो नामजद नितेश कुमार श्रीवास्तव एवं सुकेन्द्र उराँव के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए कानूनी कारवाई हेतु सेन्हा थाना में गुहार लगाया गया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा मारपीट मामला का आवेदन प्राप्त होते ही कांड संख्या 43/23 दर्ज कर धारा 341,323,504,506,295 ए,34 भादवी के तहत त्वरित कारवाई करते हुए पुलिस द्वारा बदला निवासी ओम लाल के 32 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार श्रीवस्तव एवं बदला बोधा टोली निवासी एतवा उराँव के 35 वर्षीय पुत्र सुकेन्द्र उराँव को देर रात गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया। वही बताया जाता है कि वर्तमान सेरेंगहातू निवासी समीम अंसारी बिहार राज्य के रोहतास जिला अंतर्गत गोला थाना क्षेत्र के अकौरी गोल का स्थाई निवासी है। फिलहाल लोहरदगा जिला के सेरेंगहातू में किराए के मकान में रहकर जीविकोपार्जन हेतु आइसक्रीम बेचने का कार्य करता है।

## कलश यात्रा के साथ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह भागवत पारायण यज्ञ शुरू

**गिरिडीह।** सरिया के निमाटांड़ में नौ दिवसीय श्रीश्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह भागवत पारायण महायज्ञ की शुरूआत 8 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ हो गई। कलश यात्रा में 171 कन्याएं व महिलाएं शामिल हुई। पवित्र राजदाह धाम से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जल भरकर यज्ञ स्थल तक लाया गया। यज्ञ कमिटी के सदस्य राजकुमार ने बताया कि कोलकाता के आचार्य शत्रुघ्न पांडेय अनुष्ठान्न संपन्न कराएंगे. कथा वाचिका रांची निवासी जयंती शास्त्री होंगी। वृंदावन के कलाकार रासलीला का मंच करेंगे। यज्ञ को लेकर आसपास के इलाके में भक्तिमय माहौल है। मौके पर जिप सदस्य अनूप कुमार पांडेय, पूर्व प्रमुख रामपति प्रसाद, दशरथ पुजारी, मुखिया संगीता कुमारी, पंसस चंद्रिका सिंह, सोनी कुमारी, सुरेश भारती, झरी पंडित, अशोक शर्मा, राजकुमार वर्मा, डॉ. प्रमोद वर्मा, रामेश्वर शर्मा, अनिल शर्मा, सीताराम महतो, रंजीत शर्मा, वीरेंद्र यादव, दिनेश यादव, भोला पांडेय समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# पीएम करेंगे हर्ल खाद कारखाना का उद्घाटन, एमडी ने किया दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। सिंदरी**
हर्ल के नये प्रबंध निदेशक (एमडी) शिब प्रसाद मोहंती ने शनिवार 8 अप्रैल को हर्ल सिंदरी खाद कारखाने का निरीक्षण व प्रबंधकीय अधिकारियों से कारखाने के उत्पादन से संबंधित जानकारी हासिल की। उनका दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मई महीने में कारखाने के उद्घाटन को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हर्ल एमडी ने बताया कि हर्ल सिंदरी खाद कारखाना अपने शतप्रतिशत वाणिज्यिक उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर चुका है और बिहार व झारखंड सहित देश के पूर्वोत्तर राज्यों के किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि सिंदरी व बरौनी खाद कारखाने के उद्घाटन के लिए हैलीपैड तैयार किया जा रहा है। हर्ल प्रबंधन को प्रधानमंत्री कार्यालय से समय नहीं मिल पाया है, लेकिन मई महिने के लिए कोशिश हो रही है। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बलियापुर हवाई पट्टी से 25 मई 2018 को हर्ल सिंदरी खाद कारखाने का शिलान्यास किया था। नये निदेशक के आगमन पर हर्ल सिन्दरी सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने अंग-वस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। निदेशक ने अपने दो घंटे के दौरे में हर्ल खाद कारखाने में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के साथ अमोनिया व यूरिया उत्पादन का बारीकी से निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हर्ल के अधिकारियों की बैठक में मैन पावर की कमी पर सवाल उठे और इसे जल्द सुधार लेने का भी खाका तैयार किया गया।

## हजारीबाग : कैथोलिक आश्रम में पास्का पर्व पर विशेष प्रार्थना

**हजारीबाग।** ईसाई समुदाय के लोगों ने कैथोलिक आश्रम में शनिवार की मध्यरात्रि को पास्का पर्व मनाया. यह पर्व प्रभु ईसा मसीह के पुनर्जीवन होने पर मनाया गया। बिशप आनंद जोजो के नेतृत्व में खीस्तीय विश्वासियों ने विशेष प्रार्थना की। इस मौके पर बिशप ने कहा कि प्रभु ईसा मसीह जीवन त्यागने के बाद फिर से जीवित हो उठे। उन्होंने अपने कई शिष्यों को दर्शन भी दिया। दरअसल प्रभु से मानवता के कल्याण के लिए सूली पर चढ़ना स्वीकार किया, तो ईश्वर ने उनके जीवन का पुनरउत्थान भी किया. इसी उल्लास में पास्का पर्व मनाया जाता है। हमें प्रभु यीशु के दुनिया को दिए गए शांति, प्रेम और भाईचारे के संदेश को आत्मसात करने की जरूरत है। प्रभु यीशु से ही पूरा संसार रोशन है।

## खत्म हो गई परीक्षा वीक्षकों को भुगतान नहीं

**हजारीबाग।** जैक की ओर से ली जानेवाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा खत्म हो गई, लेकिन वीक्षकों को उनका पारिश्रमिक भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वीक्षकों ने डीईओ को पत्र लिखकर पारिश्रमिक भुगतान की गुहार लगाई है। पत्र में बताया गया है कि राजकीय मध्य विद्यालय बरही परीक्षा केंद्र पर वीक्षकों को ड्यूटी पर लगाया गया था। परीक्षा खत्म होने के बाद वीक्षकों को पर्याप्त भुगतान नहीं किया गया है। कई वीक्षकों को प्रतिदिन ड्यूटी के अनुसार महज 25 रुपए के हिसाब से भुगतान किया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक चालक घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना के समीप बाइक सवार युवक को टेम्पू चालक ने मारा टक्कर, युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे पत्रकार एवं पुलिस के सहयोग से अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। घायल की पहचान डोका करम टोली निवासी ओपिल उराँव के 32 वर्षीय पुत्र मनोज उराँव के रूप में किया गया। वहीं सड़क दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों के माध्यम से सेन्हा थाना पुलिस को प्राप्त होते ही पु0आ0नि0 गणेश यादव दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच दोनो वाहन को जब्त कर घायल को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया गया। बताया जाता है कि बाइक जे एच 08 एच 6836 से मनोज उराँव अपने घर से लोहरदगा जा रहा था। वहीं पीछे से जा रही टेम्पू जे एच 05 बी एस 3742 के चालक अनियंत्रित हो बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक का दाहिना पैर एवं बाएं पैर तथा हाथ और माथा में चोट आई है। फिलहार खतरा से बाहर बताया जा रहा है।

## शिक्षा मंत्री के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**लोहरदगा।** दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की याद में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों व समाहरणालय कर्मियों द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा गया। ज्ञातव्य हो कि झारखंड राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की चेन्नई (तमिलनाडु) में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। इस मौके पर जिले के सभी पदाधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

**सम्मानित** रातू गढ़ के सिमलिया अखरा में उन्नयन अभियान कार्यक्रम का आयोजन

# अखरा में नागपुरी गीतों से समां बांधा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आज दिनांक 8 अप्रैल को रातू गढ़ के सिमलिया अखरा में 'झारखंड संस्कार दीप' राँची के द्वारा पारंपरिक अखरा उन्नयन अभियान कार्यक्रम के दूसरे दिन में पदमश्री मधुमंसूरी हंसमुख जी ने दीवांनगत नागपुरी लेखक व गायक स्वर्गीय भरत नायक के जयेष्ट पुत्र गणेश नायक को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया तथा उनके लेख व जीवनी के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर लोक गायिका सीमा देवी ने भरत नायक जी के गीतों से सिमलिया के अखरा में नागपुरी गीतों का समाँ बांध दिया। नागपुरी लोक गीत की उत्कर्ष विरासत की चर्चा को बढ़ाते हुए कार्यक्रम में महाकवि घांसी राम, प्रफुल कुमार राय के नागपुरी साहित्य और संस्कृति में किए गए अमित योगदान को बढ़ाने और नागपुरी शिष्टाचार के ठेठ रूप को बचाए रखने के लिए ग्रामीणों से आहवान किया तथा प्रण लिया कि पुरानी पारंपराओं को भविष्य के पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जाए। जिसमें झारखंड संस्कार दीप' राँची के कलाकारों, कार्यकर्ताओ तथा सिमलिया गाँव के लोगों की सहभाज्ञिता रही। जिसमें लक्ष्मीनारायण भगत, प्रेम शंकर साहू, विशेश्वर राम ओहदार, सोमनाथ महली, ताज मोहम्मद, शकील अंसारी, संध्या देवी, सुखमणि देवी, मीना देवी, सुलेखा देवी, तारा देवी, वीना देवी, रणजीत महतो, सोमरा कुजूर आदि लोग उपस्थित थे।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर हुई बैठक




**नवीन मेल संवाददात। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक हुई। बैठक में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति पदाधिकारी, कर्मचारी संघ एवं अम्बेडकर विचार परिषद, लोहरदगा की ओर से इस माह 14 अप्रैल 2023 को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह मनाये जाने के निर्णय से सभी को अवगत कराया गया। इसके अंतर्गत समाहरणालय के समीप अवस्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण 11.30 बजे पूर्वाह्न में किया जाएगा। इससे पूर्व कचहरी चौक से पावरगंज चौक, अपर बाजार, मिशन चौक से वापस न्यू रोड, पावरगंज होते हुए कचहरी चौक मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी जो बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास संपन्न होगी। इसके उपरांत समाहरणालय मैदान में स्कूली बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता की जाएगी। कला दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सेवानिवृत्त पदाधिकारियों/ कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को बाबा साहब की जीवनी से जुड़ी फिल्म भी दिखायी जाएगी। बाबा साहब से संबंधित पुस्तक का भी वितरण किया जाएगा। उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी को एसटी-एससी अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित विस्तृत जानकारी दिये जाने का निदेश दिया गया।

# जिला स्तरीय वर्ड पावर चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अणु का चयन, बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

प्राथमिक विद्यालय गौरियाकरमा की छात्रा अणु कुमारी का जिलास्तरीय वर्ड चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है । वह धोबियाटांड़ निवासी राजेश कुमार वर्मा की पुत्री है । जानकारी देते हुए विद्यालय के शिक्षक संजय विश्वकर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन पिरामल फाउंडेशन के तत्वाधान में किया गया था । जो त्रिस्तरीय क्लस्टर, प्रखंड और जिलास्तर पर आयोजित किया जाता है । इस प्रतियोगिता में बरही के विभिन्न क्लस्टर स्थित प्राथमिक विद्यालयो के कई विद्यार्थियो ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लिया था । जिसमें प्रखंड से मात्र आठ बच्चो का जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है । इसमें गौरियाकरमा सीआरसी से प्राथमिक विद्यालय गौरियाकरमा की एकमात्र छात्रा अणु कुमारी का चयन जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है । जो पुनः ऑनलाइन जिलास्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी । जहां मात्र 15 मिनट में 40 सवालों का ऑनलाइन ही जवाब देना होगा । इसके बाद स्टेट टीम विडियो चैटिंग के माध्यम से भी प्रतिभागियो का चयन करेगे । जहां अंतिम रूप से विजेता का चयन किया जाएगा । अणु की इस सफलता पर गौरियाकरमा पंचायत मुखिया कुमारी मीरा, उप मुखिया प्रीति देवी, युवा समाजसेवी राजन ओम, रजनी कांत ओम, संजय वर्मा, शिक्षक संजय विश्वकर्मा सहित वरिष्ठ समाजसेवी दुलार यादव आदि ने नन्ही बच्ची को बधाई देते हुए जिलस्तर पर अंतिम रूप से चयन होने के लिए शुभकामनाएं दी है ।

# सर्व अभियान को सफल बनाने वाले जवान और अधिकारी हुए पुरस्कृत

## कोबरा 203 परिसर में सैनिक सम्मेलन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

कोबरा 203 परिसर में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया । सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि डायरेक्टर जनरल (सीआरपीएफ) आईपीएस सुजाय लाल थाऊसन उपस्थित हुए । सम्मेलन में चतरा पलामू सीमा क्षेत्र अंतरागर्त लावालौंग के जंगल में माओवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन में शामिल कोबरा 203 वाहिनी, सीआरपीएफ 134 बटालियन के जवान सहित झारखंड पुलिस के अधिकारी शामिल थे । डायरेक्टर जेनरल ने सर्व अभियान में अदम्य साहस का परिचय देने वाले उपस्थित अधिकारियों और जवानों का हौसलावर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि उन्हें आप जैसे वीर और साहसिक जवानों और अधिकारियो पर नाज है । मौके पर डीजीपी रेंज बोकारो दिलीप कुमार चौधरी सहित कोबरा 203 के कमांडेंट राजीव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार, उप कमांडेंट विक्रांत कुमार, सहायक कमांडेंट प्रकाश कुमार द्विवेदी, रवि किरण गुर्राम, इंस्पेक्टर (जीडी) जेफरी हेमिंगचुल्लो, निल्मय सांग, राहुल कुमार, एचसी (आरओ) प्रदीप कुमार, संजीव रंजन सिंह, सीटी (जीडी) अजय कुमार, देवेंद्र कुमार, आदर्श ओझा, कृष्ण कुमार नायक, संजय चौहान, ई मारुति, सतीश कुमार मुंडा, विकेश कुमार सिंह, आदित्य राज, चिरंजीवी पार्टी, जी महेश नायडू और झारखंड पुलिस के आईजी (ऑपरेशन) होमकर अनमोल वेनुकांत, डीआईजीपी नरेंद्र कुमार सिंह, एसपी चतरा राकेश रंजन, एसडीपीओ सिमरिया अशोक रविदास, सब इंस्पेटर बजरंग उराव, रोहित साव, रामाशीष शुक्ला, बमबम कुमार, विरेंद्र यादव और प्रकाश कुमार यादव मौजूद थे ।

## डीसी की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक

# मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

जिला समाहरणालय सभाकक्ष में शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य अधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित हुए। वहीं, विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान सांसद, विधायक एवं उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों, कक्षा दसवीं तथा कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत मेधावी छात्र छात्राओं हेतु डीएमएफटी मद से विशेष कोचिंग कराने, विभिन्न विद्यालयों में शौचालय निर्माण एवं पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, रामगढ़ जिले के सभी थानों के हाईवे पेट्रोलिंग/गश्ती वाहन के लिए स्ट्रेचर बेड उपलब्ध कराने, रामगढ़ जिले के सभी थानों के लिए स्पीड गन कैमरा उपलब्ध कराने, सभी यातायात पोस्टों के लिए एलइडी बैटन लाइट( चार्जेबल ), पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण, ईकोटूरिज्म के विकास के माध्यम से पलाश के फूलों से अमीर बनाने हेतु संयंत्रों के निर्माण, साल/पलाश के पत्तों से पत्तल/दोना का निर्माण हेतु संयंत्रों के प्रावधान, रियल टाइम पॉल्यूशन मॉनिटरिंग संयंत्रों के अधिष्ठापन, विभिन्न क्षेत्रों से होने वाले धूल प्रदूषण को कम करने हेतु वेकिल माउंटेड स्प्रिंकलर कम फॉगर उपलब्ध कराने, खनन गतिविधियों के कारण बिखरे हुए हाथियों के झुंड की आवाजाही पर नजर रखने हेतु थर्मल ड्रोन की उपलब्धता सुनिश्चित करने, हाथी प्रभावित गांव में अनाज/ महुआ के भंडारण हेतु रबर का ढक्कन लगे हुए ड्राम की उपलब्धता सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रिक क्रिमेटोरियम गांधी घाट रामगढ़ में जनरेटर सेट के अधिष्ठापन, रामगढ़ जिला अंतर्गत उच्च विद्यालयों में इस्टैब्लिशमेंट ऑफ वर्चुअल रियलिटी लैब, गोला मार्केट के आगे के भाग में पीसीसी पथ का कार्य, आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं आवश्यकता अनुसार नए आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण आदि पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाएं जो डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति से अनुमोदित हैं उनके न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु योजनाओं पर सांसद, विधायक, उपायुक्त एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । वहीं, बैठक के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों ने भी विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की मांग को सभी के समक्ष रखा। बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी जनप्रतिनिधियों से डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका सहित सभी क्षेत्रों से योजनाओं को चुनने एवं उन्हें अनुशंसा हेतु भेजने की अपील की। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## असामाजिक तत्वों ने 2 एकड़ में लगे आम की बागवानी में लगाई आग, लाखों का नुकसान



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत शीलाडीह के ग्राम बाराडीह में भागीरथ पाण्डेय एवं मिथिलेश पाण्डेय दोनों के पिता स्व. जगदीश पाण्डेय के भूमि पर 2 एकड़ में मनरेगा योजना से लगे आम के पेड़ को अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया। जिससे 2 सौ आम का पौधें और अन्य शीशम, सागवान का एक सौ पौधें जलकर स्वाहा हो गया । वहीं नबार्ड की ओर से उक्त स्थल पर लगाये गए पानी पटाने का पाइप भी जल गया जिससे भुक्तभोगी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। इस बाबत भुक्तभोगी मिथिलेश पाण्डेय ने बताया कि अज्ञात लोगों के द्वारा रात में आम के बागवानी में आग लगा दिया गया। जिसकी सूचना हमें सुबह में मिली। जब हम अपने बगीचे में गए तो देखा सभी आम का पेड़ जिसमें फल भी लगा हुआ था जलकर स्वाहा हो गया है। इस बाबत हमने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को सूचित कर दिया है ओर दोषियों पर कार्रवाई कर उचित मुआवजे की मांग किया हूं। वहीं उक्त स्थल का गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा, मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने स्थलीय जांच किया। थाना प्रभारी ने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और शिनाख्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में शोक सभा का आयोजन दिवंगत शिक्षा मंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

**बरही ।** झारखंड के शिक्षा मंत्री स्व टाईगर जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थे। सबों ने दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि देकर मृतात्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया । प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि राज्य के शिक्षा मंत्री का अचानक जाना एक दुखद घटना है जो राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। स्व महतो सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास करते थे । उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन झारखंड में शिक्षा के साथ हर वर्ग के विकास के लिए लगा दिया। प्राचार्य ने उपस्थित बच्चों से अपील किया कि जीवन मृत्यु तो एक सच्चाई है । जिसे नकारा नही जा सकता है परंतु जो समाज के लिए जीता है वह मरकर भी अमर है । आज पूरे राज्य में स्व महतो के प्रति उमड़ी संवेदनाएं यह दशार्ती है की वह अनंत काल के लिए अमर है, जिनको काल भी नही ले जा सकता है । आज उनकी स्मृतियां शेष है परंतु कार्य अमर है । उन्होंने बच्चो से भी ऐसे ही काम करने की अपील किया । जिससे दुनिया में उनका नाम अमर हो जाए ।

## यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण



**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के सभागार में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एनटीपीसी चट्टी बरियातू खनन परियोजना के सौजन्य से यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण कीट का वितरण किया गया। मौके पर यक्ष्मा जिला पदाधिकारी राजकिशोर जयसवाल, एनटीपीसी के अनिल कुमार गुप्ता, चिकित्सा प्रभारी रत्ना रानी मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यक्ष्मा जिला पदाधिकारी राजकिशोर जयसवाल ने कहा कि यक्ष्मा मरीजों को घबराना नहीं चाहिए। नियमित दवा का सेवन से और पौष्टिक आहार लेने यक्ष्मा रोग से मुक्ति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि यक्ष्मा रोगी हमेशा मास्क का उपयोग करें ताकि संक्रमण का फैलाव न हो। कार्यक्रम में डीपीसी टिपू सुल्तान, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह,भावेश सिंह समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# पहला महिला सम्मान बचत पत्र खाता खोलने पर हुई सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रामगढ़ कैंट सब डिवीजन अंतर्गत चितरपुर उप डाकघर में शनिवार को पहला महिला सम्मान बचत पत्र खाता खोला गया। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिला सम्मान बचत पत्र का शुभारंभ 1 अप्रैल 2023 से किया गया है। रामगढ़ में पहला महिला सम्मान बचत पत्र खाता चितरपुर उप डाकघर में शिवानी कुमारी, पिता दीपक कुमार जायसवाल, सिकनी निवासी का खोला गया है। भारत सरकार द्वारा महिला सम्मान बचत पत्र के माध्यम से 7.5 प्रतिशत की निश्चित ब्याज दर पर 2 वर्ष की अवधि के लिए महिलाओं या बालिकाओं के नाम पर 2 लाख रूपए तक की जमा सुविधा प्रदान की जाएगी। यह खाता 31 मार्च 2025 के बाद नही खुलेगी। महिलाएं महिला सम्मान बचत पत्र से लाभ प्राप्त करने के लिए अपने नजदीकी डाकघर में खाता खुलवाएं। शनिवार को चितरपुर उप डाकघर में महिला सम्मान बचत पत्र की पहली बालिका को डाक विभाग परिवार द्वारा सम्मानित भी किया है। इस अवसर पर डाक सहायक रविशंकर राय, प्रवीण कुमार नायक, विशेश्वर पासवान, दीपक कुमार जायसवाल, सुनील कुमार, शशि कुमार समेत डाक विभाग के अन्य कर्मचारी और डाक विभाग के ग्राहक उपस्थित हुए। सभी ने शिवानी कुमारी और उनके अभिभावक दीपक कुमार जायसवाल को बधाई दी। डाक सहायक रविशंकर राय ने कहा कि महिला सम्मान बचत पत्र बहुत ही अच्छी योजना है। महिलाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए।

# बिरसा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

शहर के बिरसा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास 5 अप्रैल को मंत्री श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार सत्यानंद भोक्ता के द्वारा किया गया था। इसी क्रम में शनिवार को बिरसा बस स्टैंड परिसर में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा एवं उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा सहित अन्य ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने बताया कि डीएमएफटी के तहत बिरसा बस स्टैंड का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है । जो जिले वासियों को कई सुविधाएं देगा । उन्होंने जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने के उपरांत लोगों बिरसा बस स्टैंड में उपलब्ध होने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने की अपील की। बिरसा बस स्टैंड, रामगढ़ बहुप्रतीक्षित बिरसा बस स्टैंड रामगढ़ के जीर्णोद्धार के उपरांत यात्रियों को उपलब्ध होंगी आधुनिक सुविधाएं।

### जन जागरूकता अभियान के तहत

# सॉफ्टेक कंप्यूटर का रजत जयंती कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

हजारीबाग रोड यूनियन बैंक के ऊपरी तल्ला पर संचालित राष्ट्रीय कंप्यूटर साक्षरता मिशन की अधिकृत इकाई सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन रविवार से अपने स्थापना के रजत जयंती की शुरूआत करेगा। उक्त जानकारी केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी । उन्होंने बताया कि सन 1997 में मात्र पांच स्टूडेंट्स से प्रारंभ हुए इस केंद्र ने अब तक बरही के तक हजारों लोगो को कंप्यूटर प्रशिक्षित कर रोजगारोन्मुख बनाया है। बरही अनुमंडल में कंप्यूटर का अलख जानेवाला इस अनुमंडल का एक मात्र कंप्यूटर संस्थान है जो आईएसओ और आईएओ सदस्यता प्राप्त संस्थान आरसीएमएम नई दिल्ली की अधिकृत शाखा है। उन्होंने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर निशुल्क प्रशिक्षण के साथ विभिन्न सरकारी और गैरसरकारी योजनाओ के माध्यम से कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम चलाकर लोगों को प्रशिक्षित किया गया । जिसके आज सार्थक परिणाम भी दिख रहे है । आज कंप्यूटर समय की मांग है, इसके अभाव में पढ़ लिखे भी निरक्षर है।

# दो वाहनों की टक्कर में एक चालक की मौत,दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

गोरहर थाना क्षेत्र स्थित जीटी रोड गोरहर पूल के पास हुई सड़क दुघर्टना में एक ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात की है। ट्रक नम्बर यूपी 77 एएन 3887 एवं ट्रक नम्बर यूपी 79 टी 3011 में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद ट्रक नम्बर यूपी 77 एएन 3887 के चालक ग्राम नगला डुली ,जिला फिरोजाबाद ,यूपी निवासी राजीव कुमार सिंह 48 वर्ष पिता पुरन सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे के बाद चालक को ग्रामीणों के मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला जा सका। वहीं ग्राम शिकोहाबाद, इटावा यूपी निवासी पुरन चौहान 25 वर्ष पिता मोहन चौहान एवं ग्राम भोगनीपुर कानपुर निवासी मो युनूस 18 वर्ष पिता मो पप्पु गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में पुलिस ने दोनों को बरकट्ठा अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा दिया।

## वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार की मौत

**कोडरमा।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा कोवार मुख्य मार्ग पर शनिवार को गरचांच पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान डंडाडीह निवासी नारायण शर्मा ( 65 ) के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक उक्त व्यक्ति स्कूटी से अपने घर डंडाडीह लौट रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस एसआई अमित कुमार, एएसआई दिलीप कुमार मंडल ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। क्षतिग्रस्त स्कूटी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

**दी बधाई** | सेक्रेड हार्ट स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

# पहले स्थान पर रहा आकाश हाउस



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**

सीसीए कार्यक्रम के तहत सेक्रेड हार्ट स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्ग 6 से 8 तक के इस प्रतियोगिता में आकाश हाउस को प्रथम, पवन हाउस को द्वितीय और पानी हाउस को तृतीय स्थान मिला, जबकि धरती हाउस चौथे स्थान पर रहा। यहां विजेताओं में एंजेल भारती, ऋषिका कुमारी, आयुष कुमार, कुणाल पांडेय, पीयूष राज मोदी, नित्या वाणी, सौरव रंजन, ऐश्वर्या प्रीत, बबली कुमारी, आराध्या जायसवाल, सौम्या कुमारी और साक्षी यादव के नाम हैं। वहीं दूसरी ओर वर्ग नवम-दशम में अनुशासन और मोरल वैल्यू पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वर्ग नवम में संकल्प कुमार, सैलवी सिंह, माही सिंह, शुभम कुमार, स्वाति कुमारी, तनीषा शर्मा, सौम्या कुमारी, अनिंदिता कुमारी और शालिनी मोदी को अपने-अपने सेक्शन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। जबकि वर्ग दशम में वंदना कुमारी, कौशांबी मालवा, मेघा सिंह, प्रियांशु कुमार सिंह, नयनतारा गुप्ता, जहान्वी कुमारी, जीया कुमारी, शीतल कुमारी और वीरेंद्र कुमार को अपने-अपने सेक्शन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। विद्यालय के एकेडमिक डॉयरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों को बधाई दी।

# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नए सत्र का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार से नए सत्र का शुभारंभ हुआ । इस अवसर पर विद्यार्थियो के बीच कविता पाठ भाषण प्रतियोगिता इत्यादि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में नर्सरी से चतुर्थ के लिए कविता पाठ और ऊपर के कक्षाओं के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे विद्यार्थियो ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। प्राचार्य रोहित सिंह ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है । आज के इस कार्यक्रम में विद्यार्थियो ने अपनी सोच एवं सृजनशीलता का बेहतर परिचय दिया । विद्यालय विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में कौशल का विकास व उनकी प्रतिभा का चहुमुखी विकास हेतु सदैव पहल करता रहा है और आगे भी करता रहेगा । इस नए सत्र की शुरूआत प्रतियोगिता से कराने का हमारा उद्देश्य नए बच्चों के अंदर एक उत्साह का संचार करना ताकि वो नए जोश के साथ अपनी पढ़ाई की शुरूआत कर सके। प्रतियोगिता में छवि, गुंजन, राजनंदनी, अवनी सिंह, अर्वंतिका, सक्षम, आदर्श, नाजिया, अभिषेक, आशीष, रिया रानी, पलक, सुहानी, बिंदिया, सृष्टि, जैसमीन, राजन, प्रिंस ,सुजल, तमन्ना, रेहान, अभिनव, लक्ष्मी, विद्या, अर्चना आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

## NEWS इन ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर उर्दू उवि में शोक

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखण्ड के उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह में शनिवार को विद्यालय खुलने पर प्रदेश के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा उत्पाद एव मद निषेध मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति का कामना कि गई । मौके पर प्रधानध्यापक देवनन्दन नायक, पारा शिक्षक सयुम अंसारी,महाबीर उराँव,कृष्णा उराँव,रौशन गुलाब आदि उपस्थित थे।

### मीडिया प्रभारी के निधन पर संघ ने जताया शोक

**सिमडेगा।** पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के कुरडेग प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष एवम जिला स्वयं सेवक संघ के मीडिया प्रभारी उदित कुमार मिश्रा शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में मौत हो गई इधर मौत की सूचना के बाद जिला पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के अंदर शोक की लहर दौड़ पड़ी उन्होंने घटना को लेकर गहरी शोक व्यक्त की है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र नायक ने कहा कि उदित कुमार मिश्रा के निधन से संघ को काफी नुकसान हुआ है इसकी भरपाई कभी नहीं हो पाएगी। पीड़ित परिवार से मुलाकात करते हुए संघ की ओर से हर संभव मदद देने की बात कही वह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए प्रखंड से सभी लोग शामिल हुए।मौके पर बानो से बिरुसू सिंह, दिलबर नाग,दुरपत मांझी, लालचंद मां जी उतम हरदेव अर्जुन चमेली साहू बलिराम सिंह,बिना कुमारी , सुनीता देवी, सुखराम मांझी एव जिला परिषद के उपाध्यक्ष सोनी कुमारी उसके साथ में शिल्पी कुमारी आदि शामिल हुए।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया साथ ही लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की बात कही गई। जिसे लेकर कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर खाना मोड़ कोलेबिरा तक जागरूकता रैली निकाला गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस में इस वर्ष हेल्थ फॉर ऑल ( स्वास्थ्य सबके लिए ) थीम पर पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग के साथ जागरूकता अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। इस अभियान में यहाँ के सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मी और डॉक्टर हिस्सा ले रहे हैं।

## सरखुटोली में 2 मवेशी की हत्या, लोगों में रोष

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
पाकरटांड थाना क्षेत्र के खेरवाड़ा सरखुटोली गांव में जंगल में अज्ञात लोगों के द्वारा प्रतिबंधित मवेशी की हत्या की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे ।सूचना मिलने के साथ ही प्रतिबंधित भविष्य की हत्या कर रहे ग्रामीण घटनास्थल से फरार हो गए ।घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद सूचना मिलने के साथ ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हत्या में प्रयोग किए गए सभी प्रकार सामान एवं प्रतिबंधित मवेशी को जप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों को सूचना मिली कि अज्ञात 2 प्रतिबंधित मवेशी काटा जा रहा जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण जुटे और जंगल की ओर रवाना हुए तो वहां पर जाकर देखा कि एक प्रतिबंधित मवेशी काटकर हटा दिया गया है जिसकी सिर्फ चमड़ा था वही दूसरा को काटने की तैयारी कर ली गई थी स्थानीय लोगों के आने की सूचना मिलने पर अज्ञात लोग फरार हो गए थे इधर प्रतिबंधित मांस काटने की सूचना पर पूरे हिंदू समुदाय के लोग काफी उग्र हो गए और कार्रवाई की मांग करने लगे उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पस्का पर्व को लेकर कुछ लोगों के द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया।

## पुस्तकालय के संचालन को लेकर की बैठक

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के कौशल विकास केंद्र के सभागार में नवनिर्मित पुस्तकालय के सफल संचालन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों समेत प्रखंड के कई लोग उपस्थित हुए। इस पुस्तकालय से ज्यादा से ज्यादा बच्चों को लाभ मिल सके जिसे लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान वीडियो डॉक्टर शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि पुस्तकालय का निर्माण सरकार द्वारा एक विशेष उद्देश्य से की जा रही हैं। इस पुस्तकालय में दूसरे प्रखंड के पुस्तक प्रेमी भी पढ़ाई कर सकें।

## दो जंगली हाथियों के उत्पात से परेशान ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
थाना क्षेत्र के ओडगा ओपी अंतर्गत पतिअम्बा गट्टीगाढ़ा में दो जंगली हाथियों के उत्पात से रात भर लोग सो नहीं पाए। यहां हाथियों ने कोमल सुरिन के घर को अपना निशाना बनाया। घर के दीवार को तोड़ कर घर में रखे धान और चावल को भी खा गए। वहीं हाथियों ने कारीमाटी बनटोली में विलियम समद के घर में रखे महुआ, आलू, भूसा का बोरा को अपने साथ ले गए और ईट का चारदीवारी को भी तोड़ कर चले गए। काफी नुकसान होने से परिवार वाले चिंतित हैं और जल्द से जल्द विभाग से मदद की गुहार लगाए हैं।



### भंडरा थाना क्षेत्र में हुई घटना, काम बंद करने की दी चेतावनी

# उग्रवादियों ने मजदूरों से की मारपीट, मोबाइल फोन छीने

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा / लोहरदगा**
थाना क्षेत्र के नंदनी नदी से नदी नगड़ा तक भाया मुख्य नहर के निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ बीती रात मारपीट कर काम बंद करने अन्यथा बुरा अंजाम भूगतने की चेतावनी उग्रवादियों द्वारा दी गई है। इस क्रम में उग्रवादी मजदूरों के सात मोबाइल छीन कर अपने साथ ले गए। घटना के संबंध में कार्यस्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि रात में 10:30 बजे के आसपास मोटरसाइकिल में 6 उग्रवादी राइफल नुमा बड़े हथियार लेकर आए। मजदूरों के रहने वाले जगह पर लगभग 50 मजदूर थे। सभी मजदूरों के साथ मारपीट की और मजदूरों का मोबाइल छीन लिया। हथियारबंद उग्रवादियों ने नहर निर्माण में काम नहीं करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि अगर नहर निर्माण में काम किया तो बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा।



उग्रवादियों के द्वारा एक पर्चा भी मजदूरों को दिया गया, जिसमें ठेकेदार से लेवी की मांग की गई है। पर्चा में कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान पीएलएफआई लिखा हुआ है। उग्रवादियों द्वारा दिया गया पर्चा पुलिस अपने कब्जे में ले ली है। इस संबंध में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि नंदनी नदी से नदी नागड़ा तक नहर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के पड़ाव स्थल में अपराधी आए थे। मजदूरों के साथ मारपीट कर मोबाइल छीन कर ले गए हैं। पुलिस द्वारा इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। नहर निर्माण में लगे मजदूर बंड़ा पतराटोली के पास झोपड़ी बनाकर नहर निर्माण का कार्य कर रहे थे। सभी मजदूर पश्चिम बंगाल के हैं। रात में खाना खाने के बाद मजदूर सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी क्रम में मोटरसाइकिल में छह हथियारबंद उग्रवादी आए और मजदूरों के साथ मारपीट करने लगे। मजदूरों ने कहा कि हमारी क्या गलती है। हमें क्यों मार रहे हो। तब उग्रवादियों ने कहा कि नहर निर्माण का कार्य नहीं करना है। जब तक कि ठेकेदार लेवी नहीं देता है। बगैर लेवी दिए काम शुरू करने पर अंजाम भुगतना पड़ेगा।

## गार्ड में बहाली को लेकर 161 लोगों के साथ हुई ठगी

**सिमडेगा।** भेंगरा सिक्योरिटी सर्विस एजेंसी बंडामुंडा ओडिशा के द्वारा सिमडेगा और गुमला जिले के लगभग 161 लोगों से सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 7 से 8 लाख रुपये का ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर ठगी के शिकार हुए भुक्तभोगीयों ने अपनों के बीच दिनांक 8 अप्रैल 2023 को कोलेबिरा स्थित नए बाजार में बैठक कर इससे संबंधित जानकारी उपायुक्त सिमडेगा श्रम अधीक्षक सिमडेगा एवं पुलिस अधीक्षक सिमडेगा को देने की बात कही जिसे सिक्योरिटी एजेंसी पर उचित कार्रवाई हो सके। जानकारी के अनुसार भेंगरा सिक्योरिटी सर्विस एजेंसी लोगों को नौकरी देने के नाम पर किसी से 7000 किसी से 10,000 तो किसी से 15000 की वसूली कर चुकी है। जिससे कि 161 लोग इसके शिकार बन गए और कुल मिलाकर सात से आठ लाख रुपए सिक्योरिटी कंपनी लोगों को ठगकर चले गए। भुक्तभोगी यों ने बताया कि वे पिछले 3 महीनों से इस बात को लेकर काफी परेशान है कई बार उनकी सिक्योरिटी कंपनी से भी वातालांप हुई इसमें सिक्योरिटी एजेंसी वाले टालमटोल करते नजर आ रहे हैं। इसे लेकर भुक्तभोगी बेंगरा सिक्योरिटी सर्विस एजेंसी पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सिमडेगा एवं श्रम अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## 7 बाइक जब्त, नियम के तहत होगी कारवाई



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर डीटीओ मनीष कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान छोटी वाहन से लेकर भारी वाहन का जांच किया गया। जांच के दौरान वाहन से संबंधित कागजात का जांच किया गया। जिसमें त्रुटि पाए जाने पर 7 बाइक को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। बताया जाता है, कि जब्त बाइक का कागजात में त्रुटि पाया गया है। जिसको लेकर परिवहन नियम के अनुसार बाइक मालिक से जुमार्ना राशि की वसूली किया जाएगा। परिवहन विभाग कर्मियों के अनुसार बता दें कि ससमय वाहन का कागजात दुरुस्त नही किए जाने से विभाग को राजस्व की क्षति हो रहा है। वैसे वाहन मालिक नियम को ताख पर रख कर धड़ल्ले से वाहन परिचालन करवा रहे है। जिसको लेकर जिला के अलग अलग क्षेत्र में आदेशनुसार लगतार वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। वैसे वाहन मालिक को चेतावनी दिया गया जिसका वाहन का कागजात अधूरा है। जो ससमय परिवहन विभाग से संपर्क कर कागजात दुरुस्त करा लें वाहन जांच के दौरान अमरेश भार्ती सहित परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावे सेन्हा थाना के पुलिस जवान मौजूद थे।

## संवेदक संघ चुनाव में भारी हुई धांधली : अनूप

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा में हुए संवेदक संघ की चुनावी प्रक्रिया में मिस्टर मोइनुद्दीन 15 वोट से जीत गए थे जिसके बाद प्रतिद्वंदी रहे अनूप केसरी ने चुनावी प्रक्रिया में धांधली करने का आरोप लगाया है उन्होंने कहा कुछ रजिस्ट्रेशन पेपर एवं स्कैनिंग करके फॉल्स वोट डाला गया है, क्योंकि सिमडेगा जिला में जितना रजिस्ट्रेशन पेपर वोटिंग के दिन दिखाया गया है उतना रजिस्ट्रेशन पेपर है ही नहीं तो मेरा कहना है की यह रजिस्ट्रेशन पेपर आया कहां से बिल्कुल शीशे की तरह साफ है की चुनाव में भारी धांधली की गई है और मुझे हराने के लिए एक षड्यंत्र



रचा गया था ।जो अब पूरी तरह पदार्फाश हो चुका है। मैं इस चुनाव का घोर विरोध करता हूं और मैं चुनाव को और चुनाव परिणाम को किसी भी तरह मुझे स्वीकार नहीं, उन्होंने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराए हुए सभी पर्यवेक्षकों को लिखित आवेदन देते हुए कहा कि एक निष्पक्ष स्वच्छ चुनाव फिर से हो।

## सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन में नामांकन प्रारंभ

**सिमडेगा।** शहर के मुख्य पथ पर स्थित इलाहाबाद बैंक (इंडियन बैंक) के ऊपरी तल्ले पर स्थित सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन में कंप्यूटर शिक्षा, प्रतियोगी क्लासेस, स्पोकन इंग्लिश और जैक बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड क्लास नवमी दशमी 11वीं और 12वीं क्लास की मैथ एवं साइंस के लिए के लिए नामांकन प्रारंभ हैं।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन में कंप्यूटर कोर्स के डीसीए, एडीसीए, डीसीटीटी, टैली, सी प्लस प्लस, जावा इत्यादि कोर्स के लिए नामांकन जारी हैं। संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर अनेकों विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

## आरपी स्कूल का परीक्षाफल वितरित

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो/लोहरदगा**
प्रखंड के उतका में स्थित आर. पी. मेमोरियल हाई स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया। कक्षा 6 से प्रथम स्थान मनीषा उराव, दूसरा स्थान नवीन बाखला तथा तीसरा स्थान मरियम खातून रहीं। सप्तम से प्रथम स्थान अंकित उराव ,दूसरा स्थान विनीत उराव तीसरा स्थान पर शशि उराव रहें। अष्टम कक्षा से प्रथम स्थान खुशी कुमारी,दूसरा स्थान सीमा कुमारी, तीसरा स्थान न्याशा कुमारी सफल हुए।नवम कक्षा से प्रथम मोजाहिद राजा, दूसरा स्थान अंकित उराव व शिवा कुमार साहु तीसरा स्थान सतीश उराव सफल रहें। इस मौके पर उपस्थित अभिभावकों व छात्र



छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार सुमन ने कहा, सभी विद्यार्थी परिश्रम पर फोकस रखें आज के दौर में सभी को स्वयं के विकास में ध्यान देना चाहिए सफलता अवश्य मिलेगी। मौके पर अभिभावक, श्याम उराव, बजरंग साहु, कमला उराव, मनोज महतो,छेदी उराव, उर्मिला उराव, तनूजा कुमारी,जमशेद खान,सुगनी उराव, सिकंदर मिरदाहा,सुल्तान खान, जहरुल खान, तैयब मलिक के साथ शिक्षक शिक्षिका व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## योग शिविर का किया शुभारंभ

**सिमडेगा।** पतंजलि योग समिति जिला इकाई सिमडेगा की ओर से शनिवार से सिकरियाटांड इंद मैदान में 7 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया।इस शिविर के संचाल राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम लालचंद नायक, देवेंद्र सोनी ,तुलसी साहू, जसिंता कुमारी के द्वारा सामूहिक द्वीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया । योग सुबह 5:00 से 7:00 बजे तक की गईं। वही। राज्य प्रभारी के द्वारा योग में सूर्य नमस्कार की 12 स्थितियों के साथ कराया गया मुख्य आसन में ताड़ासन, वृक्षासन, मयूरासन, हलासन आदि योग कराये और ईश्वर से जुड़ने की अपील की।

### परेशानी : कंजोगा वासियों ने बैठक कर लीज की समस्या रखी सामने

# खदान से घरों में दरार, विधायक से शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कोलेबिरा प्रखण्ड के कंजोगा ग्राम में शनिवार को महिला समूह द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी को ग्रामीणों ने अपनी समस्यायों से अवगत कराया। सर्व प्रथम लोगों ने कहा कि हमलोगों की मुख्य समस्या पत्थर लीज की है, जहां लीजधारी के द्वारा हमलोगों को धमकी देकर, हमलोगों का रैयती जमीन पूरी तरह से बर्बाद की जा रही है। अगर हमारी जमीन खत्म हो जाएगी तो खेती तो दूर की बात है हमलोग गाय बैल को चराने कहां जाएंगे। रात को सो नहीं पाते हैं। हमलोगों का पत्थर तोड़ने वाली मशीन के चलने से घरों में दरार पर जा रही है।



विधायक ने ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा जिला अनूसूचित पांच के अन्तर्गत आता है। उसी जिला में कोलेबिरा प्रखण्ड है और उसी में कंजोगा राजस्व ग्राम है। सीएनटी की धारा 46 में स्पष्ट है कि कोई भी आदमी आदिवासी और अनूसूचित जाति की जमीन को कोई गैर आदिवासी समुदाय लीज नहीं करा सकता है। लीज का प्रावधान है कि कोई भी लीज पर घर पांच सौ मीटर से दूर हो, डस्ट से ग्रामीण प्रभावित न हों और यहां देख रहे हैं कि जहां खदान किया जा रहा है उसके बगल में आंगनबाड़ी केंद्र है, गांव बसा हुआ है, लोगों के घरों में दरार पड़ा हुआ है। ये सरासर गलत है। इसलिए लीज का जांच कर पुनः लीज की प्रक्रिया शुरू की जाए। अगर कोई भी बहला फुसलाकर आवेदन पर हस्ताक्षर करा लेता है तो वो गैर कानूनी है, उसके लिए छह महीने की जेल का प्रावधान है। साथ ही कहा कि खदान से सम्बंधित समता जजमेंट कानून में प्रावधान है कि जहां किसी प्रकार का खदान किया जाता है वहां से जो राजस्व प्राप्त होता है तो उस राजस्व से उसी आस पास के विकास कार्य में खर्च किया जाना चाहिए। जिसे डीएमएफटी फण्ड कहा जाता है। लीज में प्रावधान है कि ग्रामसभा के माध्यम से लीज का निराकरण किया जाना है। उक्त लीज पर संवैधानिक प्रक्रिया नहीं अपनाई गई तो सरकार तक बात को पहुंचाऊंगा।

इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, श्यामलाल प्रसाद, प्रखण्ड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,अमृत डुंगडुंग, सुनील खड़िया, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, कन्दरू नायक, राजेश कोनगाड़ी, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## भ्रष्ट राज्य सरकार की नींव हिला देंगे : बालमुकुंद सहाय

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
भाजपा द्वारा आगामी 11 अप्रैल को आहूत सचिवालय घेराव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आज सिमडेगा जिला के भाजपा कार्यलय में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अथिति के रूप में प्रदेश के महामंत्री बालमुकुंद सहाय मौजूद रहे। सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं के बीच मे काफी उत्साह देखने को मिला। सिमडेगा जिला से हजारों की संख्या में सचिवालय घेराव कार्यक्रम में कार्यकर्ता के साथ साथ ग्रामीण शामिल होंगे। कार्यक्रताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री ने कहा कि अभी राज्य में महाठगबंधन की सरकार चल रही है। यह सरकार भ्रष्टाचारयुक्त है,राज्य के नवजवानों,महिलाओं,




आदिवासियों, दलितों एवं पिछड़े वर्ग को ठगने वाली सरकार है। राज्य में आज कानून ब्यवस्था चरमरायी हुई है, अपराध अपने चरम पर है। पिछले तीन साल से झारखण्ड में विकास ठप है। राज्य सरकार नियोजन नीति और स्थानीय नीति के नाम पर धोखा देने का काम कर रही है। लोगों में इस सरकार के प्रति नाराजगी व्याप्त है। इस सरकार से राज्य के लोगों का विश्वास पूरी तरह से उठ चुका है। अब यहां के लोगों को समझ मे आ चुका है कि राज्य का विकास अगर कोई कर सकता है तो सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है।

# जेल में कैदी की तबीयत बिगड़ी, सदर अस्पताल में भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेंट्रल जेल मेदनीनगर में बीती रात एक कैदी बसंत महतो की अचानक तबीयत खराब हो गई। इसके बाद जेल कर्मियों के द्वारा सुरक्षा के बीच उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात 11:00 बजे सेंट्रल जेल में बंद कैदी पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम खामडीह निवासी बसंत महतो की अचानक तबीयत खराब हो गई। और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद जेल कर्मियों के द्वारा उसे सुरक्षा के बीच इलाज के लिए तुरंत मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसके बाद जेल प्रशासन के द्वारा इस घटना की जानकारी बसंत



महतो के परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलने पर शनिवार की सुबह परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और बसंत की सेवा करने में लग गए हैं। परिजनों का जेल प्रशासन से आग्रह है कि बसंत को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा जाए, सदर अस्पताल में उनकी तबीयत ठीक नहीं हो रही है। बताते चलें कि 4 महीना पहले से बसंत महतो सेंट्रल जेल में रेप केस का सजा काट रहा है। उसके गांव की ही एक लड़की ने उसपर रेप का आरोप लगाया था। आरोप लगाने के पश्चात कुछ दिन से बसंत महतो फरार चल रहा था। इसके बाद खुद वह कोर्ट में जाकर जज के सामने सरेंडर किया। तब से वह जेल में है। सदर अस्पताल में कैदी बसंत महतो की सुरक्षा में चार पुलिसवाले तैनात किये गये हैं।

# जंगली सुअर के हमले से व्यक्ति हुआ घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के खूरा कला गांव निवासी राजदेव भुइयां जंगली सुअर के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार राजदेव भुइयां उम्र 50 वर्ष शनिवार की सुबह अपने घर से पास के जंगल में मवेशियों को चराने निकला था। इसी दौरान जंगली सूअर ने उस पर हमला बोल दिया। इसके बाद जंगल में ही गाय चराने वाले एक अन्य व्यक्ति ने इस घटना की जानकारी घायल राजदेव भुइयां के परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद घायल के परिजन जंगल पहुंचे। और उसे इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया।

## NEWS इन ब्रीफ

### योग शिविर की बैठक

**छतरपुर।** ओम जी, आज सरईडीह रोड हनुमान मंदिर परिसर में पतंजलि परिवार छतरपुर की एक बैठक संध्या 7:00 बजे से हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने दिनांक 9 अप्रैल से 13 अप्रैल तक पांच दिवसीय योग शिविर स्थानीय उच्च विद्यालय के मैदान में प्रातः 5:30 बजे से 7:00 बजे तक किए जाने का निर्णय लिया। योग शिविर के दौरान प्रशिक्षण का कार्य पलामू जिला प्रभारी राजीव शरण जी करेंगे। आज की बैठक में राम देनी गुरु जी, योगेंद्र प्रसाद, महेश यादव ,जी, उदय प्रसाद जी, अनुपम कुमार चौधरी जी, राजनीश कुमार वार्ड पार्षद, जितेंद्र राम ,सुरेंद्र प्रजापति, अजीत कुमार व सुमन्त सिंह, उपस्थित रहे ।सभी से आग्रह किया गया है की प्रचार के लिए अपने छतरपुर में मंदिर के माइक के माध्यम से सुबह शाम प्रचार किया जाए।आप सभी नगर वासियों से निवेदन है कि इस शिविर में शामिल होकर स्वस्थ्य लाभ ले।

### सुदूरवर्ती क्षेत्रों मे स्वास्थ्य सुविधा : विधायक

पांकी। स्वास्थ्य सुविधा गावों में उपलब्ध हो इसके लिए सतत प्रयासरत हैं। उक्त बातें पांकी विधायक डा०शशिभूषण मेहता ने कही। वे शनिवार को पांकी के नावगगढ़ में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण के शिलान्यास उपरांत बोल रहे थे। विधायक ने कहा नावगगढ़ क्षेत्र मे स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके इसके लिए भवन निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों को ईलाज के लिए पांकी सीएचसी अथवा मेदनीनगर जाना पड़ता है। अब गांवों मे ही चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। मौके पर प्रो० बच्चन ठाकुर, चंदन सिंह, लाला यादव, वशिष्ठ सिंह, सुदेश यादव, मंटू शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आग लगने से संपत्ति राख

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बिशुनपुर गांव निवासी रामनंदन राम और संतोष राम के दो घरों में अचानक आग लगने से अनाज, कपड़े, बर्तन, मवेशी का चारा और 60 हजार रुपए नगदी समेत करीब एक लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गयी। वहीं आग बूझाने में गृह स्वामी रामनंदन बूरी तरह झुलस गये। बताया जाता है कि आग लगने की सूचना पर हुसैनाबाद फायर बिग्रेड की टीम द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। परंतु तब तक सबकुछ जल कर राख हो गया। भुक्तभोगी गृहस्वामी को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया। इस आगजनी से घर में रखें अनाज, कपड़े, बर्तन समेत जरूरी सामान जलकर राख हो गये।

# आज मनेगा ईस्टर संडे पर्व



### येसु मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में मनाया जाता है ईस्टर संडे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के ईसाई समुदाय के द्वारा रविवार को सभी गिरजाघरों में ईस्टर संडे मनाया जायेगा। ईस्टर ईसाई धर्म के महत्वपूर्ण पर्वों में से एक है। येसु मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में सम्पूर्ण विश्व के मसीहियों के साथ-साथ पलामू और आस पास के क्षेत्रों के मसीहियों द्वारा रविवार को ईस्टर पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे के तीसरे दिन येसु मसीह जीवित हो गए थे, जैसा कि उन्होने अपने जीवनकाल में कई बार संकेत दिया था। ईसाई धर्म के लोग इस पर्व को ईस्टर संडे के नाम से मनाते हैं। ईस्टर को पुनरूत्थान दिवस अथवा पुनरूत्थान रविवार भी कहते हैं। शहर में स्थित सीएनआई चर्च, यूनियन चर्च, महारानी चर्च में ईस्टर डे धूमधाम से मनाया जाएगा। घरों व गिरजाघरों को मोमबत्तियों से सजाया जाएगा और प्रभु यीशु मसीह से कुशल मंगल के लिए प्रार्थना की जाएगी। यूनियन चर्च के फादर प्रभु रंजन मसीह ने बताया कि इसी दिन प्रभु यीशु मसीह जीवित हो गए थे व 40 दिन तक अपने भक्तों के साथ रहे थे। उनकी वापसी की खुशी में ही यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। रविवार को घरों व गिरजाघरों को मोमबत्तियों से सजाया जाएगा। सुबह के समय रैली भी निकाली जाएगी और उपवास रखकर प्रभु यीशु मसीह से प्रार्थना की जाएगी। वहीं, इस दिन लोग आपस में एक दूसरे को गिफ्ट भी देते हैं।

# पीएम आवास में पैसे की मांग करते हैं सिटी मैनेजर




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर 26 के वार्ड पार्षद नईमा बीवी ने नगर आयुक्त, महापौर और डिप्टी मेयर को आवेदन देकर कहा है कि वार्ड नंबर 26 में करीब 10 महीने से प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को दूसरा एवं तीसरा किस्त नहीं मिल पाया है। जिसके कारण दर्जनों आवास अधूरे पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के कुछ सिटी मैनेजर को प्रधानमंत्री आवास का पैसा उपलब्ध कराने को बोला जाता है तो वह लोग पैसे की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि वहीं दूसरे वार्ड में बिना किसी कागज के धड़ल्ले से प्रधानमंत्री आवास का निर्माण हो रहा है। जिसमें सिटी मैनेजर की मिलीभगत है। नईमा बीबी ने नगर आयुक्त से आग्रह किया है कि सिटी मैनेजर से वार्ड नंबर 26 प्रधानमंत्री आवास का लिस्ट उपलब्ध कराया जाए। ऐसे सिटी मैनेजर जो पैसे लेकर काम करते हैं। उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि इन सिटी मैनेजरों पर कर्रवाई नहीं की गई तो हम बाध्य होकर झारखंड सरकार का दरवाजा खटखटायेगें।

### शोषण मुक्त समाज की है जरूरत : रूचिर

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत ग्राम - हरैया में शाखा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता लखन राम ने की। बैठक में सर्वप्रथम पार्टी जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता नवीकरण को समय पर करने को कहा और उन्होंने कहा कि नौडीहा बाजार के ग्राम, हरैया, अमवाडीह, हुलसी कला, करकटा सहित सभी गांव में पार्टी की सदस्यता बढ़ रही है। इस इलाके में पार्टी की सदस्यता को दुगना करना है। इस इलाके में पहले जमींदार परिवार के शोषण से मुक्ति कम्युनिस्ट पार्टी ने करवाया था। आज उसी जमीन को पूर्व जमींदार परिवार के लोग प्रशासनिक और अंचलाधिकारी के सहयोग से गरीबों के जोत कोड़ रोकने एवं घरबारी की भूमि से लोगों को उजाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

# ऐतिहासिक व भव्य होगा परशुराम जन्मोत्सव 22 को

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के द्वारा 22 अप्रैल को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए गांव-गांव का भ्रमण लगातार जारी है। इसके लिए युवा वाहिनी के द्वारा कई टीम बनाई गई है। जन्मोत्सव आयोजन समिति का अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी) को बनाया गया है। इस संबंध में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी बताते हैं कि संरक्षक संतोष शुक्ला, आशीष भारद्वाज, प्रमंडलीय संरक्षक प्रवीण मिश्रा,कृष्ण कांत चौबे,पायनियर पांडेय,श्यामाकांत तिवारी, आनंद तिवारी,अजीत तिवारी,पप्पू पांडेय, ओम तिवारी,अजय शुक्ला,राकेश पांडेय,शैलेश तिवारी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा,बिजू बाब,प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पांडेय(लल्लू पांडेय) जिलाध्यक्ष विकास दूबे, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष



विक्रांत त्रिपाठी के नेतृत्व में गांव गांव का भ्रमण कर विप्र बंधुओं को जन्मोत्सव में आमंत्रित किया जा रहा है। वहीं गढ़वा में विप्र बंधुओं को आमंत्रित करने की जिम्मेवारी संगठन के शुरूआत से सक्रिय रहे प्रदेश कोर कमेटी सदस्य सह प्रदेश संरक्षक नवीन तिवारी को सौंपा गया है। तिवारी के साथ प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी गढ़वा जिला प्रभारी पंडित फोटू दूबे, पंडित शिशू दूबे, गढ़वा जिलाध्यक्ष हरिदत्त दूबे, गढ़वा का भ्रमण कर विप्र बंधुओं को आमंत्रित कर रहे हैं। वहीं लातेहार में प्रमंडलीय संरक्षक कमलेश शुक्ला, पंकज तिवारी, मनोज पाठक व अरविंद तिवारी को विप्र बंधुओं को आमंत्रित करने का जिम्मेदारी सौंपा गया है। भगवान परशुराम आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी बताते हैं कि टीम के सभी सदस्य की जिम्मेदारी बनती है कि जन्मोत्सव शोभायात्रा में अधिकाधिक संख्या में विप्र बंधुओं की भागीदारी हो सके। उन्होंने विप्र बंधुओं से इस शोभायात्रा में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन पलामू के विप्र बंधुओं का सबसे बड़ा आयोजन साबित होगा।

# मुख्य विषय से कोसों दूर है केंद्र सरकार : श्याम नारायण

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम पुटूआगढ़ में ग्रामीणों की बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन पूर्व प्रदेश सचिव श्याम नारायण सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा की वर्तमान की केंद्र सरकार मूल बातों से अलग समाज में केवल झूठ और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। एक तरफ जहां देश में महंगाई बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। जिसके विरोध में लगातार विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी आवाज उठा रहे हैं। उनकी आवाज को दबाने के लिए तरह-तरह का हथकंडा अपनाया जा रहा है। वर्तमान की केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को तानाशाही तरीके से दबाना चाहती है। एक तरफ जहां राहुल गांधी देश में नफरत छोड़ो का नारा दे रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा विपक्ष के नेताओं के साथ जो व्यवहार कर रही है। उससे उनकी नफरती मंशा पूरा देश देख रहा। वर्तमान की सरकार जब से सत्ता में आई है। तब से केवल उद्योगपतियों के साथ बेहतर संबंध व विपक्ष और आम जनता के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

# श्रम मंत्री ने सामुदायिक जिम का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने शनिवार को चतरा शहर के गन्दौरी मंदिर के समीप जलछाजन भवन में नवनिर्मित आधुनिक सामुदायिक जिम का फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। जिला प्रशासन द्वारा अधिष्ठापित आधुनिक सामुदायिक जिम जल छाजन भवन चतरा के संचालन हेतु विकास केशरी को नियुक्त किया गया है। मंत्री ने चतरावासी इस जिम में सादर आमंत्रित हैं विशेष जानकारी हेतु जिम संचालक के मोबाइल 9431333282 व 8210407739



पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सुबह 5 बजे से 9 बजे तक तथा शाम में 4 बजे से 8 बजे रात्रि तक जिम खुली रहेगी। महिलाओं के लिए भी समय निर्धारित की जा रही है। इस दौरान उपायुक्त अबु इमरान, एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार, समाजसेवी नवलकिशोर यादव, नगरपरिषद उपाध्यक्ष सुदेश कुमार उर्फ फंटूश समेत अन्य मौजूद थे।

# बाइक की टक्कर युवक घायल

**नवीन मेल संवाददाता नावा बाजार**

थाना क्षेत्र अंतर्गत विश्रामपुर मोड़ एनएच 98 मुख्य पथ औरंगाबाद- मेदनीनगर पर कमान्डर व मोटरसाइकिल मे टक्कर हो गई।जिसमे मोटरसाइकिल सवार ललहे निवासी अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। कमांडर के धक्के से अमित कुमार का पैर टूट गया। मौके पर नावा बाजार एएसआई प्रदुमन पासवान सहस्त्र बल



के साथ पहुंचकर घायल अमित कुमार को बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर एनएमसीएच में भेज दिये हैं ।जानकारी के अनुसार ललहे मेदनीनगर की ओर से बाइक सवार दो व्यक्ति औरंगाबाद की ओर जा रहे थे जहां तेज रफ्तार में आ रहे कमांडर विश्रामपुर की ओर जाने के क्रम में धक्का मार दी जिसमें युवक घायल हो गया।

# पैरामाउंट का परिणाम घोषित

**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**

हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पांडेयपुरा पंचायत स्तिथि पैरामाउंट अकादमी में शनिवार को समारोह आयोजित कर वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित किया गया। इससे पहले समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुखिया रेणु देवी, सुनील रजक, हाई स्कूल के उप प्राचार्य मुकेश प्रजापति, सहायक शिक्षक कृष्णदेव ठाकुर, सुनील कुमार, धीरज कुमार, दीपक कुमार, सुधीर कुमार, आनंद कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वर्ग पंचम के छात्र तरुण कुमार पिता राम बरत पासवान को पूरे विद्यालय में टॉप करने पर मुखिया द्वारा मोमेंटो एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे सभी प्रथम, द्वीतीय व तृतीय स्थाना



प्राप्त करने वाले बच्चों को बारी-बारी से सम्मानित किया गया। वहीं अतिथियों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक के साथ कुछ नया करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सहायक शिक्षक मनोज कुमार सिन्हा, सर्वेश कुमार, सुधीर पासवान, ममता कुमारी, अनु कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित भारी संख्या में बच्चे व अभिभावक मौजूद थे।

### कढ़ाई और ड्रम का वितरण किया

**महुआडांड़।** प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित गांव के लोगों के बीच शनिवार को बांसकरचा स्थित कैंप में शिविर लगाकर सीआरपीएफ 218 बटालियन के तत्वाधान में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत गरीब परिवारों के बीच बर्तन का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ कमांडेंट मोहम्मद खालिद खान एवं अक्सी पंचायत की मुखिया रोजलिया टोप्पो की मौजूदगी में 39 लोगों को कढ़ाई और स्टील ड्रम का दिया गया। सीआरपीएफ के कमांडेंट खालिद खान ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण एवं सुरक्षा बलों के बीच समन्वय स्थापित करने व भटके लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए इस तरह के शिविर का आयोजन किया जाता है।

**योजना**

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग

# अधिवक्ताओं की सुरक्षा जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने केंद्र व राज्य सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने समेत अधिवक्ताओं की 11 कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने की मांग की है। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने शनिवार को गुप्ता भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। श्री यादव ने कहा कि आए दिन प्रदेश के अधिवक्ताओं के साथ हत्या से लेकर कई बड़ी-बड़ी अपराधिक घटनाएं होती है। परंतु अधिवक्ताओं की सुरक्षा से संबंधित कोई पहल सरकार द्वारा नहीं की गई। अधिवक्ता आम जनता को न्याय दिलाने का काम करते हैं। स्वयं अधिवक्ता असुरक्षित है। अधिवक्ताओं के सुरक्षा के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल की सरकार ने अधिवक्ताओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की है। वैसे ही देश के सभी राज्यों में कल्याणकारी योजनाएं लागू की जानी चाहिए। श्री यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बार काउंसिल ऑफ



इंडिया नई दिल्ली के अध्यक्ष और झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद रांची के अध्यक्ष को इस संबंध में मांग पत्र भेजा है। भेजे गए मांग पत्र में प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने। झारखंड प्रदेश में मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण कोष लागू कर अधिवक्ताओं को आर्थिक रुप से लाभान्वित करने। प्रति अधिवक्ता को 10 लाख का टर्म जीवन बीमा एवं 5 लाख का मेडिक्लेम लागू करने। युवा अधिवक्ताओं को प्रारंभिक 5 वर्ष तक 10 रुपये मासिक प्रोत्साहन राशि देने। सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के मृतक के आश्रितों को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने। प्रदेश की महिला अधिवक्ताओं के लिए मातृत्व लाभ वास्तविक विशेष पैकेज के रूप में 5 लाख रुपये सुनिश्चित करने। सरकारी स्तर पर जिला एवं अनुमंडल के अधिवक्ता संघ भवन का आधुनिक रूप से निर्माण कराते हुए कैंटीन पुस्तकालय एवं शौचालय की व्यवस्था कराने। प्रदेश में 7 वर्ष की आयु तथा 30 वर्ष प्रैक्टिस पूर्ण कर चुके वृद्ध अधिवक्ताओं को 10 हजार रुपये मासिक पेंशन लागू करने। प्रदेश के अधिवक्ताओं को कैशलेस इलाज की सुविधा अधिवक्ता क्रेडिट कार्ड मुहैया कराने एवं टोल टैक्स पार्किंग से पूर्व सूट दिलाने। प्रदेश के संघ पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचित अध्यक्ष और महासचिव को सरकारी अंगरक्षक उपलब्ध कराने तथा राज्यसभा में विधान परिषद में आवश्यक रूप से अधिवक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने की मांग शामिल है। मौके पर संघ के निर्वाचित सदस्यों में मदन मोहन सिंह, ललित शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, शंकर त्रिपाठी, संजय पांडे आदि उपस्थित थे।

### डायन कुप्रथा के खिलाफ रैली

**महुआडांड़।** डायन-कुप्रथा जादू, टोना जैसे अंधविश्वास के प्रति जागरूकता लाने को लेकर शनिवार को महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत परहाटोला गांव में मुखिया रीता खलखो की अध्यक्षता एवं जेएसएलपीएस के महिला समूह की सखी मंडल के नेतृत्व और नरेगा वाच सदस्य अफसाना के अथक प्रयास से महिलाओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को अंधविश्वास के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पूरे गांव की गली गली में भ्रमण किया गया। नरेगा वाच सदस्य अफसाना ने कहा कुछ दिनों पूर्व ओरसा पंचायत के जामडीह में जैसी घटना घटी वह सोचनीय एवं बहुत ही दुखदाई थी। मेरा प्रयास रहेगा कि प्रखंड के सुदूर गांव में अंधविश्वास के प्रति लोगो में जागरूकता आये और इस तरह की और रैली निकाली जाए। मौके पर उप मुखिया शारदा देवी, ललीता देवी, अमरमनी कुमारी, गुलाब देवी एवं सखी मंडल की महिलाएं मौजूद थे।

# पढ़ी गई तरावीह की नमाज

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

स्थित जामिया नूरिया उल इस्लाम में जुमे के दिन खत्में तरावीह किया गया। यह तरावीह शुरू रमजान से लेकर 15 रमजान तक चला। तरावी की नमाज जामिया नूरिया उल इस्लाम के इमाम व मोहतमिम मुफ्ती शब्बीर साहब के द्वारा बहुत ही खूबसूरत अंदाज में पढ़ाई गई। ज्ञात हो कि तरावीह की नमाज में कुरान मस्जिद के तीस पारे को बिना देखे हुए पढ़ी जाती है। यह बहुत बड़ी सआदतमंदी की बात होती है जो हाफिज होते हैं वह बिना देखे इतनी मोटी किताब कुरान मजीद के 30 पारे को तरावीह की शक्ल में सुना देते हैं। रमजान के दिनों में तरावीह का एक अहम मुकाम होता है। हर आम व खास लोग शामिल होकर अकीदत के साथ तरावीह की नमाज अदा करते हैं। हर वर्ष जिस इमाम के द्वारा तरावी पढ़ाई जाती है उन्हें मुक्तदियों की ओर से तोहफा एवं नजराना दिया जाता है। इस वर्ष भी तोहफा एवं नजराना के



तौर पर नई कमेटी एवं पुरानी कमेटी के द्वारा संयुक्त रूप से 51781 रुपये इमाम को दिया गया। साथ ही कमेटी की ओर से शुक्रिया भी अदा की गई। तरावीह खत्म होने के उपरांत मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा इल्म यानी शिक्षा से संबंधित लोगों को बातें बताई गईं। उन्होंने कहा कि कुरान में अल्लाह के द्वारा जो सबसे पहले आयत नाजिल की गई वह इल्म यानी शिक्षा से संबंधित था। इसलिए इस्लाम में इल्म को सबसे पहले तरजीह दी जाती है। शुरू से ही इस्लाम में इल्म सीखते को फर्ज बताया गया। वही कारी साहब, हाफिज जावेद साहब, शहजाद आलम व मदरसे के तलबा के द्वारा नाम शरीफ पढ़ी गई। इसके बाद मुफ्ती शब्बीर साहब के द्वारा बहुत ही अच्छे अंदाज में देश, दीन और दुनिया के लिए दुआ की गई। मौके पर हाजी मोहम्मद साहब, नसीर उद्दीन साहब, सदरे आलम सज्जाद साहब, सदर फहीम खान आजाद साहब, तनवीर अहमद, महमूद हसन शाहिद कमाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर इधर भी

# ईस्टर का त्योहार

***क्रिसमस*** के अलावा 'ईस्टर' को भी ईसाई धर्म का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्व माना जाता है। दरअसल दोनों ही पर्व ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाये जाते हैं। प्रतिवर्ष गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मनाया जाने वाला 'ईस्टर संडे' ईसाइयों का महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है। यह इस वर्ष 9 अप्रैल को मनाया जायेगा। गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह के बलिदान को याद कर जहां ईसाई धर्म के लोग दुखी होते हैं, वहीं ईस्टर संडे पर उनकी खुशी दोगुनी होती है क्योंकि ईसाई धर्म की मान्यता के अनुसार गुड फ्राइडे के बाद आने वाले रविवार को दुनिया को प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले शांति के मसीहा ईसा मसीह पुनः जीवित हुए थे और उनके जीवित होने की खुशी में ईसाई धर्म को मानने वाले लोग 'ईस्टर संडे' मनाते हैं। इस पवित्र दिन को 'ईस्टर दिवस' तथा 'ईस्टर रविवार' के नाम से भी जाना जाता है। 'बाइबिल' में उल्लेख है कि ईस्टर संडे के दिन पुनः जीवित होने के बाद ईसा मसीह 40 दिन बाद तक पृथ्वी पर रहे और उस दौरान उन्होंने अपने शिष्यों को प्रेम एवं करुणा का पाठ पढ़ाया तथा फिर स्वर्ग चले गये। नये जीवन और जीवन के बदलाव के प्रतीक के रूप में मनाये जाने वाले ईस्टर पर्व को भाईचारे और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन ईसा मसीह के जीवित होने के बाद उनको यातनाएं देने वाले और सूली पर चढ़ाने वाले लोगों को भी बहुत पश्चाताप हुआ था। ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार 'ईस्टर'शब्द की उत्पत्ति 'ईस्त्र' शब्द से हुई थी। यूरोप में प्रचलित पौराणिक कथाओं के अनुसार ईस्त्र वसंत और उर्वरता की एक देवी थी, जिसकी प्रशंसा में अप्रैल माह में उत्सव होते थे। इन उत्सवों के कई अंश यूरोप के ईस्टर उत्सवों में आज भी देखने को मिलते हैं। इसीलिए इसे नवजीवन या ईस्टर महापर्व का नाम दे दिया गया। कुछ देशों में ईस्टर दो दिन तक भी मनाया जाता है और दूसरे दिन को ईस्टर सोमवार कहा जाता है। ईस्टर संडे के दिन ईसाई धर्म के लोग गिरजाघरों में जाकर यीशु को याद करते हैं, उनकी याद में मोमबत्तियां जलाते हैं, बाइबिल पढ़ते हैं और अपने प्रभु यीशु के जीवित होने की खुशी में एक-दूसरे को बधाई देते हैं। ईस्टर रविवार के पहले सभी गिरजाघरों में रात्रि जागरण तथा अन्य धार्मिक परंपराएं पूरी की जाती हैं और असंख्य मोमबत्तियां जलाकर यीशु में अपना विश्वास प्रकट किया जाता है। ईस्टर पर सजी हुई मोमबत्तियां अपने घरों में जलाना तथा मित्रों में बांटना ईसाई धर्म में एक प्रचलित परम्परा है। ईस्टर के पहले वाले रविवार को 'खजूर रविवार' के नाम से जाना जाता है। इस संबंध में मान्यता है कि इसी रविवार के दिन ईसा मसीह ने यरुशलम में प्रवेश किया था। ईसाई विद्वानों के मतानुसार 29ई. को ईसा मसीह गधे पर सवार होकर यरुशलम पहुंचे थे और वहां के लोगों ने खजूर की डालियों से उनका स्वागत किया था, इसीलिए इस दिन को 'पाम संडे' कहा जाता है। यहीं यरुशलम में उनके खिलाफ षड़यंत्र रचा गया और राजद्रोह के आरोप में शुक्रवार को सूली पर चढ़ा दिया गया। ईसा मसीह को सूली पर लटकाने की घटना को गुड फ्राइडे के नाम से जाना जाता है और इसके तीसरे दिन यानी संडे को ईसा मसीह के दोबारा जीवित होने की घटना को ईस्टर संडे के रूप में मनाया जाता है। ईसाई धर्म में इस घटना को इस बात प्रमाण भी माना जाता है कि सत्य कभी नष्ट नहीं हो सकता। ईस्टर की आराधना ऊषाकाल में ईसाई महिलाओं द्वारा की जाती है क्योंकि माना जाता है कि यीशु का पुनरुत्थान इसी वक्त हुआ था। ईसाई धर्म की मान्यताओं के अनुसार जब ईसा मसीह को मृत्युदंड दिया गया तो उनके अनुयायी बहुत निराश और हताश हो गये थे लेकिन गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मरियम मदीलिनी नामक एक महिला ईसा मसीह की कब्र पर गई, जहां उस समय गहन अंधकार छाया था। महिला ने देखा कि ईसा मसीह की कब्र पर पत्थर नहीं है। उसने इसके बारे में ईसा के अनुयायियों को बताया, जिन्होंने वहां आकर देखा तो कब्र में केवल कफन पड़ा था, ईसा मसीह नहीं थे। कुछ देर बाद वे सभी वहां से चले गये लेकिन महिला वहीं बैठकर रोने लगी।

■ **योगेश कुमार गोयल**

# राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से होगा भविष्य के भारत का निर्माण

***अमृतकाल*** का समय सोते हुए सपने देखने का नहीं, बल्कि जागृत होकर संकल्प पूरे करने का है हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारी मातृभूमि का दिया हुआ है। इसलिए हमें अपने देश की सुरक्षा, प्रगति और समृद्धि के लिए अपना सब कुछ अर्पण कर देने का संकल्प लेना चाहिए। हमारे अस्तित्व की सार्थकता एक महान भारत के निर्माण में ही दिखाई देगी। एक राष्ट्र के लिए, विशेष रूप से भारत जैसे प्राचीन देश के लंबे इतिहास में, 75 वर्ष का समय बहुत छोटा प्रतीत होता है। लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर यह कालखंड एक जीवन-यात्रा जैसा है। हमारे वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवनकाल में अद्भुत परिवर्तन देखे हैं। वे गवाह हैं कि कैसे आजादी के बाद सभी पीढ़ियों ने कड़ी मेहनत की, विशाल चुनौतियों का सामना किया और स्वयं अपने भाग्य-विधाता बने। इस दौर में हमने जो कुछ सीखा है, वह सब उपयोगी साबित होगा, क्योंकि हम राष्ट्र की यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव की ओर आगे बढ़ रहे हैं। हम सब 2047 में स्वाधीनता के शताब्दी उत्सव तक की 25 वर्ष की अवधि यानि भारत के अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं। हमारे स्वाधीनता संग्राम ने एक राष्ट्र के तौर पर भारत की नई यात्रा की रूपरेखा तैयार की थी। हमारा स्वाधीनता संग्राम उन संघर्षों और बलिदानों की अविरल धारा था, जिसने आजाद भारत के लिए कितने ही आदर्शों और संभावनाओं को सींचा था। पूज्य बापू ने हमें स्वराज, स्वदेशी, स्वच्छता और सत्याग्रह द्वारा भारत के सांस्कृतिक आदर्शों की स्थापना का मार्ग दिखाया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, बाबा साहेब आंबेडकर, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू, चंद्रशेखर आजाद जैसे अनगिनत स्वाधीनता सेनानियों ने हमें राष्ट्र के स्वाभिमान को सर्वोपरि रखने की शिक्षा दी। रानी लक्ष्मीबाई, रानी वेलु नचियार, रानी गाइदिन्ल्यू और रानी चेन्नम्मा जैसी अनेकों वीरांगनाओं ने राष्ट्ररक्षा और राष्ट्रनिर्माण में नारीशक्ति की भूमिका को नई ऊंचाई दी। संथाल क्रांति, पाइका क्रांति से लेकर कोल क्रांति और भील क्रांति ने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी योगदान को और सशक्त किया। सामाजिक उत्थान एवं देश-प्रेम के लिए 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान से हमें प्रेरणा मिली। हमारे पास जो कुछ भी है वह हमारी मातृभूमि का दिया हुआ है। इसलिए हमें अपने देश की सुरक्षा, प्रगति और समृद्धि के लिए अपना सब कुछ अर्पण कर देने का संकल्प लेना चाहिए। हमारे अस्तित्व की सार्थकता एक महान भारत के निर्माण में ही दिखाई देगी। कन्नड़ा भाषा के माध्यम से भारतीय साहित्य को समृद्ध करने वाले महान कवि 'कुवेम्पु' ने कहा है: 'कुवेम्पु' का यह स्पष्ट आह्वान है कि मातृभूमि तथा देशवासियों के उत्थान के लिए सर्वस्व बलिदान करना हमारा आदर्श होना चाहिए। इन आदर्शों को अपनाने के लिए हमें अपने देश के युवाओं से बहुत उम्मीदें हैं। ये युवा ही 2047 के भारत का निर्माण करेंगे।

**एक भारत-श्रेष्ठ भारत हो लक्ष्य :** एक संसदीय लोकतंत्र के रूप में 75 वर्षों में भारत ने प्रगति के संकल्प को सहभागिता एवं सर्व-सम्मति से आगे बढ़ाया है। विविधताओं से भरे अपने देश में हम अनेक भाषा, धर्म, संप्रदाय, खान-पान, रहन-सहन, रीति-रिवाजों को अपनाते हुए 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में सक्रिय हैं। आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर आया ये अमृतकाल भारत के लिए नये संकल्पों का कालखंड है। भारत आज हर क्षेत्र में विकास का नया अध्याय जोड़ रहा है। कोरोना महामारी के वैश्विक संकट का सामना करने में भारत ने जिस तरह का सामर्थ्य दिखाया है, उसने पूरे विश्व में भारत की साख बढ़ाई है। हम हिंदुस्तानियों ने अपने प्रयासों से न सिर्फ इस वैश्विक चुनौती का सामना किया, बल्कि दुनिया के सामने नये मापदंड भी स्थापित किये, जिसमें भारत का कोरोना वैक्सीन की 200 करोड़ डोज लगाने का कीर्तिमान भी शामिल है। इस पूरी लड़ाई में भारत के लोगों ने जिस संयम, साहस और सहयोग का परिचय दिया, वो एक समाज के रूप में हमारी बढ़ती हुई शक्ति और संवेदनशीलता का प्रतीक है। भारत ने इन मुश्किल हालात में न केवल खुद को संभाला, बल्कि दुनिया की मदद भी की। कोरोना महामारी से बने माहौल में, आज दुनिया भारत को नये विश्वास से देख रही है। आज देश में स्वास्थ्य, शिक्षा और अर्थव्यवस्था तथा इनके साथ जुड़े अन्य क्षेत्रों में जो अच्छे बदलाव दिखाई दे रहे हैं, उनके मूल में सुशासन पर विशेष बल दिये जाने की प्रमुख भूमिका है। जब 'राष्ट्र सर्वोपरि' की भावना से कार्य किया जाता है, तो उसका प्रभाव प्रत्येक निर्णय एवं कार्यक्षेत्र में दिखाई देता है। यह बदलाव विश्व समुदाय में भारत की प्रतिष्ठा में भी दिखाई दे रहा है। दुनिया की आर्थिक स्थिरता के लिए, सप्लाई चेन की सुगमता के लिए, और वैश्विक शांति के लिए दुनिया को भारत से बहुत उम्मीदें हैं। इसी का परिणाम है कि भारत अपनी अध्यक्षता में ॠ20 ग्रुप की मेजबानी भी कर रहा है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी कहा करते थे कि देश के युवा जब आगे बढ़ते हैं, तो वे सिर्फ अपना ही भाग्य नहीं बनाते, बल्कि देश का भी भाग्य बनाते हैं। आज हम इसे सच होते देख रहे हैं। 'वोकल फॉर लोकल' से लेकर डिजिटल इंडिया तक हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा आज का भारत विश्व के साथ कदम से कदम मिला कर 'औद्योगिक क्रांति 4.ड' के लिए पूरी तरह तैयार है। रिकॉर्ड संख्या में बन रहे स्टार्ट-अप्स में, नये-नये इनोवेशन में, दूर-सुदूर क्षेत्रों में डिजिटल टेक्नोलॉजी की स्वीकार्यता में भारत के युवाओं की बड़ी भूमिका है। बीते वर्षों में भारत ने जिस तरह महिला सशक्तिकरण के लिए निर्णय लिए हैं, नीतियां बनाई हैं, उससे भी देश में एक नई शक्ति का संचार हुआ है। हम सभी की इच्छा है कि हमारी सभी बहनें और बेटियां अधिक से अधिक सशक्त हों तथा वे देश के हर क्षेत्र में अपना योगदान बढ़ाती रहें। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्त्री-पुरुष के आधार पर असमानता कम हो रही है। महिलाएं अनेक रूढ़ियों और बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ रही हैं। सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं में उनकी बढ़ती भागीदारी निर्णायक साबित होगी। आज हमारी पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या चौदह लाख से कहीं अधिक है। आज देश के युवा न केवल अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं, बल्कि भविष्य के भारत की नींव भी रख रहे हैं।

**पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शन :** विकास और प्रगतिशीलता का अर्थ निरंतर आगे बढ़ना होता है, लेकिन साथ ही अपने अतीत का ज्ञान भी उतना ही आवश्यक है। आज जब पूरा विश्व की बात कर रहा है, तो उसमें भारत की प्राचीन परंपराओं, हमारे अतीत की भूमिका और बढ़ जाती है। हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं। यही संवेदनशीलता आज वैश्विक अनिवार्यता बन गई है।

**भारत आज हर क्षेत्र में विकास का नया अध्याय जोड़ रहा है। कोरोना महामारी के वैश्विक संकट का सामना करने में भारत ने जिस तरह का सामर्थ्य दिखाया है, उसने पूरे विश्व में भारत की साख बढ़ाई है। हम हिंदुस्तानियों ने अपने प्रयासों से न सिर्फ इस वैश्विक चुनौती का सामना किया, बल्कि दुनिया के सामने नये मापदंड भी स्थापित किये।**

इन दिनों



प्रो संजय द्विवेदी

# बात मदर इंडिया की मां जद्दनबाई की

मदर इंडिया की कालजयी छवि प्राप्त नर्गिस को इस मुकाम पर पहुंचाने में केवल एक ही हाथ था और वह था उनकी मां जद्दनबाई का। पुरुष प्रधान समाज में उन्होंने मेहनत कर अपने बल पर अपनी बेटी को इस मुकाम तक पहुंचाया। इलाहाबाद में 1892 में पैदा हुई जद्दनबाई हिंदू मां दिलीपा और मुस्लिम पिता मियांजान की संतान थीं। उन्होंने अपने हुनर को इतना निखारा कि वह उस समय की महफिलों की शान बन गईं। यह राजा-रजवाड़ों का दौर था जहां मनोरंजन के नाम पर संगीत और नाच की महफिलें लगा करती थीं और उसमें अमीर राजा, व्यापारी भरपूर पैसे लुटाया करते थे। जद्दनबाई एक दबंग और खुद्दार औरत थीं और सुरीली आवाज की मालकिन थीं। उन्हें कुछ खास महफिल में गाने के निमंत्रण मिलते थे और उनकी मशहूरी दूर-दूर तक फैल गई थी। खूबसूरत चेहरे और लंबे घने काले केशों वाली जद्दनबाई बहुत दिलकश थीं। गोरा रंग उन्होंने अपनी वालिदा से विरासत में पाया था। अपने को हुनरमंद बनाने के लिए जद्दनबाई ने ठुमरी, दादरा, गजलें और यहां तक कि पंजाबी लोकगीत सीखना भी शुरू कर दिया था। जद्दनबाई ने बनारसी ठुमरी के स्तंभ उस्ताद मोएजुद्दीन खान से संगीत की शिक्षा पाई। वह एक लाजवाब और कायदे कानून वाले उस्ताद थे क्योंकि उनकी देखरेख में जद्दनबाई चोटी की गायिका बनकर उभरीं। उनकी आवाज परिपक्व, गहरी और सुरों पर उनकी पकड़ अदभुत थी, चाहे ब्रजभाषा का गीत गाती हों या गालिब की गजल। उनकी आवाज बेगम अख्तर के लिए प्रेरणा थी। जद्दनबाई ने अपना पहला प्रोग्राम बनारस में ही किया था और उनके सबसे पहले प्रशंसक थे बनारस के रईस नरोत्तमदास खत्री जो बच्चू भाई के नाम से जाने जाते थे। इस शादी से उनका पहला बेटा अख्तर हुसैन पैदा हुआ। उनकी दूसरी शादी थी मास्टर इरशाद हुसैन जो मीर खान के नाम से भी जाने जाते थे और जद्दनबाई के लिए हारमोनियम बजाते थे। इनसे उनकी संतान पैदा हुई अनवर हुसैन और फिर दोनों जुदा हो गये। इसके बाद जद्दनबाई लखनऊ चली गई और फिर वहां से कलकत्ता । लखनऊ आना उनकी जिंदगी में एक नया मोड़ साबित हुआ। यहां उनकी मुलाकात रावलपिंडी से आये और डॉक्टरी पढ़ने के लिए विदेश जाने वाले युवा से हुई जिन्होंने उनसे शादी का प्रस्ताव रखा। जद्दनबाई ने इसके लिए उनके माता-पिता की अनुमति चाही तो वे वापस रावलपिंडी लौट गया। इस बीच जद्दनबाई कलकत्ता चली आईं। यहां कुछ समय बाद फिर वह युवा पहुंचा उसका नाम था उत्तमचंद मोहन या मोहन बाबू। प्यार में अपना नाम बदलकर अब्दुल रशीद बन गया और 1928 में दोनों ने निकाह कर लिया । उनके धर्म परिवर्तन की रस्म मौलाना अब्दुल कलाम आजाद ने संपन्न कराई थी। तब जद्दनबाई 32 साल की थीं और मोहन बाबू उनसे 4 साल छोटे थे। 01 जून 1929 को कलकत्ता में जद्दनबाई ने एक बेटी को जन्म दिया, जिसके बचपन का नाम था बेबी रानी। वैसे हिंदू और मुस्लिम रिवाजों के अनुसार उसके दो अन्य औपचारिक नाम भी रखे गये तेजेश्वरी और फातिमा। यही बालिका आगे चलकर हिंदी सिनेमा की प्रसिद्ध तारिका नर्गिस बनीं। पहले इस परिवार ने किसी इज्जतदार धंधे में पैर जमाने की कोशिश की लेकिन विफल होने पर जद्दनबाई को अपने नाच गाने के हुनर पर ही विश्वास करके काम करना पड़ा। इस बीच हुआ यह कि मूक फिल्में बनना शुरू हो गई थीं और ज्यादातर फिल्मों में तवायफों को ही काम मिल रहे थे । लाहौर फिल्मों का एक बड़ा केंद्र बनने लगा था। 1928 में अब्दुल रशीद करदार ने यूनाइटेड प्लेयर्स कॉरपोरेशन की स्थापना कर फिल्में बनाना शुरू किया तो जद्दनबाई को परिवार समेत लाहौर बुला लिया और उनके बेटे अनवर को भी काम-धंधे में लगाया। अभिनेत्री के रूप में जद्दनबाई की पहली फिल्म थी- राजा गोपीचंद (1933)। लाहौर में उन्होंने मोती गिडवानी की फिल्म 'इंसान या शैतान' में भी काम किया, लेकिन बात बनी नहीं। इस बीच इम्पीरियल स्टूडियो के मालिक आर्देशिर ईरानी ने जद्दनबाई को बंबई बुला लिया।

**जद्दनबाई ने अपना पहला प्रोग्राम बनारस में ही किया था और उनके सबसे पहले प्रशंसक थे बनारस के रईस नरोत्तमदास खत्री जो बच्चू भाई के नाम से जाने जाते थे। इस शादी से उनका पहला बेटा अख्तर हुसैन पैदा हुआ। उनकी दूसरी शादी थी मास्टर इरशाद हुसैन जो मीर खान के नाम से भी जाने जाते थे और जद्दनबाई के लिए हारमोनियम बजाते थे।**

■ **अजय कुमार शर्मा**

## है न विचित्र बात !

# हमारा राष्ट्रधर्म

***भारतवर्ष*** को स्वतंत्र हुए 75 वर्ष हो चुके हैं। हमें 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता तो प्राप्त हुई किंतु अभी भी हम अंग्रेजीयत / इस्लामियत को धारण किए हुए हैं। न्यायालय में अंग्रेजी-उर्दू का प्रयोग, वही अंग्रेजी जमाने के गुलामी के कानून आईपीसी, सीआरपीसी की धाराएं और भी अनेकों विदेशी चीजों से हमने आज भी मुक्ति नहीं पाई है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 'स्व' का तंत्र बनाना चाहिए था। किंतु ऐसा नहीं हो सका। हमने उन्हीं का गुणगान किया जिन्होंने हमें पराधीन (गुलाम) बनाया था। ऐसा लगता है हमारी बुद्धि भ्रष्ट हो गई थी। ऐसा लगता है कि स्वतंत्रता के पश्चात सत्ता गलत लोगों के हाथों में चली गई थी। तभी तो भारत आजतक अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाया है। एक तरफ आंशिक रूप से हमने कुछ सुधार अवश्य किए थे। गुलामी के चिह्न जॉर्ज पंचम की मूर्ति को इंडिया गेट से हटाया, मिंटो ब्रिज को शिवाजी ब्रिज, विक्टोरिया पार्क को महात्मा गांधी पार्क किया। कोलकाता, मद्रास, बॉम्बे को हमने कोलकाता-चेन्नई -मुंबई किया। किन्तु अभी भी देश में बड़े सुधार की आवश्यकता है। भारत के संविधान की पूरी समीक्षा हो व वर्तमान की देश की प्रासंगिकता/ आवश्यकता के अनुरूप उसका स्वरूप का निर्धारण हो। ज्यादा लचीलेपन के कारण देश में भ्रष्टाचार बढ़ा है। आज भी भारत के न्याय के मंदिर में विदेशी अंग्रेजी भाषा का बोलबाला है। उच्च शिक्षा इंजीनियरिंग, तकनीकी, भारतीय प्रशासनिक सेवा इत्यादि में अंग्रेजीयत की पैठ/ दबदबा है। आजादी के 75 वर्षों बाद भी गुलामी के अवशेष अभी भी देश में बाकी हैं। जरा विचार कीजिए जापान में शिक्षा जापानी भाषा में होती है। जर्मनी में जर्मन भाषा में, फ्रांस में फ्रेंच भाषा में, इंग्लैंड में अंग्रेजी में, रूस में रशियन भाषा में तो फिर भारत में शिक्षा हिंदी में क्यों नहीं? भारत की राजधानी दिल्ली का अद्भुत नजारा इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। कभी दिल्ली जाकर देखिए आपको ऐसा लगेगा कि आप पाकिस्तान की राजधानी में आ गये हैं। अकबर रोड, तुगलक रोड, हुमायूं रोड, औरंगजेब-जहांगीर - शाहजहां रोड, सराय काले खां बस स्टॉप, हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, मुगल गार्डन, मंगोलपुरी, जहांगीरपुरी, आसफ अली रोड। क्या है ये सब? भारत आजाद हुआ है कि नहीं? अथवा देश की स्वतंत्रता के नाम पर छलावा हुआ है? यदि छलावा नहीं तो फिर यह दृश्य क्या है? यह देश में चल क्या रहा है? इसके विपरीत पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में तो कहीं लेशमात्र भी भारत की झलक/ झांकी नहीं दिखलाई देती, फिर भारत में यह सब क्यों? यही सबसे बड़ा प्रश्न है। कौन देशद्रोहियों से प्रेम कर रहा /किसे है? खगोलीय वेधशाला का नाम बदलकर आखिर कुतुब मीनार किसने करवाया? किसने तेजो महालय (शिव मंदिर) को ताजमहल लिखवाया इतिहास की पुस्तकों में? वाराणसी में ज्ञानवापी जब मंदिर है तो फिर मस्जिद किसने बनाई? किसने इतिहास की पुस्तकों में उसे झूठा ज्ञानवापी मस्जिद लिखवाया? किसने इतिहास में इतने झूठे/मिथक गढ़े/ लिखवाये? ताजमहल के बंद कमरों की वीडियोग्राफी की जाय। आखिर ज्ञानवापी की वीडियोग्राफी से मुस्लिम समाज को ऐतराज/ घबराहट क्यों? क्या कुतुब मीनार का एएसआई द्वारा सर्वे/ वीडियोग्राफी /अनुसंधान नहीं किया जाना चाहिए? देश में 95 प्रतिशत मस्जिदें मंदिर ध्वस्त करके उसके ऊपर ही बनाई गई हैं, अतः सभी की जांच /अनुसंधान एएसआई द्वारा किया जाए ; अब मुगल काल बीत चुका है। भारत में दिल्ली चांदनी चौक का नाम 'गुरु तेग बहादुर शहीदी स्थल' किया जाना चाहिए, अकबर रोड -महाराणा प्रताप मार्ग, तुगलक रोड -जनरल बिपिन रावत मार्ग, हुमायूं रोड- भगत सिंह मार्ग किया जाना चाहिए।

■ **डॉ. नितिन सहारिया**

# प्रसन्नता भारतीय राष्ट्रभाव का अंग

***संयुक्त*** राष्ट्र टिकाऊ विकास समाधान नेटवर्क की हाल में जारी विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट की खासी चर्चा है। प्रसन्नता रिपोर्ट हर साल 20 मार्च के आसपास जारी की जाती है। वर्ष 2023 की रिपोर्ट में 136 देशों को शामिल किया गया है। प्रसन्नता को मापने के लिए छह प्रमुख आधार बताये गये हैं। पहला सामाजिक सहयोग है। आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति भी आधार हैं। ताजा रिपोर्ट में फिनलैंड प्रथम है। डेनमार्क दूसरा है। तीसरा आइसलैंड है। रिपोर्ट में अफगानिस्तान को सबसे बुरा प्रदर्शनकर्ता बताया गया है। 136 देशों की सूची में भारत को 125वां स्थान दिया गया है। वर्ष 2022 में 146 देशों में भारत 136वें स्थान पर था। रिपोर्ट की मानें तो भारत नेपाल, चीन, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पडोसी देशों से भी पीछे है। राष्ट्रीय प्रसन्नता सूचकांक की धारणा 1972 में भूटान से प्रारम्भ हुई थी। वैश्विक प्रसन्नता के यह आंकड़े भारतीय परिस्थितियों में उचित नहीं जान पड़ते। भारत सभी क्षेत्रों में प्रतिष्ठित है। प्रसन्नता एक भाव है। निस्संदेह आय आदि उपलब्धियां प्रसन्न होने का अवसर देती हैं। लेकिन सामान्य जरूरतों के आधार पर पूरे देश को प्रसन्न या अप्रसन्न नहीं कहा जा सकता। प्रसन्नता वस्तुतः आंतरिक सुखानुभूति है। यह कार-बंगला जैसी उपलब्धि नहीं है। प्रसन्नता अस्तित्व की प्रीति का परिणाम होती है। ऋग्वेद में सोम देवता से की गई एक स्तुति में 'मुद मोद प्रमोद' एक साथ मांगे गए हैं। ऋषि कहते हैं कि, ''उन्हें ऐसे क्षेत्र में रहने का अवसर दें जहाँ मुद मोद प्रमोद एक साथ हों।'' इसी स्तुति में वे जल भरी नदियों की भी प्रार्थना करते हैं और सुन्दर राजव्यवस्था की भी। फिर अन्न और दूध की भी स्तुति करते हैं। वे सारी दुनिया की प्रसन्नता चाहते हैं। आवश्यक वस्तुओं का अभाव दुखी करता है। वैसे अभाव भी भाव है। प्रत्यक्ष जगत में अभाव कोई वस्तु या पदार्थ नहीं है। किसी वस्तु या पदार्थ का न होना अभाव कहा जाता है। वैशेषिक दर्शन में अभाव को भी एक पदार्थ माना गया है और उसके प्रभाव की चर्चा भी की गई है। सब प्रसन्न रहना चाहते हैं। अभाव दुखी करता है। लेकिन दुख का अभाव प्रसन्नता कहा जाता है। सुख का कारण दुख का अभाव भी हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट माने तो भारत अतिक्षुब्ध अप्रसन्न देश है। प्रसन्नता के अवसर भारत में हैं ही नहीं। प्रसन्नता माप के मानकों में दीर्घ जीवन की सम्भावना भी है। ऋग्वेद के ऋषि 100 वर्ष की स्वस्थ आयु चाहते थे। उन्होंने 'जीवेम शरदं शतं' की स्तुतियां की थीं। वे 100 वर्ष तक स्वस्थ रहने और प्रसन्न रहने की स्तुतियां भी करते थे। यजुर्वेद के अंतिम अध्याय को ईशावास्योपनिषद कहते हैं। इसके पहले मंत्र में ही सतत कर्म करते हुए 100 वर्ष के जीवन की प्रार्थना की गई है। प्रसन्नता के मानकों में स्वतंत्रता भी है। स्वतंत्रता आनंद के अवसर देती है। यहां के संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और अंतःकरण व आस्था की भी। भारतीय संस्कृति दर्शन में प्रसन्न होना आध्यात्मिक भाव है। गीता में इच्छा शून्य चित्त दशा को महत्वपूर्ण बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद में सुख और आनंद की गहन मीमांसा है। यहां आनंद के अनेक भौतिक स्रोत बताये गये हैं। गीत संगीत और कला भी आनंद के स्रोत हैं। ऐसे स्रोतों का उल्लेख करते हुए ऋषि कहते हैं कि, 'कामना शून्य ज्ञानी प्रसन्नता के वा' उपकरणों की तुलना में इच्छाशून्यता में सहस्त्रों गुना आनंद पाते हैं। गरीबी और अभाव बेशक कष्ट देते हैं। लेकिन इच्छाशून्यता उच्च कोटि की प्रसन्नता होती है। सामूहिक जीवन की महत्ता वैदिक काल से ही है। सामूहिकता में प्रसन्नता का प्रसाद होता है। यहां प्रतिपल उत्सव हैं। तमाम पर्व और त्यौहार हैं। सुन्दर तीर्थाटन हैं। उत्सव आनंदधर्म हैं। होली, दीपावली, विजयदशमी, बुद्धपूर्णिमा, नागपंचमी, रक्षाबंधन जैसे सहस्त्रों उत्सव प्रसन्नता देते हैं। भारत स्वाभाविक रूप में प्रसन्न राष्ट्रीयता है। यूरोपीय, अमेरिकी सरोकारों के चलते यहां भौतिक उपकरणों से प्रसन्न होने की आदत बढ़ रही है। कुछ लोग इसे आधुनिकता कहते हैं। विदेशी सभ्यता का अनुसरण आधुनिकता नहीं है। भारत की आधुनिकता प्राचीनता का ही विस्तार है। उधर की आधुनिकता प्रसन्न नहीं रहने देती। प्रसन्न राष्ट्रीयता ने ही धरती से लेकर आकाश तक प्रसन्न होने के आलम्बन खोजे हैं। प्रसन्नता भारतीय राष्ट्रभाव का अंग है। हम नदियां देखते हैं। चित्त प्रसन्न हो जाता है। अथर्ववेद के ऋषि ने नदियों नाद करते दिखाई सुनाई पड़ती हैं। ऋषि नदी से कहते हैं कि, ''हे सरिता आप नाद करते हुए बहती हैं। इसलिए आप का नाम नदी पड़ा है। आकाश में मेघ आते हैं। वे सुन्दर लगते हैं। प्रसन्न करते हैं। वर्षा आती है। प्रसन्न रस से भिगो देती है। पेड़ पौधे भी वर्षा से प्रसन्न दिखाई पड़ते हैं। प्रकृति के सभी अंग आनंद से भरे पूरे हैं। जीवन का प्रत्येक क्षण प्रसन्नता का नाद है। अविरल और निर्मल प्रसन्नता हम सब का जन्म जात अधिकार है। दुनिया की किसी भी सभ्यता में प्रसन्न देवता नहीं दिखाई पड़ते। भारत में श्रीकृष्ण नाचते गाते देवता हैं। शिव स्वयं नाचते हैं और अपने गणों को नचाते हैं। वे गणों के साथ नाचते भी हैं। सोम भी नाचते हुए प्रवाहमान होते हैं। नाचते हुए शिव या श्रीकृष्ण जैसे देवता अन्य संस्कृतियों में नहीं है। वरुण, वायु, मरुद्गण आदि वैदिक देवता प्रसन्न ही दिखाई पड़ते हैं। प्रकृति प्रतिपल नई है। हम सब भी प्रत्येक क्षण नये हैं। वर्तमान नूतन है। हमारी आस्तिकता में प्रसन्नता अन्तर्निहित है। प्रकृति स्वयं प्रसन्न है और हम सबको प्रसन्न रखना चाहती है। प्रसन्नता हम सबको भीतर और बाहर से आच्छादित करती है। भारतीय धर्म दर्शन की आस्तिकता आश्चर्यजनक है। इस आस्तिकता में प्रसन्नता के सूत्र हैं। यहां फल की इच्छा से रहित सतत कर्म प्रसन्नता का मूलाधार है। परिणाम की इच्छा से रहित व्यक्तिगत और राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन प्रसन्नता पैदा करता है। आशा प्रसन्न करती है। धैर्य प्रसन्न करता है। आस्तिकता प्रसन्न करती है। यह भविष्य के प्रति आश्वस्त करती है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था के मानक भारत में लागू नहीं होते। भारत स्वाभाविक रूप में प्रसन्न राष्ट्र है। ज्ञान प्रसन्न करता है। धर्म प्रसन्न करता है। ऋग्वेद के अनुसार राष्ट्र भी प्रसन्न करता है। कर्तव्य पालन में प्रसन्नता है। सारी दुनिया का लोकमंगल भारत का ध्येय है। दुनिया को एक परिवार जानने का राष्ट्रभाव प्रसन्न करता है।

**136 देशों की सूची में भारत को 125वां स्थान दिया गया है। वर्ष 2022 में 146 देशों में भारत 136वें स्थान पर था। रिपोर्ट की मानें तो भारत नेपाल, चीन, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पडोसी देशों से भी पीछे है। राष्ट्रीय प्रसन्नता सूचकांक की धारणा 1972 में भूटान से प्रारम्भ हुई थी। वैश्विक प्रसन्नता के यह आंकड़े भारतीय परिस्थितियों में उचित नहीं जान पड़ते।**

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## NEWS इन ब्रीफ

### बिहार में इस साल कोविड से पहली मौत

**पटना।** देश में लगातार बढ़ रहे कोविड संक्रमण के मामलों के बीच बिहार में शुक्रवार की रात इस साल की पहली मौत गई। गया के सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह ने कहा, मृतक गया जिले की मखदुमपुर गांव की मूल निवासी 70 वर्षीय महिला है। तीन दिन पहले सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद उसे गया के मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसका आरटीपीसीआर टेस्ट कराया, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव निकली। हमने कोविड-19 प्रोटोकॉल के अनुसार दाह संस्कार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले 2 साल में गया में कोरोना से मौत का यह पहला मामला है। अधिकारी ने आगे कहा कि 8 कोविड पॉजिटिव मरीज हैं, जो जिले के अस्पतालों में भर्ती हैं और उनका इलाज चल रहा है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना, दो की मौत

**बर्दवान।** सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी है, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। हादसा शनिवार को बर्दवान में मिचोर्बा संलग्न राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतकों के नाम शेख किरण और शेख बापी हैं। दोनों पूर्व बर्दवान के निवासी थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिचोर्बा के पास दुगार्पुर जा रहा एक ट्रक आगे चल रहे एक मोटर वैन को पीछे से टक्कर मार कर फरार हो गया। इससे मोटर वैन सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए।

### ट्रक की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**उत्तर दिनाजपुर।** मालवाहक ट्रक की चपेट में आने से एक वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गयी है। मृतका का नाम बीबी फातिमा खातून (70) है। घटना शनिवार को दोमोहना राजमार्ग अंतर्ग भूलिकी मदरसा पाड़ा में घटी है। बताया जा रहा है कि बीबी फातिमा खातून सड़क के किनारे खड़ी थी। उसी समय दोमोहाना की ओर से आ रहे एक ट्रक ने अनियंत्रित होकर बीबी फातिमा खातून को टक्कर मार दी जिससे बीबी फातिमा खातून की मौके पर ही मौत हो गई।

### बाइसन के हमले में एक की मौत, चार घायल

**कूचबिहार।** बाइसन के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। घटना शनिवार की सुबह हरिभांगा ग्राम पंचायत इलाके में घटी है। मृतक का नाम वीरेन बर्मन बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, इलाके ने लोगों को सुबह खेत में दो बाइसन को देखा। बाद में अचानक एक बाइसन घर के पास बांस झार के सामने खड़े वीरेन बर्मन पर पीछे से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायल वीरेन बर्मन को कूचबिहार एमजेएन मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने वीरेन बर्मन को मृत घोषित कर दिया।

# 3 माह में खेलों के विकास पर 200 करोड़ खर्च करेगी सरकार

**एजेंसी। लखनऊ**

यूपी में खेलों के विकास और खिलाड़ियों की सुविधाओं के लिए सरकार आगामी तीन माह में 200 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। इस राशि से सरकार उत्तर प्रदेश खेल विकास कोष के साथ-साथ प्रदेश में खेल अवस्थापना सुविधाओं का विकास एवं नवनिर्माण करेगी। यही नहीं, इन तीन महीनों में प्रदेश में निजी सहभागिता से खेल अवस्थापनाओं के निर्माण की भी योजना है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने अपने सभी विभागों को तीन माह की कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में खेल विभाग ने नई मांग के माध्यम से संचालित योजनाओं में आवंटित बजट के आगामी तीन माह में व्यय किए जाने की कार्ययोजना प्रस्तुत की है।

खेल विभाग की कार्ययोजना के अनुसार अप्रैल से जून के बीच 25 करोड़ के बजट से उत्तर प्रदेश खेल विकास कोष की स्थापना की शुरूआत की जाएगी। इससे संबंधित नीति तैयार कर सरकार के अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। अनमोदन स्वीकार होने के बाद प्रख्यापित नियमावली के दृष्टिगत वित्त विभाग से राय लेते हुए वित्तीय स्वीकृति दी जाएगी। खेल विकास कोष से राज्य के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उपकरण खरीदने में आसानी होगी, जबकि विदेशों में ट्रेनिंग और प्रदर्शन का मौका भी मिलेगा। इसके अलावा खिलाड़ियों को विदेशी प्रशिक्षक, फिजियोथेरेपिस्ट और मनोवैज्ञानिक की भी सेवाएं मिल सकेंगी। योगी सरकार और खेल विभाग का मुख्य लक्ष्य इन तीन माह में प्रदेश में खेल अवस्थापनाओं के विकास का होगा। इनमें पहले से दी जा रही सुविधाओं में बढ़ोतरी के अलावा विभिन्न जनपदों में नए निर्माण के लिए 116.72 करोड़ रुपए के बजट का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत विभागीय अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव के तहत कार्यदायी संस्था का निर्धारण किया जाएगा। नामित कार्यदायी संस्था द्वारा प्रेषित आगणन का परीक्षण कराते हुए आगे की कार्यवाही की जाएगी। यही नहीं, आंकलित लागत के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृति देने के लिए वित्त विभाग से राय लेते हुए वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाएगी। सरकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार अवस्थापनाओं के निर्माण के लिए भी 50 करोड़ रुपए के बजट का आवंटन प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत नीति तैयार कर सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। वित्त विभाग की राय के अनुरूप वित्तीय स्वीकृति दी जाएगी।

## जनता को आतंकित करने वालों की गीली हो रही पैंट : मुख्यमंत्री योगी



**एजेंसी। गोरखपुर**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में कानून के इतर काम करने की इजाजत किसी को और कतई नहीं है। मजबूत कानून व्यवस्था की देन है कि प्रदेश के लोगों के जान के दुश्मन बने माफिया को खुद जान के लाले पड़े हैं। आज बदले प्रदेश में, जनता को आतंकित करने वालों को कोर्ट जब सजा सुनाती है तो उनकी पैंट गीली हो जा रही है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप बस रहे औद्योगिक गलियारे में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1071 करोड़ रुपये के निवेश से लग रहे प्लांट का भूमि पूजन व शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक दौर वह भी था जब गुंडे, माफिया कारोबारियों को धमकी देते थे, उनका अपहरण करते थे। आज गुंडे, माफियाओं की यहां सिट्टी-पिट्टी गुम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी बदल चुका है। छह वर्ष पूर्व इसकी पहचान दंगों और अराजकता से थी। इस वर्ष जब रामनवमी पर देश के कुछ राज्यों में दंगे हो रहे थे तब उत्तर प्रदेश में अमन चैन था। प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में 33 लाख लोग पहुंचे और एक तिनका भी नहीं हिला। रामनवमी पर प्रदेश में एक हजार से अधिक शोभायात्राएं निकाली गईं। इन पर हिंदू-मुस्लिम पुष्पवर्षा कर रहे थे। 6 अप्रैल को हनुमत जयंती पर प्रदेश में 500 से अधिक शोभायात्राएं शांतिपूर्ण तरीके से निकाली गईं।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता दंगों पर नहीं बल्कि विकास, निवेश और रोजगार को बढ़ावा देने वाली डबल इंजन सरकार पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि इसी विश्वास की देन है कि उत्तर प्रदेश को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में करीब 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेशकों को सभी ऑनलाइन सुविधाओं व इंसेंटिव के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय खुद मॉनिटरिंग करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब हर तरह शानदार कनेक्टिविटी है। जब तक यह उद्योग तैयार होगा तब तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे भी पूर्ण हो जाएगा। पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे शुरू हो चुका है। गंगा एक्सप्रेसवे पर काम जारी है। नेपाल, बिहार, उत्तराखंड, छतीसगढ़, झारखंड तक फोरलेन की कनेक्टिविटी दी जा चुकी है।

मवेशी तस्करी घोटाला

# ईडी ने अनुब्रत मंडल की बेटी को फिर समन भेजा



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपए के मवेशी तस्करी घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता अनुब्रत मंडल की बेटी सुकन्या मंडल को पूछताछ के लिए एजेंसी के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में फिर से तलब किया है। मामले की जांच के सिलसिले में उनके पिता को नई दिल्ली ले जाने के बाद यह तीसरी बार है जब सुकन्या मंडल को पूछताछ के लिए राष्ट्रीय राजधानी में बुलाया गया है। हालांकि, वह पहले दोनों अवसरों पर हाजिर नहीं हुईं।

एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि तीसरे समन में सुकन्या मंडल को 12 अप्रैल को पेश होने को कहा गया है। उनके पिता अनुब्रत मंडल तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि सुकन्या मंडल तीसरे समन का जवाब देंगी या नहीं। पिछली बार जब ईडी ने उन्हें नई दिल्ली बुलाया था, तो एजेंसी के अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि यदि वह नहीं आती हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्हें पहली बार 15 मार्च को नई दिल्ली बुलाया गया था। हर बार उन्होंने ईडी को बताया कि स्वास्थ्य कारणों से वह नहीं दिल्ली नहीं जा सकेंगी।

# नीतीश के दावत- ए -इफ्तार के बाद अब तेजस्वी की तैयारी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में अब रमजान के महीने में राजनीतिक दलों द्वारा दिए जा रहे इफ्तार पार्टी को लेकर सियासत शुरू ही गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार की शाम इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था, जिसमे कई राजनेताओं और बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की। हालांकि भाजपा के नेताओं ने इसका विरोध किया और भाजपा का कोई भी नेता इस इफ्तार पार्टी में हिस्सा नहीं लिया। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर 9 अप्रैल की शाम को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है, जिसकी तैयारी जोरशोर से चल रही है। दावत ए इफ्तार की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि रोजेदारों को इफ्तार,वजू और नमाज की अदायगी मे कोई कठिनाई न हो इसका विशेष धयान कार्यकर्ता रखें।



इधर, इफ्तार पार्टी को लेकर भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार निशाना साधा है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महात्मा गांधी के वचन की बात करने वाले मुख्यमंत्री आज क्यों भूल गए हैं कि सत्ता जनता की सेवा करने के लिए मिली थी, न कि मेवा खाने के लिए। सिन्हा ने सवालिया लहजे में कहा कि आज बिहार के कई जिले जल रहे और आप दावत ए इफ्तार का आयोजन कर आखिर जनता को क्या संदेश देना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर दावत ए इफ्तार की जगह आप सासाराम और अपने गृह जिला नालंदा जाकर पीड़ित परिवारों से मिले होता तो उन्हे ढांढस बंधती।

इधर, नीतीश कुमार के इफ्तार पार्टी में महागठबंधन के नेता तो जरूर पहुंचे लेकिन लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी दूरी बना ली।

# तेज प्रताप का सामान होटल के कमरे से बाहर निकाला, नाराज

**नवीन मेल नेटवर्क। वाराणसी**

बिहार सरकार में मंत्री और लालू प्रसाद यादव के बेटे गंगा आरती में शामिल होने के लिए वाराणसी पहुंचे हुए थे, लेकिन यहां उसके साथ होटल प्रबंधक द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। इसके साथ ही उनकी सुरक्षा में चूक का भी बड़ा मामला सामने आया है। दरअसल जिस होटल में तेज प्रताप रुके हुए थे, वहां के प्रबंधक ने बिना तेजप्रताप यादव की गैरमौजूदगी में कमरा खोल दिया और उनके सामान को बाहर निकाल कर रिसेप्शन पर रख दिया। इस मामले में उन्होंने पुलिस में शिकायत दी है। इसके अलावा साथ के कमरे में ठहरे सुरक्षाकर्मी और सहायक लोगों का भी सामान निकालकर बाहर रिसेप्शन पर रख दिया। तेज प्रताप यादव शुक्रवार को वाराणसी दौरे पर पहुंचे थे, जहां वे कैंटोनमेंट स्थित अर्कािडया होटल में रुके थे।



मंत्री तेज प्रताप यादव जब रात में किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी बीच लगभग रात एक बजे होटल प्रबंधन ने तेज प्रताप यादव का लगेज उनके कमरे से बाहर निकाल दिया। तेज प्रताप यादव जब वापस होटल पहुंचे तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत वाराणसी पुलिस से करते हुए होटल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। घटना के बाद होटल में जमकर हंगामा हुआ। तेजप्रताप ने भी होटल प्रबंधन की इस हरकत पर जमकर नाराजगी व्यक्त की। उनके सहायकों ने इस घटना को तेजप्रताप की सुरक्षा में चूक बताया है। हंगामे के बाद शुक्रवार देर रात को ही तेजप्रताप को होटल छोड़ना पड़ा। उनकी कई तस्वीरें उनके सामान सोशल मीडिया पर वायरल रही हैं।

अपर पुलिस आयुक्तउ संतोष सिंह ने बतायाः इस संबंध में होटल प्रबंधन से बात करने पर पता चला है कि तेजप्रताप के किसी करीबी ने सिर्फ एक दिन, छह तारीख के लिये होटल का कमरा बुक कराया था। होटल प्रबंधन को नहीं मालूम था कि कमरे में कौन व्यक्ति रूकने वाला है। दूसरे दिन होटल का कमरा किसी दूसरे व्यक्ति के नाम से बुक था। तेजप्रताप दर्शन करने चले गए थे। उनका एक सहायक होटल में मौजूद था। होटल प्रबंधन ने काफी समय इंतजार किया और फिर उनका समान रिसेप्शन पर ला कर रख दिया। एसीपी ने कहा कि लौटने के बाद तेजप्रताप ने सिगरा थाने शिकायत पत्र दिया है जिसकी जांच की जा रही है। बिहार के पर्यावरण एवं वन मंत्री व राजद नेता तेजप्रताप यादव निजी यात्रा पर वाराणसी आए थे।

# बिहार में बनेंगे 13 नए जेल

## जेलों की क्षमता बढ़ाई जाएगी

**एजेंसी। पटना**



बिहार सरकार ने शराब से जुड़े मामलों के कारण जेलों पर बढ़ते भारी दबाव को देखते हुए राज्य भर में 13 नए जेलों के निर्माण का फैसला किया है। सूत्रों ने बताया कि ये जेल मधेपुरा, कहलगांव, निर्मली, नरकटियागंज, राजगीर, मडोरा, रजौली, सीवान, गोपालगंज, चकिया, पकड़ी दयाल, महनार और सिमरी बख्तियारपुर में बनेंगे। प्रत्येक जेल की क्षमता एक हजार कैदियों की होगी। इनके अलावा जेल प्रशासन ने भभुआ, जमुई, औरंगाबाद, अरवल और पालीगंज में भी नए भवन बनाने का निर्णय लिया है। कुल मिलाकर, राज्य सरकार 15 केंद्रीय, मंडल और अनुमंडलीय जेलों के अंदर 33 जेल भवनों का निर्माण करेगी जिनमें 9,819 अतिरिक्त कैदियों को रखा जा सकेगा।

# नालंदा और सासाराम में शांति, इंटरनेट सेवा बहाल

**एजेंसी। पटना**

रामनवमी के दौरान बिहार के नालंदा और सासाराम में हुई हिंसा के बाद हुई हिंसक घटनाओं के बाद ठप इंटरनेट सेवा को शनिवार को फिर से बहाल कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने हालांकि भड़काऊ पोस्ट और धार्मिक भावनाओं को भटकाने वाले पोस्ट भूलवश भी पोस्ट करने वालों पर सख्त कारवाई करने की बात कही है।

नालंदा और सासाराम में शनिवार सुबह से इंटरनेट सेवा की सुविधा लोगों को मिलने लगी है। जिला प्रशासन ने कहा कि पुलिस प्रशासन लगातार सोशल साइट पर नजर रख रही है। भड़काऊ पोस्ट को लेकर अधिकारी सतत निगरानी कर रहे हैं।

## रामनवमी हिंसा के 7 आरोपितों ने नालंदा पुलिस के सामने किया आत्मसमर्पण

**बिहार** के नालंदा जिले में रामनवमी के दौरान सांप्रदायिक हिंसा के आरोपी सात लोगों ने अपनी संपत्ति की कुर्की के डर से शनिवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। जिला प्रशासन ने जैसे ही सुबह नौ आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की, उनमें से बजरंग दल के जिला संयोजक कुंदन कुमार सहित सात ने नालंदा पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले अन्य आरोपियों की पहचान कृष्ण कुमार, मोहम्मद शेरू, मोहम्मद चांद, मोहम्मद राशिद, मनीष वर्मा और सोनू वर्मा के रूप में हुई है। जिला प्रशासन ने सरेंडर करने वाले आरोपियों की संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। हालांकि, दो आरोपी पप्पू और मुन्ना अभी भी फरार हैं और इसलिए जिला प्रशासन उनकी संपत्ति कुर्क कर रहा है। बिहारशरीफ नालंदा जिले के एसपी अशोक मिश्रा ने कहा, हमने रामनवमी के दौरान सांप्रदायिक हिंसा में नालंदा जिला अदालत में अलग-अलग आवेदन दायर किए हैं। अदालत ने जिला प्रशासन को निर्देश जारी किए हैं।

रोहतास के जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि प्रशासन आपत्तिजनक वीडियो व धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले पोस्ट पर नजर रखेगी। ऐसा करने वालों लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। नालंदा जिला प्रशासन के मुताबिक, किसी भी तरह के गलत, भ्रामक खबर,तस्वीर या वीडियो को समूह या व्यक्ति स्तर पर साझा कर किसी ने अगर आपसी सौहार्द, साम्प्रादियकता या शांति व्यवस्था को बाधित करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दंडनीय कार्रवाई किया जाएगा।

### अतीक की पत्नी शाइस्ता पर इनाम राशि बढ़ी

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पर इनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार कर दी गई है। उमेश पाल हत्याकांड में नामजद होने पर पहले पुलिस ने शाइस्ता पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। फरार होने के बाद पुलिस जगह-जगह उसकी तलाश में जुटी हुई है। लेकिन तमाम दबिश के बावजूद गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने इनाम की राशि को बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी को राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले अतीक अहमद, भाई अशरफ, पुत्रों सहित शाइस्ता परवीन पर भी मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद से ही वह फरार चल रही थी। एमपी-एमएलए कोर्ट से भी शाइस्ता परवीन की अग्रिम जमानत याचिका खारिज को चुकी है। उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी।

**प्रोजेक्ट टाइगर** | 'टाइगर स्टेट' ने सुरक्षा का दायरा बढ़ाया

# 7000 हेक्टेयर भूमि 'संरक्षित वन' सूची में जोड़े

**एजेंसी। भोपाल**

कर्नाटक के मैसूर में 9 अप्रैल से शुरू होने वाले तीन दिवसीय आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'प्रोजेक्ट टाइगर' के 50 साल पूरे होने पर एक स्मारक सिक्के के साथ बाघों की गणना के नवीनतम आंकड़े जारी करेंगे। 'प्रोजेक्ट टाइगर' की शुरूआत 1973 में बाघों के प्राकृतिक आवास में उनकी समुचित आबादी सुनिश्चित करने के लिए की गई थी। बाघ संरक्षण में भारत की सफलता को विश्व स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और राज्यों के मुख्य वन संरक्षकों के साथ बाघों की गणना के नए आंकड़े जारी करेंगे। साथ ही वह 'अमृत काल' के लिए बाघ संरक्षण के नए लक्ष्य के बारे में भी बताएंगे।

बाघों की सर्वाधिक आबादी (अनुमानतः 700) और सबसे ज्यादा वन क्षेत्र के साथ 2018 से 'टाइगर स्टेट' का तमगा रखने





वाले मध्य प्रदेश ने बाघों और ओवरऑल वन्य-जीवों के संरक्षण में अब तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मध्य प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक जे.एस. चौहान ने दावा किया कि पिछले 10-15 वर्षों में, राज्य में जंगली जानवरों के लिए संरक्षित क्षेत्रों में जबरदस्त वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में बाघों की संख्या में वृद्धि उल्लेखनीय रही है। यह सभी हितधारकों के प्रयासों के कारण संभव हो सका है, विशेष रूप से प्रशासनिक पक्ष में। राज्य में कम से कम 7,000 हेक्टेयर वन भूमि को पुनः जंगल में शामिल किया गया यानी घने वन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले लगभग 200 गांवों की जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इससे हमें मध्य प्रदेश में सभी बाघ अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों में जंगली जानवरों के लिए सुरक्षा क्षेत्र, उनके भोजन की उपलब्धता और मुख्य क्षेत्र बढ़ाने में मदद मिली।

उन्होंने दावा किया कि नई तकनीक के क्रियान्वयन और वन क्षेत्रों को अलग-अलग हिस्सों में बांटने से बाघों का जीवन पुराने समय की तुलना में आसान हो गया है। बाघों और अन्य सभी जंगली जानवरों के लिए शांतिपूर्ण परिध्श्य सुनिश्चित करने के लिए सड़कों और नहरों का निर्माण तथा कुछ अन्य कदम उठाए जा रहे हैं।

वन क्षेत्रों में शांति बनाए रखने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। उदाहरण के लिए, सिवनी-नागपुर राजमार्ग पर एक साउंड प्रूफ सिस्टम लागू किया गया है। रेडियो कॉलर सिस्टम के कार्यान्वयन से बाघों के निगरानी बेहतर हुई है। मध्य प्रदेश ने जंगली जानवरों का संरक्षण करने के लिए सबसे बड़ी टीम बनाई है जिसे स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स कहा जाता है।

राज्य में पिछले कुछ वर्षों से बाघों की मृत्यु दर सबसे अधिक देखी जा रही है और अधिकांश बाघों की अस्वाभाविक रूप से मृत्यु होने की सूचना मिली है। हालांकि, अधिकारियों ने राज्य में शिकारियों के संगठित रूप से काम करने की संभावना से इनकार किया है।

हमें यह समझना होगा कि लगभग 40-45 प्रतिशत बाघ संरक्षित क्षेत्रों के बाहर घूमते हैं, जिसके कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष भी बढ़े हैं। मध्य प्रदेश में हर साल औसतन 35-40 बाघ मर रहे हैं, जबकि जन्म दर 100 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इसका मतलब है कि संरक्षण तंत्र बेहतर हुआ है।

### गंगा के तल से गुजरते हुए मेट्रो के दो रेक पहुंचेंगे हावड़ा

**हावड़ा।** गंगा के नीचे बने सुरंग से हावड़ा तक मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारियां शुरू हो गई है। सब कुछ ठीक रहा तो कल यानी रविवार को ईस्ट-वेस्ट मेट्रो के छह कोच वाले दो रेक परीक्षण के तौर पर गंगा नदी में बनाए गये ईस्टबाउंड टनल से होते हुए हावड़ा मैदान मेट्रो स्टेशन ले जाए जाएंगे। सेक्टर पांच से सियालदह तक ईस्ट-वेस्ट मेट्रो सेवा पहले ही चालू हो चुकी है। अप और डाउन लाइन ट्रेनों के लिए दो सुरंगों में से सियालदह से एस्प्लेनेड होते हुए हावड़ा मैदान तक पूर्व की ओर जाने वाली सुरंग का काम पूरा हो गया है। पश्चिम की ओर वाली सुरंग के बहुबाजार खंड पर अभी भी कुछ निर्माण कार्य बाकी है। मेट्रो अधिकारियों ने कहा है कि एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक सुरंग के शेष हिस्से का काम पूरा हो चुका है, लेकिन बहुबाजार के उस हिस्से के लिए पश्चिम की ओर वाली सुरंग का उपयोग अभी शुरू नहीं किया जा सकता है।

# दाएं हाथ के बल्लेबाजों की भरमार हैदराबाद को ले डूबेगी : टॉम मूडी

**एजेंसी। लखनऊ**

लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली पांच विकेट की हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी चर्चा का केंद्र बिंदु बन गई है। वह एक धीमी पिच पर 20 ओवरों में महज 121 रन ही बनाए पाए और उनके पूर्व मुख्य कोच टॉम मूडी मानते हैं कि बल्लेबाजी क्रम में दाएं हाथ के बल्लेबाजों की भरमार हैदराबाद के लिए चिंता का सबब है।



ईएसपीएनक्रिकइंफो टाइम आउट पर मूडी ने बात करते हुए कहा, ‘मुझे सबसे अधिक यह बात खटक रही है कि नीलामी के बाद भी उनकी टीम दाएं हाथ के बल्लेबाजों से भरी हुई थी। उन्होंने निकोलस पूरन को रिलीज कर दिया जिन्होंने विनिंग रन बनाए (शुक्रवार को लखनऊ में) और उनके बदले वह 30 फीसदी अधिक महंगे खिलाड़ी (हैरी ब्रूक) को लेकर आए जोकि खुद एक दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। उन्होंने अभिषेक शर्मा को एकादश से बाहर रखा जोकि एक और बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। लखनऊ जैसी धीमी पिच पर हैदराबाद को अपनी वन डाइमेंशनल बल्लेबाजी लाइन अप का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

लखनऊ के विरुद्ध हैदराबाद की टीम में वॉशिंगटन सुंदर के तौर पर सिर्फ एक बाएं हाथ का बल्लेबाज खेल रहा था। उन्होंने अभिषेक शर्मा की जगह पर अनमोलप्रीत सिंह के साथ जाना अधिक पसंद किया। पिछले सीजन में हैदराबाद के पास पूरन, अभिषेक और वॉशिंगटन जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाज थे।

लखनऊ के गेंदबाजों के खिलाफ हैदराबाद के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल पांड्या, लेग स्पिनर अमित मिश्रा और रवि बिश्नोई, तीनों ने ही दाएं हाथ के बल्लेबाजों को अपनी बाहर जाती गेंदों पर परेशान किया। लखनऊ के लिए इन्हीं तीनों गेंदबाजों ने अपने कोटे के ओवर पूरे किए और संयुक्त रूप से इन्होंने 12 ओवर डाले जिसमें कुल 64 रन देकर 6 विकेट झटके।

पंजाब और गुजरात के मुकाबले लखनऊ ने भले ही एक मैच कम खेला हो लेकिन बेहतर नेट रन रेट होने के चलते लखनऊ अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज हो गई है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर दीप दासगुप्ता मानते हैं कि लखनऊ की टीम इतनी संतुलित है कि ऐसा हो सकता है कि उन्हें कुछ मैचों में तो इंपैक्ट प्लेयर तक की जरूरत महसूस न हो। मार्क वुड और आवेश खान के चोटिल होने के बावजूद लखनऊ के गेंदबाज हावी रहे। इन फॉर्म काइल मेयर्स के ऑल राउंड स्किल के चलते क्विंटन डि कॉक भी प्लेइंग इलेवन में अपनी जगह नहीं बना पाए। यहां तक कि उनके इंपैक्ट प्लेयर आयुष बदोनी तक की बल्लेबाजी करने की नौबत नहीं आई।

दीप ने कहा, बैक अप खिलाड़ियों सहित लखनऊ ने हर खांचे को भर रखा है। इंपैक्ट प्लेयर को भूल जाइए, अगर वह इंपैक्ट प्लेयर के बिना भी खेलें तब भी उनकी टीम काफी अच्छी है, चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी। पिछले साल मेगा ऑक्शन में ही उन्होंने एक बेहद अच्छी टीम चुनी और आज भी उन्होंने परिस्थितियों को बखूबी भांपा।

**पुरुष विश्व मुक्केबाजी : 13 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित**

# पंघल को नहीं मिली जगह




**एजेंसी। नई दिल्ली**

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिवा थापा और 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत विजेता दीपक भोरिया 30 अप्रैल से 14 मई तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली आगामी आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

शिवा 63.5 किग्रा वर्ग में भारतीय चुनौती संभालेंगे। दीपक 51 किग्रा फ्लाईवेट वर्ग में चुने गए हैं। भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, पुरुष टीम कड़ी मेहनत कर रही है और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि उनमें से हरेक देश को गौरव प्रदान करेगा। हमने हाल में भारतीय महिला मुक्केबाजों को दिल्ली विश्व चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ पदक आंकड़ा जीतते देखा था और मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे लड़के भी विश्व चैंपियनशिप में हमें गौरव प्रदान करेंगे। प्रतियोगिता में सात गत विश्व चैंपियन उतरेंगे।

भारतीय टीम में अनुभवी मुक्केबाज और 2022 एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन 57 किग्रा वर्ग में अपनी चुनौती रखेंगे। ताशकंद चैंपियनशिप में 104 देशों के लगभग 640 मुक्केबाज अपना पंजीकरण करा चुके हैं। स्वर्ण पदक विजेता को दो लाख डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा जबकि रजत विजेता को एक लाख डॉलर का पुरस्कार मिलेगा। दोनों कांस्य पदक विजेताओं को 50-50 हजार डॉलर दिए जाएंगे।

भारतीय टीम 17 अप्रैल को ताशकंद रवाना होगी और विश्व चैंपियनशिप से पहले ट्रेनिंग कैम्प में हिस्सा लेगी। सात ओलम्पिक वर्गों - 51, 57, 63.5, 71, 80, 92 और 92 प्लस किग्रा में दो-दो मुक्केबाज ट्रेनिंग कैम्प में हिस्सा लेंगे।

**भारतीय दल इस प्रकार है :-**

गोविन्द साहनी (48), दीपक भोरिया(51), सचिन सिवाच (54), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57), वरिंदर सिंह (60), शिवा थापा (63.5), आकाश सांगवान (67), निशांत देव (71), सुमित कुंडू (75), आशीष चौधरी (80), हर्ष चौधरी (86), नवीन कुमार (92) और नरेंदर बेरवाल (92 प्लस)

## NEWS इन ब्रीफ

### महिला हाकी लीग में ओडिशा ने अमृतसर की टीम को हराया



**लखनऊ।** खेलो इंडिया महिला हाकी लीग (अंडर-21) में शनिवार को चार मैच खेले गये। इसमें स्पाट्र्स हास्टल ओडिशा ने खालसा हाकी एकेडमी अमृतसर को 6-1 से हराकर बढ़त बना ली।

### तेजस्विन ने हासिल किया एशियाई खेलों का क्वालीफाइंग मार्क



**नई दिल्ली।** भारत के लिए पुरुष ऊंची कूद में राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम रखने वाले तेजस्विन शंकर ने अमेरिका के अरिजोना में एथलेटिक्स मीट में शनिवार को 7,648 अंकों का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर डेकाथलन स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल कर लिया।

### एस्टोरिल ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे कैस्पर रूड



**एस्टोरिल।** विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी कैस्पर रूड ने एस्टोरिल ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। रूड ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मौजूदा चैंपियन सेबस्टियन बैज को 6-3, 6-0 से हराया। सेमीफाइनल में रूड का सामना फ्रेंचमैन क्वेंटिन हैलिस से होगा। एटीपी.कॉम ने रूड के हवाले से कहा, यह बहुत अच्छा था, विशेष रूप से दूसरा सेट। इस जीत से मैं बहुत खुश हूं। सेबस्टियन एक कठिन खिलाड़ी हैं और उनके खिलाफ 6-3, 6-0 से जीतना आश्चर्य जनक है, लेकिन यह टेनिस है, इस खेल में छोटे मार्जिन से भी उलटफेर हो जाता है।

**आईपीएल 2023 : दिल्ली ने बनाई हार की हैट्रिक**

# राजस्थान ने 57 रनों से हराया



### यशस्वी, बटलर ने खेली धमाकेदार पारी

**एजेंसी। गुवाहाटी**

यशस्वी जायसवाल (60) और जोस बटलर (79) के शानदार एवं तूफानी अर्धशतकों तथा गेंदबाजों के जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स को शनिवार को आईपीएल मुकाबले में एकतरफा अंदाज में 57 रन से हराकर अपनी दूसरी जीत हासिल की जबकि दिल्ली को हार की हैट्रिक झेलनी पड़ी।

राजस्थान ने 20 ओवर में चार विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर बनाया और दिल्ली को नौ विकेट पर 142 रन पर रोककर एकतरफा जीत हासिल की। राजस्थान की तरफ से ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल ने तीन-तीन और रविचंद्रन अश्विन ने दो विकेट लिए।

दिल्ली इस मैच में कहीं थी ही नहीं। पहले आठ ही ओवर में 98 रन की साझेदारी कर बटलर और जायसवाल ने उन्हें मैच से लगभग बाहर कर दिया था। हालांकि जब उन्होंने बीच में कुछ विकेट निकाले तो वो वापसी करते हुए दिखे। लेकिन बटलर लगभग आखिरी तक जमे रहे और अंत में हेटमायर ने उनका बेहतरीन साथ दिया। बाद में पहले बोल्ट और फिर राजस्थान के स्पिनरों ने दिल्ली के बल्लेबाजों को रोके रखा और सुनिश्चित किया कि लक्ष्य कभी भी उनके पहुंच में ना हो। दिल्ली को अगर अपना खाता खोलना है तो टीम में उन्हें आमूलचूल बदलाव करना होगा। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पहली दो गेंदों पर पृथ्वी शॉ और मनीष पांडेय को आउट कर दिल्ली को बैकफुट पर ऐसा धकेला कि वह अंत तक इन झटकों से उबर नहीं पायी। कप्तान डेविड वार्नर ने 55 गेंदों में सात चौकों की मदद से 65 रन बनाये लेकिन उनकी पारी से एक बार भी नहीं लगा कि वह जीत के लिए खेल रहे हैं।

चहल और अश्विन ने दिल्ली के मध्यक्रम को झकझोरा। बोल्ट ने ललित यादव को 38 रन पर आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया। इनके अलावा राइली रुसो 14 रन बनाकर दहाई की संख्या में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी रहे। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। राजस्थान ने इस फैसले का फायदा उठाते हुए तूफानी शुरूआत की। जायसवाल ने खलील अहमद के पहले ओवर में पांच चौके जड़ते हुए 20 रन ठोक डाले। जायसवाल ने 31 गेंदों में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 60 रन ठोके। बटलर ने 51 गेंदों पर 79 रन में 11 चौके और एक छक्का लगाया। जायसवाल और बटलर ने पहले छह ओवर में 14 चौके उड़ाते हुए 68 रन ठोक डाले। कप्तान संजू सैमसन शून्य और रियान पराग सात रन बनाकर आउट हुए जबकि हेटमायर ने 21 गेंदों पर नाबाद 39 रन में एक चौका और चार छक्के उड़ाए।

राजस्थान के सलामी बल्लेबाजों ने एक बड़े स्कोर के लिए स्टेज सेट कर दिया था लेकिन बीच के ओवरों में दिल्ली के गेंदबाजों ने बढ़िया वापसी की, जिसमें रोवमन पॉवेल और कुलदीप यादव की अहम भूमिका रही। एक बार के लिए ऐसा लगा कि 200 अब दूर की कड़ी है लेकिन हिट-मायर ने कहा कि मैं हूं ना और टीम को 200 के काफी करीब पहुंचा दिया।

## चेन्नई के गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन, मुंबई ने बनाए 157 रन



**एजेंसी। मुंबई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 का 12वां मुकाबला शनिवार को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में चेन्नई ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 157 रनों का लक्ष्य रखा है। मुंबई की शुरूआत सही रही, लेकिन बाद में टीम के बल्लेबाज एक के बाद एक चलते बने। ओपनिंग में कप्तान रोहित शर्म ने 13 गेंदों में 21, जबकि ईशान किशन ने 21 गेंदो में 32 रनों की पारी खेली। उनके अलावा टिम डेविड ने 22 गेंदों में 31 और तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में 22 रन बनाए। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन12 रनों की पारी खेल चलते बने, अंत में ऋतिक शौकीन ने नाबाद 18 रनों की पारी खेली। इन बल्लेबाजों के अलावा मुंबई का कोई और बल्लेबाज 10 का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। चेन्नई की ओर से रविंद्र जडेजा ने सर्वश्रेष्ठ 3 विकेट चटकाए। उनके अलावा तुषार देशपांडे और मिचेल सेंटनर ने 2-2 विकेट चटकाए। सिसांडा मंगाला ने भी 1 विकेट का योगदान दिया।

### चार्ल्सटन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची जेसिका पेगुला



**चार्ल्सटन।** विश्व के तीसरे नंबर की महिला टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने चार्ल्सटन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। जेसिका ने क्वार्टर फाइनल में 33वें नंबर की खिलाड़ी पाउला बडोसा को 6-3, 7-6 (6) से हराकर सीजन के अपने चौथे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह मुकाबला 1 घंटे 41 मिनट तक चला। चार्ल्सटन में नंबर 1 वरीयता प्राप्त पेगुला का सामना सेमीफाइनल में गत चैंपियन बेलिंडा बेनकिक से होगा। बेनकिक ने एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 6-3, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जीत के बाद पेगुला ने कहा, खुशी है कि मुझे अंत में जीत मिली।

**सीफर्ट की तूफानी पारी**

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को टी 20 सीरीज में 2-1 से हराया



**एजेंसी। क्वींसटाउन (न्यूजीलैंड)**

सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट की 48 गेंदों में 88 रन की तूफानी पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को शनिवार को तीसरे टी20 में चार विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। सीफर्ट को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। श्रीलंका ने 20 ओवर में चार विकेट पर 182 रन बनाये। कुशल मेंडिस ने 48 गेंदों पर 73 रन की पारी खेली। कुशल परेरा ने 33 रन बनाकर मेंडिस को अच्छा सहयोग दिया। लेकिन यह स्कोर भी न्यूजीलैंड को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। न्यूजीलैंड ने कुछ विकेट गंवाए लेकिन आखिरी ओवर में छह विकेट पर 183 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

सीफर्ट का यह लगातार दूसरा अर्धशतक है। उन्होंने दूसरे मैच में नाबाद 79 रन बनाये थे। उन्होंने मात्र 26 गेंदों में पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 48 गेंदों की पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाए।

**बैठक | बीसीसीआई एपेक्स काउंसिल की अहम बैठक आज**

# मुख्य कोच की नियुक्ति पर होगी चर्चा

### एजेंडे में मीडिया अधिकारों की बिक्री का मामला भी आज ही साफ हो पाएगा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीसीसीआई रविवार को होने वाली शीर्ष परिषद की बैठक में द्विपक्षीय क्रिकेट के लिए मीडिया अधिकारों की बिक्री और भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच को नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करेगा।

आईपीएल मीडिया राइट्स से 48,390 रुपये की अप्रत्याशित कमाई के बाद, बीसीसीआई को 2023-2027 चक्र के घरेलू सीजन के अधिकारों के लिए काफी उम्मीदें होंगी।

भारतीय क्रिकेट के इकोसिस्टम में वायाकॉम के प्रवेश के साथ, यह उनके, स्टार और सोनी के बीच तीन-तरफा लड़ाई होगी।

बीसीसीआई ने आईपीएल के प्रसारण और डिजिटल अधिकारों को अलग-अलग बेचने से भारी लाभ प्राप्त किया और उम्मीद है कि घर में अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिए भी इसका पालन किया जाएगा। स्टार ने पिछले चक्र के लिए 6,138.1 करोड़ रुपये का भुगतान किया था जो 31 मार्च को समाप्त हुआ था।

### महिला टीम सपोर्ट स्टाफ की नियुक्ति

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में मुख्य कोच के बिना टी20 विश्व कप खेला था। दिसंबर में मुख्य कोच रमेश पोवार को बर्खास्त किए जाने के बाद बल्लेबाजी कोच हृषिकेश कानिटकर ने टीम की कमान संभाली थी।

जैसा कि शीर्ष परिषद के एजेंडे में इस विषय का उल्लेख है, बीसीसीआई जल्द ही मुख्य कोच पद सहित सहायक कर्मचारियों के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा।

भारत फरवरी में आईसीसी इवेंट में नॉक-आउट गेम में सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था।

**वनडे वर्ल्ड कप के लिए टैक्स छूट**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा आयोजित टूर्नामेंटों की मेजबानी के लिए मेजबान राष्ट्र को सरकार से कर छूट प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। हालांकि, भारत के कर नियम इस तरह की छूट की अनुमति नहीं देते हैं, हालांकि बीसीसीआई सरकार के साथ अपनी बातचीत में एक उचित समाधान पर जोर दे रहा है। अगर सरकार 2023 एकदिवसीय विश्व कप से आईसीसी के प्रसारण राजस्व पर 21.84 प्रतिशत कर अधिभार लगाने के अपने फैसले पर कायम रहती है तो बोर्ड को 955 करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है।

एजेंडे के अन्य विषयों में खिलाड़ी अनुबंधों का अनुसमर्थन, बीसीसीआई अधिकारियों की संशोधित यात्रा नीति और 2023-2024 सत्र के लिए घरेलू कार्यक्रम शामिल हैं।

बायजू की जर्सी प्रायोजन समय से पहले समाप्त होने के साथ, बीसीसीआई को भी एक प्रतिस्थापन की तलाश करनी होगी।

एडिडास, किलर जींस के निमार्ता केकेसीएल की जगह भारतीय टीम किट प्रायोजक बनने के लिए तैयार है।



# अब तक 85 हजार करोड़ रु. के मोबाइल निर्यात को पार कर गया भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं के स्थानीय विनिर्माण की दिशा में सरकार ने 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में भारत को मोबाइल निर्यात में 85,000 करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड पार करने में मदद की है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) द्वारा आईएएनएस को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, स्थानीय विनिर्माण के लिए आकर्षक सरकारी प्रोत्साहन से उत्साहित, भारत ने वित्त वर्ष 2022-2023 में 10 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन निर्यात को पार कर लिया है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं द्वारा संचालित, पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में भारत से स्मार्टफोन का निर्यात दोगुना हो गया है। आईसीईए के आंकड़ों के अनुसार, भारत वर्तमान में शीर्ष पांच वैश्विक गंतव्य यूएई, यूएस, नीदरलैंड, यूके और इटली को मोबाइल फोन निर्यात करता है। आईसीईए के अध्यक्ष पंकज महेंद्रू ने इससे पहले आईएएनएस को बताया था, ₹मोबाइल फोन उद्योग 40 अरब डॉलर के विनिर्माण उत्पादन को पार कर जाएगा और 10 अरब डॉलर पर 25 प्रतिशत निर्यात एक शानदार प्रदर्शन है।₹ भारत में बिकने वाले 97 प्रतिशत से अधिक स्मार्टफोन अब स्थानीय स्तर पर उत्पादित किए जा रहे हैं। भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निमार्ता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के अनुसार, वर्ष 2023 एक मील का पत्थर होगा क्योंकि देश इस साल मोबाइल फोन निर्यात में 1 लाख करोड़ रुपये को पार कर जाएगा। चीन के बराबर भारत में 2027 तक एप्पल के 45-50 प्रतिशत आईफोन का उत्पादन करने की संभावना है, जहां 2022 में 80-85 प्रतिशत आईफोन का उत्पादन किया गया था। अनुमानों के अनुसार, भारत और वियतनाम चीन से स्मार्टफोन आपूर्ति श्रृंखला प्रवासन के सबसे बड़े लाभार्थी बनने वाले हैं। भारत ने 2022 के अंत में आईफोन की कुल उत्पादन क्षमता का 10-15 प्रतिशत हिस्सा लिया था।



# सीएनजी 8 और पीएनजी 5 रुपये प्रति यूनिट हुई सस्ती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में प्राकृतिक गैस का मूल्य तय होने के बाद कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की कीमत में बड़ी कटौती की गई है। अडाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) ने सीएनजी की कीमत में 8.13 रुपये प्रति किलोग्राम और पीएनजी की कीमत में 5.06 प्रति घन सेंटीमीटर तक की कटौती है। नई दरें आज (शनिवार) से लागू हो गई हैं। इससे पहले महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने भी सीएनजी और पीएनजी की कीमत में देरात कटौती का ऐलान किया था। इस कटौती के बाद सीएनजी की कीमत 79 रुपये प्रति किलोग्राम और घरेलू पीएनजी की कीमत 49 रुपये प्रति एससीएम हो गई है। यह दर 7 अप्रैल की मध्यरात्रि से प्रभावी गई है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नए मूल्य निर्धारण फॉमूर्ले के तहत अप्रैल के लिए प्राकृतिक गैस की कीमत 7.92 डॉलर प्रति दस लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) तय कर दी है।

## सोने-चांदी की कीमतों में शानदार तेजी

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सर्राफा बाजार में इस हफ्ते की शुरूआत, यानी 3 अप्रैल को सोना 59,251 रुपए पर था, जो अब 8 अप्रैल को 60,623 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,372 रुपए बढ़ी है। इसी हफ्ते 5 अप्रैल को सोने ने नया ऑल टाइम हाई बनाया था। तब 10 ग्राम सोना का दाम 60,977 रुपए पर पहुंच गया था। इस हफ्ते चांदी में ढाई हजार रुपए से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरूआत में ये 71,173 रुपए पर थी जो अब 74,164 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 2,991 रुपए बढ़ी है। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62,000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64,000 तक पहुंच सकता है।

## देश में लगेंगे 7 नए मेगा टेक्सटाइल प्लांट



**नई दिल्ली।** मेक इन इंडिया के तहत केंद्र सरकार ने देश में सात टेक्सटाइल प्लांट लगाने के प्लान की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मित्र योजना के तहत ये सातों प्लांट तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में लगाए जाएंगे। केंद्र सरकार का कहना है कि इस कारोबार से 20 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। पीएम मित्र योजना को अक्टूबर 2021 में 4,445 करोड़ रुपये के खर्च के साथ शुरू किया गया था और 2023-24 के बजट में परियोजना के लिए प्रारंभिक आवंटन 200 करोड़ रुपये है। 17 मार्च को पीएम मोदी ने कहा था कि पीएम टेक्सटाइल सेक्टर को एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइड कराएगा। उन्होंने कहा था कि इसमें करोड़ों रुपये के निवेश से लाखों की संख्या में नौकरियां पैदा होंगी। यह मेक इन इंडिया और मेक फॉर वर्ल्ड का ग्रेट एग्जाम्पल है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इसके तहत 70 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना है और 20 लाख नौकरी पैदा करने का टारगेट रखा गया है। एएनआई ने मंत्री के हवाले से कहा कि कपड़ा उद्योग देश में असंगठित रहा है।

## पीएम मुद्रा योजना के 8 साल पूरे

# सरकार ने बांटे 23 लाख करोड़ रुपये

**एजेंसी। नई दिल्ली**




प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के आठ साल पूरे हो गए हैं। पीएमएमवाई के तहत अबतक 23.2 लाख करोड़ रुपये के 40.82 करोड़ से ज्यादा खातों में लोन दिए जा चुके हैं। इनमें 21 फीसदी ऋण नए उद्यमियों के लिए स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 अप्रैल, 2015 को इस योजना की शुरूआत की थी। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक 8 अप्रैल, 2015 को इस योजना को शुरू करने के बाद 24 मार्च, 2023 तक कुल 40.82 करोड़ लोन खातों में करीब 23.2 लाख करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। पीएमएमवाई में करीब 68 फीसदी लोन महिला उद्यमियों को दिए गए हैं। इस योजना के तहत आने वाले 51 फीसदी खाते एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के उद्यमियों के हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस योजना की 8वीं वर्षगांठ पर कहा कि मुद्रा ने जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद की है। इसके साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हुए गेम चेंजर भी साबित हुई है। वित्त राज्य मंत्री डॉ भागवत राव कराड ने कहा कि पीएमएमवाई ने देश में सूक्ष्म उद्यमों के लिए एक सहज तरीके से ऋण के लिए निर्बाध मुक्त पहुंच को आसान बनाया है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना केंद्र सरकार ने शुरू की है। प्रधानमंत्री ने 8 अप्रैल, 2015 को इसे लॉन्च किया था। इस योजना के तहत सरकार बिना कुछ गिरवी रखे व्यापार शुरू करने के लिए छोटे व्यापारियों और नॉन-कॉरपोरेट सेक्टर को 10 लाख रुपये तक का लोन मुहैया कराती है। पीएमएमवाई को सरकार ने छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया था।

# सुजुकी सुपरबाइक हायाबुसा भारत में लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने आज भारतीय बाजार में मशहूर सुपरबाइक 'हायाबुसा' के लेटेस्ट मॉडल को लॉन्च किया है। कंपनी ने इस बाइक को इर6 फेस-2 और रियल ड्राइविंग इमिशन नॉर्म्स के अनुसार अपडेट किया है। बाइक अब ए20 पेट्रोल पर भी दौड़ेगी। नई 2023 सुजुकी हायाबुसा को 16.90 लाख रुपए के एक्स-शोरूम के प्राइज में लॉन्च किया गया है। कंपनी ने लॉन्च के साथ आज से ही इसकी बुकिंग शुरू कर दी है। 2023 सुजुकी हायाबुसा में कंपनी ने 1340सीसी का इनलाइन-फोर सिलिंडर डीओएचसी इंजन दिया है। जो 190बीएचपी की दमदार पॉवर और 142ठट का पीक टॉर्क जनरेट करती है। हालांकि बीएस6 फेस-2 और आरडीई के अनुसार इंजन को अपडेट किया गया है। इंजन 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ आता है, जिसमें ट्रैक्शन कंट्रोल, कॉर्नरिंग अइर, तीन पावर मोड, क्रूज कंट्रोल के साथ कई फीचर्स मिलते हैं। ये बाइक 2.86 सेकेंड में 0 से 100 किलोमीटर की स्पीड पकड़ लेती है। कंपनी ने बाइक के मैकेनिज्म में भी किसी तरह का बदलाव नहीं किया है। 2023 की सुजुकी हायाबुसा डुअल-टोन कलर ऑप्शन के साथ आती है। बाइक की बॉडी में अलग-अलग कलर की फ्रंट एयर इंटेक्स, साइड काउलिंग और रियर सेक्शन लगाए गए हैं।

# यामाहा ने एरोक्स 155 लॉन्च किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



यामाहा मोटर इंडिया ने देश में एरोक्स 155 के अपडेटेड वर्जन को लॉन्च किया है। यामाहा ने 2023 एरोक्स 155 को 1.43 लाख रुपए के एक्स-शोरूम प्राइज में लॉन्च किया है। यह मैक्सी-स्पोर्ट्स स्कूटर भारत में अपने सेगमेंट में ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम देने वाला पहला स्कूटर है, जिसमें बीएस6 फेस-2 नॉर्म्स के अनुसार इंजन को अपडेट किया गया है। नई 2023 यामाहा एरोक्स 155 को चार कलर वैरिएंट (मैटेलिक ब्लैक, रेसिंग ब्लू, ग्रे वर्मिलियन और मैटेलिक सिल्वर) में लॉन्च किया गया है। इन सभी कलर वैरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 1.43 लाख रुपए है। 2023 यामाहा एरोक्स 155 में 155सीसी, सिंगल-सिलेंडर, लिक्विड-कूल्ड, फ्यूल-इंजेक्टेड इंजन दिया गया है, जो 8000 आरपीएम पर 14.79बीएचपी और 6500आरपीएम पर 13.9एनएम का पीक टार्क जनरेट करता है। बीएस6 फेस-2 नॉर्म्स के अनुसार अपडेटेड इंजन होने के कारण अब यह ए20 ईंधन पर चल सकेगी। 2023 यामाहा एरोक्स 155 में टेलिस्कोपिक फ्रंट फोर्क्स और रियर में ट्विन स्प्रिंग-लोडेड शॉक एब्जॉर्बर दिया गया है।

## विदेश

## अफगानिस्तान में महिलाओं पर प्रतिबंध के विरोध में 3,300 कर्मचारी दूसरे दिन भी काम पर नहीं गए

**संयुक्त राष्ट्र।** अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र की महिला कर्मचारियों को काम न करने की इजाजत के विरोध में 3,330 अफगान पुरुष व महिलाएं दूसरे दिन भी काम पर नहीं गए और घर पर ही रहे। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र ने दी। तालिबान पर फैसला वापस लेने के लिए दबाव बनाने के तहत किया गया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान की कार्रवाई पर एक आपात बैठक की और प्रतिबंध को हटाने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यूएन के इस आग्रह को दोहराया कि लाखों लोगों को जीवन रक्षक सहायता पहुंचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सभी कर्मचारियों की आवश्यकता है और उन्होंने फिर से जोर देकर कहा कि अफगान महिलाओं को पुरुषों द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया जाएगा। एक सप्ताह बाद पूर्वोत्तर अफगानिस्तान में महिलाओं द्वारा संचालित एक रेडियो स्टेशन ने अपना प्रसारण फिर से शुरू कर दिया है। तालिबान के एक अधिकारी और स्टेशन के प्रमुख ने शुक्रवार को कहा कि रमजान माह के दौरान संगीत बजाने के लिए अधिकारियों द्वारा इसे एक सप्ताह के लिए बंद करने को कहा गया था। उधर, तालिबान की कट्टरपंथी राजनीति के कारण सरकारी नौकरियां गंवाने वाली कई अफगान महिलाओं ने अब अपना कारोबार शुरू कर दिया है। इन पर परिवारक को चलाने की जिम्मेदारी थी।

## पाकिस्तान को तीन साल में चुकाने होंगे 77.5 अरब डालर के बाहरी कर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की बदतर आर्थिक हालात के बीच अगले तीन साल में देश को बाहरी कर्ज के लिए 77.5 अरब डॉलर चुकाने होंगे। ऐसे हालात में आने वाले समय में अर्थव्यवस्था को लेकर विश्लेषकों ने चिंता जताई है। यूएस इंस्टीट्यूट आफ पीस (यूएसआइपी) के अनुसार अप्रैल 2023 से जून 2026 तक पाकिस्तान को 77.5 अरब डालर का बाहरी कर्ज चुकाने होंगे। कर्ज के रूप में 77.5 अबर डॉलर का भुगतान अगले तीन वर्षों में चीन के वित्तीय संस्थानों, निजी लेनदारों और सऊदी अरब को किया जाएगा। हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ 350 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए यह एक भारी बोझ है। यूएसआइपी ने अपने विश्लेषण में कहा है कि इस बात का वास्तविक खतरा है कि पाकिस्तान अपने कर्ज पर चूक कर सकता है। इसके चलते पहले से ही बढ़ते आतंकवाद के बीच राजनीतिक उथल-पुथल तेज हो सकती है। 23 करोड़ आबादी वाला परमाणु-सशस्त्र पाकिस्तान अपने बाहरी ऋण दायित्वों को पूरा करने में असमर्थ होने के कारण उस पर डिफॉल्टर होने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं पाकिस्तान में हालात बेहद खराब हो चुके हैं। नकदी की कमी से पकिस्तान से आयात बाधित होने के साथ ही जरूरी वस्तुओं के दाम और बढ़ जाने का खतरा है। इतना ही कुछ वस्तुओं की कमी भी हो सकती है। श्रीलंका में हम यह स्थिति देख चुके हैं।

## अमेरिका में बुजुर्गों से धोखाधड़ी करने वाले भारतीय को 33 माह की जेल, 24 लाख डॉलर जुर्माना

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में बुजुर्गों से धोखाधड़ी करने के आरोप में एक भारतीय नागरिक को 33 महीने जेल की सजा सुनाई गई है और 24 लाख डॉलर का जुमार्ना भी लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक 29 साल के आशीष बजाज ने पिछले साल नेवार्क संघीय अदालत में जिला न्यायाधीश केविन मैकनेकल के समक्ष ऑनलाइन धोखाधड़ी करने की साजिश को स्वीकार किया था। कोर्ट ने आरोपित पर 33 महीने की जेल की सजा दी गई है और 24 लाख डॉलर का जुमार्ना लगाया है। अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने बताया कि न्यू जर्सी और पूरे अमेरिका में बुजुर्ग लोगों को निशाना बनाने वाली अंतरराष्ट्रीय साजिश में उसकी संलिप्तता के लिए उसे 33 महीने की जेल की सजा दी गई है और 24 लाख डॉलर का जुमार्ना लगाया गया है। रिहाई के बाद भी दो साल तक उस पर नजर रखी जाएगी। मामले से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, अप्रैल 2020 से अगस्त 2021 तक बजाज और उसके साथियों ने खुद को विभिन्न बैंकों, ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं और ऑनलाइन भुगतान कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर अमेरिका में बुजुर्ग लोगों को निशाना बनाया।

## केन्या में हुआ भीषण सड़क हादसा

# राहगीरों पर चढ़ा ट्रक, 10 की मौत



**एजेंसी। नैरोबी**

तंजानिया से लगी पश्चिमी केन्या की सीमा के पास शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है। दरअसल मिगोरी शहर के हाईवे पर एक ट्रक अनियंत्रित हो गया। उसने राहगीरों मोटरसाइकिल और टैक्सियों पर ट्रक चढ़ा दिया। भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है तो वहीं 10 अन्य लोग घायल भी हो गए हैं। एक स्थानीय पुलिस कमांडर ने कहा कि केन्या के मिगोरी शहर में दुर्घटना एक प्रमुख राजमार्ग पर हुई जब चालक ने ब्रेक पर नियंत्रण खो दिया। ट्रक अनियंत्रित होकर रास्ते पर चल रहे राहगीरों और गाड़ियों पर चढ़ गया। जिसकी चपेट में आने से कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, तो कई लोग घायल भी हो गए। हालांकि इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत बचाव का कार्य शुरू किया। मिगोरी काउंटी के कमांडर मार्क वंजाला ने कहा कि ट्रक के नीचे फंसे लोगों को निकालने का अभियान जारी है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि इस हादसे में यह भी आशंका जताई जा रही है कि अभी इस सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।? वंजाला ने कहा कि दो और लोगों के पुल पार कर नदी में गिर जाने की सूचना मिली थी, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि ट्रक चालक ने दुर्घटना से पहले बार-बार वाहन का हॉर्न बजाया। लेकिन ट्रक का नियंत्रण खो गया था जिस वजह से यह भीषण हादसा हुआ। ट्रक चालक, वाहन में सवार चावल की बोरियों को पड़ोसी तंजानिया के सीमावर्ती शहर इसेबानिया की ओर ले जा रहा था। सोशल मीडिया पर लोगों के ट्रक के नीचे फंसे रहने और चावल लूटने का वीडियो सामने आया है।? बता देंगी कई केन्याई ईस्टर की छुट्टियों के दौरान अपने ग्रामीण घरों की यात्रा करते हैं। ऐसे में इस दौरान हुई सड़क दुर्घटनाएं आम हैं। पुलिस ने मोटर चालकों से सावधानी बरतने और लंबी ड्राइव पर जाने से पहले वाहनों की अच्छी तरह से सर्विसिंग सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## इजरायल के तेल अवीव में आतंकी हमला, एक की मौत, छह घायल

**यरुशलम।** इजरायल के तेल अवीव में हुए आतंकी हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हमलावर आतंकी ढेर हो गया। तेल अवीव पुलिस प्रमुख अमीचाई एशद के अनुसार एक संदिग्ध हमलावर ने इस हमले के लिए गोला-बारूद के स्थान पर दुर्घटना को तरीका बनाया। हमलावर ने एक साइकिल लेन पर कार चलाते हुए पैदल यात्री क्षेत्र में कई लोगों पर कार चढ़ा दी। इस घटना को आतंकी हमला करार देते हुए उन्होंने कहा कि पैदल लेन में कई लोगों पर कार चढ़ाने के बाद हमलावर ने कार को समुद्र तटीय पार्क के पास टहलने वाले लोगों पर चढ़ाना शुरू कर दिया। इस कारण वहां चीख पुकार मच गई। बाद में समुद्र के किनारे तेज रफ्तार कार पलट गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे क्षेत्र को बंद कर दिया गया है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नॉर्थ कोरिया ने टेस्ट किया दूसरा अंडरवाटर न्यूक्लियर ड्रोन



**एजेंसी। सियोल**

नॉर्थ कोरिया ने एक बार फिर से अंडर वाटर न्यूक्लियर ड्रोन की टेस्टिंग की है। वहां के सरकारी मीडिया ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। नॉर्थ कोरिया ने अपने इस दूसरे अंडर वाटर न्यूक्लियर ड्रोन को हाइल-2 नाम दिया है। कोरियन भाषा में हाइल का मतलब सुनामी होता है। ये ड्रोन समुद्र में दुश्मन पर चुपचाप हमला करने में माहिर है। नॉर्थ कोरिया ने इस ड्रोन की टेस्टिंग 4 अप्रैल से 7 अप्रैल के बीच की है। इस दौरान हाइल ने हजार किलोमीटर की दूरी तय की। नॉर्थ कोरिया का दूसरा अंडरवाटर न्यूक्लियर ड्रोन टारगेट पर अटैक करने से पहले 71 घंटों तक पानी में रहा। परीक्षण करने की जानकारी देने से 2 दिन पहले नॉर्थ कोरिया ने गुरुवार को अमेरिका और साउथ कोरिया को बढ़ते तनाव के लिए जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने कहा था कि दोनों देशों ने लगातार जॉइंट मिलिट्री ड्रिल्स कर स्थिति को परमाणु युद्ध की कगार पर ला दिया है। तानाशाह किम जोंग ने ड्रिल्स के बदले आक्रामक कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी थी। नॉर्थ कोरिया ने मिसाइलों के बाद अपने पहले अंडर वॉटर न्यूक्लियर ड्रोन का सफल परीक्षण 21 से 23 मार्च के बीच किया था। ङउठअ ने बताया था कि मिलिट्री के इस न्यूक्लियर ड्रोन में रेडियो एक्टिव सुनामी लाने की क्षमता है।

## जानकारी

## रूसी रक्षा मंत्रालय के पूर्व गार्ड ने पुतिन को लेकर किए खुलासे

# कोरोना का खतरा और खुद की हत्या का डर

**एजेंसी। वाशिंगटन**

रूस-यूक्रेन का युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपनी हत्या का डर सताने लगा है। वह अपनी जान बचाने के लिए सीक्रेट ट्रेन और रूट का इस्तेमाल कर रहे हैं। रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसओ) के पूर्व गार्ड ग्लीब काराकुलोव ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की रक्षा के लिए किए गए तमाम उपायों के बारे में जानकारी दी है।

### कोविड और जान खोने को लेकर डर

ग्लीब काराकुलोव ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति को सबसे ज्यादा कोविड और अपनी जिंदगी खोने का डर है। वह अधिकतर समय अपने निजी आवासों में बिताते हैं, जिन्हें बंकर कहा जाता है। इसके साथ ही वह लोगों से दूर रहते हैं। वह अभी भी कोविड के दौरान लगे लॉकडाउन के नियमों का पालन कर रहे हैं। वह बहुत ही आत्म केंद्रित नेता हैं। उन्हें अपनी चिंता रहती है।

### पुतिन के साथ कर चुका है 180 यात्रा

काराकुलोव ने बताया कि रूसी राष्ट्रपति के अलग-अलग शहरों में एक तरह के ऑफिस है। वो अपने ठिकाने को छिपाने के लिए एक गुप्त ट्रेन नेटवर्क का इस्तेमाल करते है। बता दें, ग्लीब काराकुलोव ने पुतिन से जुड़ी यह जानकारी एक राजनीतिक सूचना संगठन डोजियर सेंटर के साथ इंटरव्यू में दी है। ग्लीब ने बताया कि वह रूसी नेता के साथ 180 से अधिक यात्रा कर चुका है।

### अपने निजी वाहन में ही करते हैं यात्रा

फएसओ के पूर्व गार्ड ग्लीब काराकुलोव ने एक और रोचक खुलासा किया। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति अगर लंबे समय के लिए यात्रा करते हैं, तो वह अपने निजी वाहन का उपयोग करते हैं। पुतिन की गुप्त सेवाएं विदेशी खुफिया से उनकी गतिविधियों को छिपाने और हत्या के किसी भी कोशिश को रोकने के लिए नकली मोटरसाइकिल और विमानों का इस्तेमाल करती हैं। इसका कारण यह है कि इन वाहनों को ट्रैक नहीं किया जा सकता है।

### टेक्नोलॉजी से नहीं है लगाव

अगर कोई कार्यक्रम होने वाला होता है तो उसमें शामिल होने वाले लोगों को दो सप्ताह पहले से ही एकांतवास में रहना होता है। एकांतवास में रहे कर्मचारी ही एक कमरे में उनके साथ काम कर सकते हैं। वहीं ग्लीब ने बताया कि पुतिन को टेक्नोलॉजी नहीं पसंद है। वह फोन या इंटरनेट का उपयोग नहीं करते हैं। पुतिन जानकारी लेने के लिए अपने करीब लोगों की मदद लेते हैं।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### राष्ट्रपति ने ईस्टर की पूर्व संध्या पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को ईस्टर की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं भेजी हैं। उन्होंने देशवासियों से यीशु मसीह के जीवन मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण के उत्थान का संकल्प लेने का आह्वान किया है।

राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा है : ईस्टर के पावन अवसर पर मैं भारत और विदेशों में रह रहे सभी देशवासियों को विशेष रूप से ईसाई समुदाय को अपनी बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवन की स्मृति में मनाया जाने वाला उल्लास का यह त्योहार प्रेम और करुणा का प्रतीक है। यीशु मसीह ने सत्य और न्याय के लिए बलिदान देकर हमें प्रेम और क्षमा का संदेश दिया है।

### त्रिपुरा में डायन होने के शक में महिला की हत्या, आठ गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा के खोवई जिले में एक 45 वर्षीय आदिवासी महिला के 'डायन' होने के संदेह में उसका अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने कौशल्या घाटवाल का अपहरण कर लिया, उसकी हत्या कर दी और उसके शव को चंपाहोर पुलिस थाने के तहत लेंगटीबाड़ी गांव में एक परित्यक्त टैंक में फेंक दिया। घटना गुरुवार रात की है। पुलिस ने शव बरामद कर शुक्रवार देर रात सभी आठों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में पीड़िता की सास-ससुर और पति भी शामिल है, जो इस मामले के मुख्य आरोपी हैं।

### नशे में धुत यात्री ने की इमरजेंसी डोर फ्लैप खोलने की कोशिश

**नई दिल्ली।** हवाई यात्री के अनियंत्रित व्यवहार की एक अन्य घटना में शुक्रवार को दिल्ली से बेंगलुरू जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में नशे में धुत एक यात्री ने आपातकालीन दरवाजे का फ्लैप खोलने की कोशिश की। मामले की सूचना संबंधित एजेंसियों को दी गई और उचित कार्रवाई शुरू की गई। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहाः दिल्ली से बेंगलुरू जाने वाली फ्लाइट 6ई 308 में सवार यात्री ने नशे की हालत में आपातकालीन निकास के फ्लैप को खोलने की कोशिश की। यह देखने पर, बोर्ड पर मौजूद चालक दल ने कप्तान को सतर्क किया और यात्री को उचित चेतावनी दी गई।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मान रही सेना

## महिलाओं को कमीशन अफसर बनाने, पदोन्नति व कमांड पोस्टिंग में किया जा रहा भेदभाव, नहीं दिया जा रहा अधिकार

**नाराज सीजेआई ने कहा**

**हमारे फैसलों को दरकिनार करने की कोशिश भी की तो बुरा अंजाम भुगतना होगा**



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को जब पता चला कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले व आदेश के बाद भी भारतीय सेना में महिला अफसरों से पद व अधिकार देने के मामले में भेदभाव किया जा रहा है, तो वह सन्न रह गए। इसके बाद नाराज मुख्य न्यायाधीश ने रक्षा मंत्रालय को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि अपना घर दुरुस्त कर लो, नहीं तो ठीक नहीं होगा, हम आपको सबक सिखाने से गुरेज नहीं करेंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश, महिला अफसरों के प्रति किए जा रहे भेदभाव को जान इतने ज्यादा गुस्से में आ गए कि उन्होंने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल को मौखिक रूप से कहा कि जो सबसे ऊपर बैठा है उसे भी बता देना कि यदि हमारे फैसलों को दरकिनार करने की कोशिश भी की तो बुरा अंजाम भुगतना होगा।

भारत के मुख्य न्यायाधीश को सुनवाई के दौरान बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बावजूद सेना ने महिला अफसरों को प्रमोशन में दरकिनार करने के लिए नए नियम गढ़ दिए हैं। इन रूकावटों, अड़ंगों की वजह से महिला अफसरों को पदोन्नति के मामले में पुरुष अफसरों से पीछे रहना पड़ रहा है। मुख्य न्यायाधीश यह सच जानकर सन्न थे। उन्होंने सॉलिसिटर जनरल से कहा कि अभी हम केवल नोटिस दे रहे हैं। चीजें ठीक नहीं हुई तो हम आपको सबक सिखाने से गुरेज नहीं करेंगे। उनका कहना था कि अपने ऊपर वालों को बता दो कि वो सब कुछ अपने आप ठीक कर लें। नहीं तो हम अवमानना की कार्रवाई शुरू करेंगे। अगली बार अगर आपने हमें कुछ और बताकर गुमराह करने की कोशिश भी की तो हम आपको सही से काम करने का तरीका भी बता देंगे।

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने सर्वोच्च न्यायालय के पहले के फैसलों का हवाला देकर कहा कि आप हमारे आदेश को भी नहीं मान रहे हैं। ये सब नहीं चलने वाला है।

### भाजपा प्रवक्ता पटेल को फेक न्यूज ट्वीट करना पड़ा भारी, एफआईआर

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हमले की झूठी खबर फैलाने के मामले में उत्तर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रशांत उमराव पटेल पर नाराजगी जताते हुए अगली तारीख से पहले माफी मांगने को कहा। यह बेंच दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पहली याचिका ट्विटर पर फेक न्यूज फैलाने को लेकर कई पुलिस थानों में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को एक साथ मिलाने को लेकर थी। दूसरी याचिका उन्हें अग्रिम जमानत देते समय मद्रास हाईकोर्ट की तरफ से लगाई गई शर्तों के विरुद्ध दायर की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने कई पुलिस थानों में दर्ज एफआईआर को जोड़ने की मांग वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश में बदलाव किया और पटेल को 10 अप्रैल को तमिलनाडु पुलिस थाने में पेश होने का आदेश दिया।

सर्वोच्च न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस शर्त में बदलाव किया है, जिसके तहत उन्हें पंद्रह दिनों तक रोजाना सुबह 10:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करना था। पटेल के वकील सिद्धार्थ लूथरा ने न्यायालय को बताया कि आरोपी ने केवल उन खबरों को ट्वीट किया था, जिन्हें पहले ही कई मीडिया एजेंसियों की ओर से शेयर किया जा चुका था। पटेल ने ट्वीट डिलीट कर दिया है। फिर भी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जा रहे हैं। उन्हें परेशान किया जा रहा है। राज्य पुलिस की तरफ से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी पेश हुए थे। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने जो शर्त लगाई है उसमें कुछ भी गलत नहीं है। ये शर्त केवल पूछताछ के लिए लगाई गई है। पटेल न तो पुलिस के सामने पेश हुए। न यह कहते हुए हलफनामा दिया कि वह दोबारा ऐसा कोई भी ट्वीट करने से बचेंगे, जो लोगों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देता है। ट्वीट गैर-जिम्मेदाराना था।

### कांग्रेस नेता ने राहुल गांधी को सजा सुनाने वाले जज को दी धमकी

# सत्ता में आते ही काटेंगे जीभ

**एजेंसी। डिंडीगुली (तमिलनाडु)**

डिंडीगुल जिला कांग्रेस अध्यक्ष मणिकंदन गुरुवार को एक विरोध प्रदर्शन के दौरान आपा खो बैठे। उन्होंने राहुल गांधी को सजा देने वाले जज की जीभ काटने की धमकी तक दे दी। उन्होंने 6 अप्रैल को पार्टी द्वारा किए जा रहे एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि जब हमारी सत्ता आएगी हम राहुल गांधी को जेल भेजने के लिए फैसला सुनाने वाले जज की जीभ काट देंगे।



डिंडीगुल पुलिस ने बताया कि इस मामले को लेकर मणिकंदन के खिलाफ आईपीसी की धारा 153बी सहित तीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसे लेकर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस की एससी/एसटी विंग तमिलनाडु के डिंडीगुल में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अयोग्यता का विरोध कर रही थी। इस दौरान जिला प्रमुख मणिकंदन ने कहा कि 23 मार्च को सूरत अदालत के न्यायाधीश ने हमारे नेता राहुल गांधी को दो साल की जेल की सजा सुनाई। सुनिए, जस्टिस एच वर्मा जब भी कांग्रेस सत्ता में आएगी तब हम आपकी जीभ काट देंगे।

दरअसल, 2019 में मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में 23 मार्च को सूरत की सीजेएम कोर्ट ने धारा 504 के तहत राहुल को दो साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, कोर्ट ने फैसले पर अमल के लिए 30 दिन की मोहलत भी दी थी। 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, 'कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है?' इसी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था।

**बाद में मिली थी जमानत :** बाद में, सूरत की कोर्ट से राहुल गांधी को जमानत मिल गई। जिसके बाद कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया है। उन्होंने लिखाः ये मित्रकाल के विरुद्ध, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। इस संघर्ष में, सत्य मेरा अस्त्र है, और सत्य ही मेरा आसरा!

### सीबीआई ने रिश्वत मामले में अधिकारी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को जम्मू में एक मुख्य बागवानी अधिकारी और उनके एक सहयोगी को कथित रूप से 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारी की पहचान सरबजीत सिंह और उसके सहयोगी गोहर अहमद डार के रूप में हुई है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता की पोस्टिंग के लिए रिश्वत मांगने और पदोन्नति सहित उसके विभागीय मुद्दों को हल करने के आरोप में सिंह और अन्य के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था।

**अंबानी-अडाणी प्रकरण पर पवार ने कहा**

## हमें देश के प्रति उनके योगदान के बारे में सोचने की जरूरत

**एजेंसी। मुंबई**

राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने अडाणी मुद्दे पर जेपीसी के गठन की मांग को लेकर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कांग्रेस की ओर से बार-बार संसद में उठाई जा रही इस मांग से खुद को अलग करते हुए कहा कि इससे कुछ खास फायदा नहीं होगा। पवार ने आगे कहा कि उनकी पार्टी ने अडाणी मुद्दे पर जेपीसी का समर्थन किया, लेकिन मुझे लगता है कि जेपीसी पर सत्तासीन पार्टी का कब्जा रहेगा। इसलिए इससे सच्चाई सामने नहीं आ पाएगी। मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाला पैनल ज्यादा बेहतर तरीके से सच्चाई सामने ला सकता है। आज कल अंबानी-अडाणी का नाम सरकार की आलोचना के लिए इस्तेमाल होने लगा है, लेकिन हमें यह देश के लिए उनके योगदान के बारे में सोचना चाहिए। मुझे लगता है कि हमारे लिए बेरोजगारी, महंगाई और किसानों का मुद्दा ज्यादा अहम है। एनसीपी प्रमुख ने 2024 आम चुनाव से पहले विपक्षी दलों की एकता को लेकर भी अहम बयान दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने इस मुद्दे पर एक संयुक्त बैठक की, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

### लिट्टे को फिर से खड़ा कर रहे रैकेट का भंडाफोड़

# एनआईए ने चेन्नई में एक को पकड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहे भारत-श्रीलंका के अवैध ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करने वाले रैकेट पर छापेमारी की है। चेन्नई में संदिग्धों के कई स्थानों पर छापा मारकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने छापे के दौरान भारी मात्रा में नकदी, सोने के बिस्कुट, डिजिटल डिवाइस, ड्रग्स और दस्तावेज के साथ-साथ अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की। एजेंसी ने जुलाई 2022 में रैकेट की जांच शुरू की। अब तक एनआईए ने मामले में 14 गिरफ्तारियां की हैं। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में पूरे तमिलनाडु में 21 जगहों पर छापेमारी कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

मामले की जांच से पता चला है कि श्रीलंका में ड्रग्स और हथियारों तस्करी से होने वाली आय हवाला एजेंटों के माध्यम से भारत में प्राप्त हुई थी, इसमें चेन्नई का शाहिद अली भी शामिल था। यह भी पाया गया कि हवाला का लेन-देन मन्नदी, चेन्नई में स्थित होटलों और व्यवसायों के माध्यम से किया गया था। जब्ती में शाहिद अली की दुकान से 68 लाख रुपये भारतीय मुद्रा और 1,000 सिंगापुरी डॉलर, सोने के नौ बिस्कुट (कुल 300 ग्राम) शामिल हैं। एनआईए ने चेन्नई के होटल ऑरेंज पैलेस से भारतीय मुद्रा में 12 लाख रुपये भी बरामद किए। तलाशी के बाद गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान अय्यप्पन नंदू के रूप में हुई है। वह एक श्रीलंकाई शरणार्थी और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले मुहम्मद अस्मीन की ओर से नशीली दवाओं के व्यापार का प्रबंधन करता है। उसने ड्रग्स और हथियारों के व्यापार के माध्यम से लिट्टे को पुनर्जीवित करने के लिए अन्य अभियुक्तों के साथ साजिश रची।

## FILMY हलचल

### सलमान की फोटो पर बन रहे मजेदार मीम्स, फैंस बोले - 'ब्रदर टेरेसा'



**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान की जिम की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसे देख लोग जमकर मजे ले रहे हैं। इस फोटो में सलमान ब्लैक शॉर्ट्स, फिटेड टी-शर्ट और सिर पर वाइट कलर का हैंड टॉवल रखे हुए अपने क्वाड मसल्स फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'किसी का भाई किसी की जान' 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी' फोटो देख फैंस ने सलमान खान के साथ जमकर मजे लिए। एक फैन ने कमेंट किया, हू सेड ब्रदर टेरेसा। एक अन्य फैन ने कहा, भाई अब टेरेसा हैं, एक यूजर ने लिखा, सलमान टेरेसा खान। एक ने कहा, भाई 57 साल के है, लेकिन आज भी 30 साल से ज्यादा उम्र के नहीं लगते। एक मीम पेज ने तो सलमान के 'किसी का भाई किसी की जान' को 'कॉन्ज्यूरिंग' यूनिवर्स की नन से भी जोड़ दिया।



### रात भर जागकर कामाख्या मंदिर पहुंची प्रीति, शेयर किया वीडियो

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने फ्लाइट में देरी और पूरी रात जगने के बाद गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने कहा कि मंदिर में प्रवेश करते ही उन्हें सब कुछ सार्थक लगने लगा। प्रीति ने इंस्टाग्राम पर मंदिर एरिया में ली गई तस्वीरों और वीडियो को पोस्ट किया। वीडियो में प्रीति ने पिंक कलर का सूट पहना हुआ है और दुपट्टे से अपने सिर को ढका हुआ है, व फेस मास्क भी लगाया हुआ है। वीडियो में मंदिर और एक तालाब की झलक भी देखने को मिल रही है। उन्होंने कॉम्प्लेक्स के अंदर से कई सेल्फी लीं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखाः गुवाहाटी जाने का मेरा एक कारण प्रसिद्ध कामाख्या देवी मंदिर जाना था। मेरी फ्लाइट में भले ही कई घंटो की देरी हुई, मैं पूरी रात नहीं सोई, लेकिन जब मैंने मंदिर में प्रवेश की तो यह सब आसान लगने लगा, जब मैं वहां गई तो मुझे शांति महसूस हुई। प्रीति को हाल ही में चल रहे आईपीएल में देखा गया।

### शाहिद और कृति के अनटाइटल फिल्म का पोस्टर हुआ रिलीज

**शाहिद** कपूर और कृति सेनन की अनटाइटल अपकमिंग फिल्म की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है। मेकर्स ने इस मौके पर फिल्म का एक पोस्टर जारी किया। पोस्टर में शाहिद कपूर और कृति सेनन की नई जोड़ी समुद्र किनारे नजर आ रहे हैं। इसके अलावा डूबते सूरज का बैकग्राउंड है। दोनों बाइक पर बैठकर रोमांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये जोड़ी पहली बार पर्दे पर नजर आएगी। पोस्टर के अनुसार, अनटाइटल फिल्म अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसकी टैगलाइन 'एन इम्पॉसिबल लव स्टोरी' दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ा रही है। फिल्म को जियो स्टूडियोज और मैडॉक फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है।

### रवीना टंडन ने 'पद्मश्री' जीतने पर सवाल उठाने वालों को दिया करारा जवाब



**बॉलीवुड** अभिनेत्री रवीना टंडन को हाल ही में भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था। जिसके बाद अभिनेत्री को इंटरनेट यूजर्स के एक वर्ग ने जीत पर सवाल उठाते हुए ट्रोल किया। अब एक्ट्रेस ने ट्रोलर्स को जवाब देते हुए कहा है कि वह चुप्पी चुनेंगी, क्योंकि वह उन्हें कोई महत्व नहीं देना चाहतीं। ट्रोल्स पर पलटवार करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें 20 से कम फॉलोअर्स वाले लोगों की परवाह नहीं है क्योंकि वे अपने स्वयं के एजेंडे के साथ आते हैं। अभिनेत्री ने कहा कि मैं उन्हें कोई महत्व नहीं देना चाहती, क्योंकि उनका अपना एजेंडा है। अभिनेत्री ने आगे कहाः वे केवल ग्लैमर देखते हैं, वे हमारी कड़ी मेहनत और लंबे समय तक काम करते हुए नहीं देखते हैं।

**शुभारंभ** चेन्नई-कोयंबटूर के बीच चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

# पीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**एजेंसी। चेन्नई/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एमजीआर चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर एक समारोह में चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अन्य रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ भी किया। हैदराबाद में कार्यक्रमों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चेन्नई पहुंचे, जहां उनका स्वागत तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, मंत्रियों, सांसदों और अन्य गणमान्य लोगों ने किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने चेन्नई में रोड शो किया। इस दौरान बड़ी संख्या पर लोगों ने प्रधानमंत्री के काफिले पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु पहुंचने पर चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन (फेज-1) का उद्घाटन किया। इसे 1260 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। इस नए एकीकृत टर्मिनल भवन के जुड़ने से हवाईअड्डे की यात्री सेवा क्षमता 23 मिलियन यात्री प्रति वर्ष (एमपीपीए) से बढ़कर 30 एमपीपीए हो जाएगी। नया टर्मिनल स्थानीय तमिल संस्कृति का एक आकर्षक प्रतिबिंब है, जिसमें कोलम, साड़ी, मंदिर और अन्य घटक शामिल हैं, जो प्राकृतिक परिवेश को उजागर करते हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री ने एमजीआर चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस के अलावा तांबरम और सेनगोट्टई के बीच एक्सप्रेस सेवा को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही तिरुथुरईपूंडी-अगस्थियामपल्ली से डेमू सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे कोयम्बटूर, तिरुवरूर और नागापट्टिनम जिलों के यात्रियों को लाभ होगा।